# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

वर्ष 09 अंक 336
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शुक्रवार
13 सितंबर 2024
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं.-DL(S)-17/3531/2018-20





03 गणपति महोत्सव में ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या सीमित..
06 शिक्षक दिवस मात्र एक औपचारिकता! : डॉ. सुरेश गर्ग
11 विराट कोहली ने क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई: रिकी पोंटिंग








आनंद वहां नहीं जहां धन मिले, आनंद तो वहां है जहां मन मिले..!



Saurabh Shivhare


# माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी का निधन, पार्थिव शरीर एम्स को दान किया जायेगा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी का बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। येचुरी 72 वर्ष के थे। उनकी हालत पिछले कुछ दिन से गंभीर बनी हुई थी और उन्हें कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया था।

माकपा ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि येचुरी को यहां एम्स में कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया है। इसमें बताया गया था कि उनका श्वसन नली संक्रमण का उपचार किया जा रहा है। एम्स ने एक बयान में कहा कि येचुरी के परिवार ने शिक्षण और शोध उद्देश्यों के लिए उनका पार्थिव शरीर अस्पताल को दान कर दिया है।

माकपा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि माकपा के महासचिव, हमारे प्रिय कॉमरेड सीताराम येचुरी का आज 12 सितंबर को अपराह्न तीन बजकर तीन मिनट पर एम्स, नई दिल्ली में निधन हो गया। वह श्वसन नली के संक्रमण से पीड़ित थे, जिसके कारण जटिलताएं उत्पन्न हो गईं।' माकपा ने कहा, ''हम कॉमरेड येचुरी के बेहतरीन इलाज और उनकी देखभाल के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों और संस्थान के निदेशक को धन्यवाद देते हैं।'' माकपा ने एक बयान में कहा कि येचुरी का पार्थिव शरीर शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक पार्टी मुख्यालय में जनता के दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए रखा जाएगा। इसमें कहा गया है कि इसके बाद, पार्थिव शरीर को एम्स ले जाया जाएगा, जहां उनकी इच्छा के अनुसार इसे चिकित्सा शोध के लिए दान कर दिया जायेगा।

येचुरी को सीने में निमोनिया जैसे संक्रमण के उपचार के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि उनकी



हालत गंभीर थी और उन्हें 'ऑक्सीजन सपोर्ट' पर रखा गया था। सूत्रों ने बताया कि उनके फेफड़ों में फंगल संक्रमण हो गया था।


येचुरी के परिवार में उनकी पत्नी सीमा चिश्ती हैं, जो समाचार पोर्टल 'द वायर' की संपादक हैं। उनकी तीन संतान दो बेटे और एक बेटी हैं। उनके एक बेटे आशीष येचुरी का 2021 में कोविड-19 संक्रमण के कारण निधन हो गया था। उनकी बेटी अखिला येचुरी एडिनबर्ग विश्वविद्यालय और सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय में पढ़ाती हैं। येचुरी की शादी पहले इंद्राणी मजूमदार से हुई थी। अपने एक अंतिम वीडियो संदेश में येचुरी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि दी थी। गत 22 अगस्त को अस्पताल से रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में उन्होंने कहा था कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि वह श्रद्धांजलि सभा में व्यक्तिगत तौर पर शामिल नहीं हो सके और उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दे सके। राजनीति में उनका सफर 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) के सदस्य के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ से शुरू हुआ था। वह 1984 में माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य बने थे जबकि 1992 में पोलित ब्यूरो के लिए चुने गए। वह 2005 से 2017 तक 12 वर्ष राज्यसभा सदस्य रहे। वह 19 अप्रैल 2015 को विशाखापत्तनम में पार्टी के 21वें अधिवेशन में माकपा के पांचवें महासचिव बने और उन्होंने प्रकाश करात से उस समय पदभार संभाला था। उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के राजनीतिक मार्गदर्शकों से एक माना जाता था।

## वाम नेताओं ने येचुरी के निधन पर शोक जताया लोकतांत्रिक ताकतों के लिए बड़ा झटका बताया

नयी दिल्ली, (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बृहस्पतिवार को अपने महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसे वामपंथी, लोकतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए एक बड़ा झटका करार दिया। येचुरी का बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में ७२ वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। माकपा ने एक बयान में कहा, "माकपा का पोलित ब्यूरो १२ सितंबर, २०२४ को पार्टी के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है।" पार्टी ने उन्हें वामपंथी आंदोलन का एक उत्कृष्ट नेता और प्रसिद्ध मार्क्सवादी विचारक बताया। माकपा ने कहा, "हमारी राष्ट्रीय राजनीति के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर सीताराम येचुरी का असामयिक निधन माकपा के लिए एक बड़ा झटका है और वामपंथी, लोकतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए भी एक बड़ी क्षति है। पोलित ब्यूरो हमारे प्रिय सहयोगी को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।" बयान में कहा गया है, "पोलित ब्यूरो सभी पार्टी सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं से एकजुट होने और शोषण मुक्त समाज के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान करता है। यह उन्हें दी जाने वाली सबसे अच्छी श्रद्धांजलि होगी।"


RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)

SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## मस्जिद विवाद : मुस्लिम समिति ने नगर निगम से अवैध हिस्सा सील करने का आग्रह किया

**शिमला,** (शिमला) शिमला में संजौली मस्जिद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच स्थानीय मुस्लिम कल्याण समिति ने बृहस्पतिवार को नगर निगम आयुक्त से अनधिकृत हिस्से को सील करने का आग्रह किया और अदालत के आदेश के अनुसार इसे ध्वस्त करने की भी पेशकश की।

समिति में मस्जिद के इमाम और वक्फ बोर्ड तथा मस्जिद प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हैं। समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त भूपेंद्र अत्री को सौंपे एक ज्ञापन में यह अनुरोध किया और कहा कि इलाके में रहने वाले मुसलमान हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी हैं और समिति सद्भाव व भाईचारे को बनाए रखने के लिए यह कदम उठा रही है। कल्याण समिति के सदस्य मुफ्ती मोहम्मद शफी कासमी ने कहा, ''हमने संजौली में स्थित मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को गिराने के लिए शिमला नगर आयुक्त से अनुमति मांगी है।' संजौली मस्जिद के इमाम ने कहा, ''हम पर कोई दबाव नहीं है, हम दशकों से यहां रह रहे हैं और यह फैसला एक हिमाचली के तौर पर लिया गया है। हम शांति से रहना चाहते हैं और भाईचारा कायम रहना चाहिए।''ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए, अत्री ने कहा, 'मुस्लिम कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मामले का फैसला होने तक मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को सील करने का आग्रह किया।''

# हम हर भारतीय के लिए किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार हर भारतीय के लिए किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दिए जाने के बाद आया है।



मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम हर भारतीय के लिए सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में, मंत्रिमंडल ने आज 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे का और विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह योजना छह करोड़ नागरिकों की गरिमा, उनकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना, जिसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है, हरित गतिशीलता को बढ़ावा देगी और हमें एक टिकाऊ भविष्य बनाने में मदद करेगी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना से इस क्षेत्र में अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

मंत्रिमंडल ने बुधवार को इलेक्ट्रिक बस, एम्बुलेंस और ट्रक जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए 14,335 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें से पहली योजना 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएम ई-ड्राइव योजना है जबकि दूसरी 3,435 करोड़ रुपये के बजट वाली पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना है।

मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि जलविद्युत परियोजनाओं में कैबिनेट द्वारा स्वीकृत संशोधन से दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, ''इससे जल विद्युत विकास में तेजी आएगी, रोजगार सृजित होंगे और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।'' मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के बारे में मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इससे संपर्क सुविधा और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार होगा।

# संत विनोबा भावे देश के महान गांधीवादी, आजादी की लड़ाई के अग्रिम पंक्ति के नेता थे : ब्रजेश पाठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नोयडा से भेजा अपना संदेश
- संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती पर रामहरि समागम में शामिल हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और गुजरात के जयेश भाई





आचार्य विनोबा भावे भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उन्होने गरीब लोगों की सहायता के लिए अभियान चलाकर गरीबों के लिए भूमि का दान मांगने का अदभुत कार्य किया। विनोबा भावे ने आजादी से पहले भारत की जैसी कल्पना एवं परिकल्पना महात्मा गांधी ने की थी उसको धरातल पर उतरने का कार्य विनोब जी ने किया।

उक्त विचार विनोबा सेवा आश्रम बरतारा शाहजहाँपुर के ओपेन अहिंसा प्रेक्षाग्रह में विनोबा विचार प्रवाह द्वारा संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती पर रामहरि समागम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य के उपमुख्य मंत्री श्री बृजेष पाठक ने सैकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विनोबा जी भूदान पदयात्रा के माध्यम गांव-गांव पहुंचकर लोगों की भीड़ इक्टठा कर लोगों से बात करते थें उस समय माइक और स्टेज नहीं होते थे। फिर भी इस धरती पर कुछ ऐसे सन्त हुए है जो साधारण वस्त्र पहनकर भी समाज के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर देते है। गांव के लोगों को दान का महत्व समझाते हुए भूमि का छठा हिस्सा मांगते थे इस देष की जनता में ही ये ताकत थी कि रामदीन नाम के गरीब व्यक्ति ने आधा वीघा जमीन से लेकर राजा दरभंगा द्वारा एक लाख एकड़ जमीन का दान किया गया। जिसके फलस्वरूप सुई की नोक भर जमीन न मिलने वाले देष में 45 लाख एकड़ जमीन भूमिवानों द्वारा दी गई जो 15लाख से ज्यादा भूमिहीनों को वितरित भी भूदान यात्रा के दौरान की गयी।


श्री पाठक ने कहा कि विनोबा भावे ने गांधी जी के साथ मिलकर भारत देश को सुधारने का महान्तम कार्य किया। गांधीवादी संत विनोबा भावे के संदेश लोगों को आज भी प्रेरित करते हैं। विनोबा जी ने अपने कार्यों से हजारों लोगों का जीवन बदला यहां तक कि चमबल घाटी के 129 डांकुओं का आत्म समर्पण भी कराया। भारत के युवा आज भी विनोबा भावे के विचारों को अपनाकर जीवन में कई सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। मुझे कहते प्रसन्नता हो रही है कि इसी गांधी विनोबा की परम्परा को आगे बढ़ाने का काम जयेष भाई, रमेष भइया, विमला बहन, सुधीर भाई, कर रहे है। मुख्यमंत्री ने गांव गरीब और सेवाभाव की बात करते हुए कहा कि विनोबा भावे ने सेवा कार्य के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्हें हमेषा ही चिन्ता रहती थी। हमारे देष के गांव में खुषहाली कैसे आये उनका मनना था कि भारत गांव में बसता है।

समागम की अध्यक्षता करते हुए गांधी आश्रम अहमदाबाद के मुख्य ट्रस्टी श्री जयेष भाई पटेल ने कहा की विनोबा भावे का जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है। उन्होंने अपने बारे में बताया कि हम अपनी पत्नी अनारबेन के साथ इंग्लैड में रहते थे वहां पैसा बहुत था पर प्यार नहीं था, संसाधन बहुत थे, पर संतोष नहीं था। उनके पिता पद्मश्री ईष्वर भाई पटेल ने उन्हें स्वाच्छता का काम करने के लिए उन्हें भारत बुला लिया और 125 शौचालयों की सफाई हमकों सौपी तब हमें सेवाभाव का अर्थ समझ में आया।

अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेष कराते हुए, आश्रम की संरक्षक विमला बहन ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि गांधी आश्रम साबरमती विनोबा विनोबा आश्रम की तपोस्थली पर पहुंचा है, बाबा ने लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती का निर्माण करने, जननी माता, गो-माता, धरती माता की उपासना करने, बालक, बृद्व, विधवा, विकलांग, बीमार की सेवा करने का आषीर्वाद दिया था। जो 44 वर्ष में विनोबा सेवा आश्रम ने पूरा कर दिखाया है।

कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि सेवाधाम उज्जैन के प्रमुख श्री सुधीर भाई गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि विनोबा ने सेवा का जो पथ हमें दिखाया है उसी मार्ग पर चल कर हम जैसे छोटे लोग जन्म से लेकर मृत्यू शैया पर जाने वाले महारोगियों की सेवा का व्रत निर्वाह कर पा रहें है। विषिष्ट अतिथि पानी संस्थान अयोध्या के श्री भारत भूषण ने कहा कि विनोबा के सहयोगी धीरेन्द्र मजूमदार का आशीर्वाद लेकर गत चार दषक से धीरेन्द्र पुरी बना कर के महिला उत्थान का कार्य कर पा रहे है। विशिष्ट अतिथि श्री अजय पाण्ड़े संचालक राष्ट्रीय यूवा योजना ने कहा कि हम सबके अराध्य श्री सुब्बाराव भाई जी विनोबा जी के काम को पूरी दुनिया में कर रहे थे। उनका कार्य हम सब भी करेंगे। गांधी भवन लखनऊ के सचिव श्री लाल बहादुर राय ने कहा, कि प्रत्येक गांधी जयंती और गांधी जी की पुण्यतिथि के कार्यक्रमों में उपमुख्य मंत्री पूरे श्रद्वाभाव से आते हैं इसलिए वह हमारे परिवार के आदमी है। विषिष्ट अतिथि विनोबा गोसेवा सदन के अध्यक्ष श्री ओमकार मनीषी, विनोबा सेवा आश्रम इण्टर कालेज के अध्यक्ष श्री केषव चन्द्र मिश्रा, सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव को भी विनोबा विचार प्रसार हेतु अंगवस्त्र से मुख्यअतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। रामहरि समागम की परिकल्पना को बताते हुए विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेष भइया ने कहा विनायक से विनोबा, विनोबा भावे से विनोबा तथा जीवन के अंतिम बारह वर्ष विनोबा नाम का भी अहंकार छोड़ते हुए रामहरि हस्ताक्षर करना प्रारम्भ किया। उनके मन में प्रतिक्षण रामहरि का जाप चलता रहता था। विनोबा जितने अधिक अध्यात्मिक थे उतने ही बडे ग्राम स्वाराज्य, भूदान बाहय प्रयोग भी उन्होंने किये।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विनोबा सेवा आश्रम द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सचल संजीवनी चिकित्सा बैन - डा. संजीव कुमार चालक कमलेष प्रेमी तथा रिलायंस के सहयोग से सचल पैथालोजी लैब - टेक्नीषियन संतोष कुमार - चालक अलीहसन को हरी झंडी दिखाकर विनोबा जयंती से गांधी जयंती तक सेवा के लिए रवाना किया। विनोबा आश्रम में लगे सीतापुर नेत्र षिविर का निरिक्षण किया। गांधीजी एवं विनोबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विनोबा जीवन दर्षन वृहत प्रदर्षनी भवन का अनावरण कर जनता को समप्रित किया। भ्रमण के दौरान मुख्य अतिथि ने स्वाबलंबन समुहो द्वारा निर्मित सॉफ्ट टॉय, जलकुम्भी के बैग, तथा पिंकी सक्सेना द्वारा बने मिट्टी के फलों को देखा। माननीय राज्यपाल के आषीर्वाद से संचालित स्वाबलंबन भवन में सिलाई केन्द्र-फूलादेवी प्रषिक्षिका , कम्प्यूटर केन्द्र- इतसाम अली (अमन) प्रषिक्षक, वस्त्र एवं बुनाई केन्द्र -चन्द्रावती द्वारा संचालित भी देखा। अहिंसा पुस्तकालय में पुस्तकों को देखा और प्रभारी श्रीमती सीना शर्मा एवं श्री अखिलेष उपाध्याय को साधुवाद दिया। इस अवसर पर पर्यावरणीय स्वाच्छता संस्थान सुघड गांधी नगर गुजरात के श्री देवेन्द्र रमेंष भाई पारेक, ग्रामिण पुर्ननिर्माण संस्थान आजमगढ के श्री राजदेव चतुरवेदी, ग्रामकुंज विद्यापीठ के श्री धनंजय राय, जय जगत सेवा आश्रम जौनपुर के श्री अमित परमार और श्रीमति अलका पाण्ड़े जो ज्ञानस्थली का संचालन और सेवा कर रहीं है इसके अलावा उत्तर प्रदेश हरिजन सेवक संघ की कृमठ अध्यक्ष सुश्री कुसुम जौहरी को विनोबा जयंती के प्रतिस्ठित विनोबा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री अरविन्द सिंह विधायक ददरौल, श्री हरिप्रकाष वर्मा विधायक जलालाबाद, श्रीमती ममता यादव अध्यक्ष जिला पंचायत, पूर्व सदस्य विधान परिसद श्री संजय मिश्रा, श्री के.सी. मिश्रा भाजापा जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष षिल्पी गुप्ता, अधिकारियों में माननीय जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह, ए.डी.एम. संजय कुमार पाण्डे, उपजिलाधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र नाथ, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री प्रियांक जैन, जेल अधीक्षक श्री मिजाजी लाल, पुलिस टीम के प्रमुख को भी साल उडाकर मुख्य अतिथि श्री बृजेष पाठक उपमुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के कर कमलों से सम्मानित किया गया। समारोह में के श्री पवन पाण्डे.भाजापा नेता श्री उपेन्द्र पाल सिंह प्रतिस्ठित व्यावसायी श्री जय अग्रवाल, बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री अरविन्द मिश्रा, ताईक्वाडो के डा. पुनीत मनीषी, श्री पर्वत सिंह, श्री हरबंष सक्सेना, बरतारा श्री बीपी सिंह, रझौआ प्रधान श्री कल्लू सिंह, सिमरई प्रधान श्री प्रमोद कुमार, संराया श्री सुरेन्द्र पाल, छीतेपुर श्री मेवाराम, चकभिठारा श्री ओमेंन्द्र पाल, मोहद्दियापुर श्री रितेष सिंह, विनोबा सेवा आश्रम की सदस्य श्रीमती कमला सिंह एवं दिव्या श्रीवास्तव, श्रीमती मृदुला, श्रीमती पिंकी देवी, रीना देवी, वीरा सक्सेना, माधुरी, शषि, रवि, समर, जदुवीर, ममता सक्सेना ललिता, मिथिलेष यादव, वृद्वा आश्रम के प्रबंधक श्री ब्रम्हदेव, कौषल कुमार सक्सेना, प्रचार्य श्री श्यामपाल सिंह, श्री कृष्णपाल सिंह, श्री अरविन्द कुमार, श्री राजबहादुर, श्री दिनेष चन्द्र सक्सेना, श्री अकबर अली, हेल्प के अंकित मिश्रा, अरूण सिंह, श्री रोहित कुमार, श्री प्रियान्षू, मोरवेल आर्गेनिका के श्री राहुल मिश्रा, सुजीत सिंह, अर्पण पाण्ड़े, षिवा सक्सेना, जावेद अली, हरिकेष मौर्या, गजेन्द्र आर्या, विनोबा गो सेवा सदन के श्री अमर सिंह, स्वाबलम्बन के श्रह अकलाख खान, विनोबा विद्यापीठ के प्रचार्य श्री ओमपाल सिंह, हीरालाल, मुमताज, षिवाकान्त, राजभवन के रमेष सिंह, अनिल सिंह आदि ने भी विनोबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी का स्वागत मुदित कुमार ने आभार मोहित कुमार ने दिया। विनोबा जयंती के अवसर पर शोभित, षिवांगी द्वारा सजाये गये पांच विनोबा जनता के अकर्षण का केन्द्र रहें। अंत में सभी अन्नपूर्णा भोजनालय में विनोबा प्रसाद ग्रहण किया। महात्मा गांधी द्वारा 1932 में स्थापित संस्था हरिजन सेवक संघ दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव, विनोबा विचार प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक, राष्ट्रीय युवा योजना (भाई जी) के राष्ट्रीय सलाहकार श्री संजय राय ने सवेरे पांच बजे से आयोजित विनोबा जयंती कार्यक्रमों - प्रार्थना, सफाई श्रमदान, संगीत भजन तथा फैन्सी सो तथा रामहरि समागम समारोह का अति सुन्दर संचालन किया।

## ब्रीफ समाचार

## भारत की सामाजिक पृष्ठभूमि और प्राकृतिक छटा इसे अद्वितीय पर्यटन स्थल बनाती है

### 15वीं इंटरनेशनल कांग्रेस में बोलीं डॉ. अनुकृति शर्मा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- ट्यूरिज्म स्ट्रेटजी द रेस्ट ऑफ द वर्ड केन लर्न फ्रॉम इण्डिया विषय पर दिया व्याख्यान

**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर और कौशल विकास केन्द्र की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा ने जॉर्जिया में सोशल साइंस पर आयोजित 15वीं इंटरनैशनल कांग्रेस को संबोधित किया। वे बटुमी, जॉर्जिया में आयोजित कांग्रेस में अध्यक्षता करते हुए कीनोट स्पीकर के तौर पर बोलीं। डॉ. अनुकृति ने ट्यूरिज्म स्ट्रेटजी द रेस्ट ऑफ द वर्ड केन लर्न फ्रॉम इण्डिया विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं डॉ. अनुकृति के तीन स्कॉलर डॉ. श्रुति अरोड़ा, दीपक खत्री और ओम गुंजल ने पेपर प्रजेंटेशन दिया।

डॉ. अनुकृति ने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से भारत हमेशा से बेहतर स्थान रहा है। चीनी यात्री ह्वेनसांग इसका एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं। भारत ऐसा देश है जहां एक दिन की यात्रा में पूरा मौसम बदला हुआ पा सकते हैं। यहाँ घूमना किसी भी विकसित देश के मुकाबले काफी सस्ता है। इसके साथ ही भारत में कई तरह के कल्चर, फूड और वेशभूषा की विशेषता देखने को मिलेगी। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक...भारत और भारतीय लोग एक दूसरे से भिन्न हैं। प्राकृतिक आकर्षण भी दुनिया में लगभग अद्वितीय हैं। जिनमें प्राचीन वन, बर्फ से ढका हिमालय, पर्वतीय घास के मैदान, सुनहरे और सफेद रेगिस्तान, नदियाँ, झीलें, आर्द्रभूमि, मैंग्रोव, समुद्र तट, ज्वालामुखी और मूंगे शामिल हैं। इनमें जबरदस्त जैव विविधता है।

डॉ. अनुकृति ने कहा कि प्राकृतिक संपदा और विविधता के कारण भारत में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में दुनिया के विभिन्न हिस्सों से पर्यटकों को आकर्षित करने की उत्कृष्ट क्षमता है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, देश की भौगोलिक परिस्थितियाँ पर्यटन के अवसरों के विकास के संबंध में प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि भारत तेजी से अपने आप को पर्यटन के लिए विकसित कर रहा है। यही वजह है कि भारत की आर्थिक स्थिति में पर्यटन अच्छा खासा योगदान भी दे रहा है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में, भारत की अर्थव्यवस्था में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र का योगदान 15.7 ट्रिलियन रुपए था। वहीं इस साल के अंत तक ये 16.5 ट्रिलियन हो सकता है।

## दधीचि जयंती पर स्किन बैंक स्थापना हेतु संगोष्ठी

- युग दधीचि अब करेंगे अपनी त्वचा का भी दान
- सेंगर दम्पति के नाम पर होगा स्किन बैंक : प्राचार्य संजय काला
- शीघ्र ही सौ लोग लेंगे त्वचा दान की शपथ : मनोज सेंगर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कानपुर** दधीचि जयन्ती की पूर्व संध्या पर युग दधीचि देहदान संस्थान प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने कानपुर को एक अनूठी सौगात देने की रूपरेखा प्रस्तुत की. जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज के एल. टी. वन हॉल में उत्तर प्रदेश के प्रथम₹ स्किन बैंक₹ की मेडिकल कालेज में स्थापना हेतु प्राचार्य महोदय के साथ प्रमुख जनों ने गहन मन्त्रणा की, संगोष्ठी का उद्घाटन के जगत वीर सिंह द्रोण ने किया, उन्होंने प्रस्ताव को पूर्ण समर्थन व सहयोग का वचन दिया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. संजय काला ने कहा कि यह बैंक मेडिकल कालेज में उचित स्थान का चयन कर स्थापित किया जायेगा और इसका नाम करण सेंगर दम्पति के नाम पर होगा। स्किन बैंक की पहल करने वाले देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि इसमें दान की गई त्वचा तीन से पांच साल सुरक्षित रहती है त्वचा दान नेत्रदान की तरह ही आसान है और शरीर में कोई विकृति नहीं आती, मृत्यु के 6 घण्टे के भीतर त्वचा दान हो सकता है। सर्जरी विभाग से डॉ. प्रेमशंकर ने बताया कि जल जाने वाले मरीज संक्रमण के शिकार हो जाते हैं यदि उनके घाव पर त्वचा आरोपित हो जाये तो यह मरीज को जीवन दान जैसी होगी। डॉ. उमेश पालीवाल, डा. प्रदीप दीक्षित, पं. शेष नारायण त्रिवेदी पप्पूजी, एवं पं. विजय पाण्डेय 'पंडित उपवन ने भी संगोष्ठी में अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्किन बैंक कार्य योजना पत्रक का लोकार्पण भी किया गया यहाँ कालेज के चिकित्सक गण, छात्र छात्राओं सहित पं. सुमित मिश्र, ' रवि तिवारी, शान्तिभूषण, प्रकाश धवन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। आभार एनाटमी हेड डा. प्रमोद कुमार द्वारा एवं समापन शान्ति पाठ माधवी सेंगर द्वारा किया गया।

100 लोग लेंगे त्वचा दान शपथ, मनोज सेंगर ने बताया कि स्किन बैंक हेतु उन्होंने जमीनी स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दी है अगले चरण में शीघ्र ही 100 लोग त्वचा दान शपथ लेंगे। मा. मुख्य मंत्री जी को भी इस संदर्भ में पत्र भेजा गया है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कड़ा निर्देश, नियमों की अवहेलना पर होगी नियमानुसार सख्त कार्रवाई, पेड न्यूज पर भी होगी विशेष नजर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली,** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशार्नुसार उम्मीदवार व राजनीतिक दल विज्ञापन का प्रसारण एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के बिना नहीं कर सकेंगे। आयोग के नियमों की अवहेलना करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव को लेकर सभी जिलों और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियों (एमसीएमसी) का गठन किया हुआ है। यह कमेटी चुनाव से सम्बंधित सभी प्रकार के विज्ञापनों की अनुमति देगी और पेड न्यूज पर नजर भी रखेगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जारी किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों को संबंधित एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन की आवश्यकता होगी। सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टीवी चैनल, केबल नेटवर्क, रेडियो सहित निजी एफएम चैनल, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, फोन पर वॉयस मैसेज, बल्क एसएमएस और सोशल मीडिया व इंटरनेट वेबसाइटों में राजनीतिक विज्ञापन पूर्व प्रमाणन के दायरे में आएंगे।

### फर्जी खबरों को रोकने में मीडिया भी निभा सकता है सक्रिय भूमिका

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग व पेड न्यूज के मामलों को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर भी गठित टीमों द्वारा नजर रखी जा रही है।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे यह भी सुनिश्चित करें कि वे स्वयं या उनके समर्थक नफरत फैलाने वाले भाषणों व फर्जी खबरों में शामिल न हों, ताकि चुनाव का माहौल खराब न हो।

# श्रीश्री रविशंकर को टीएमयू डी.लिट की उपाधि से करेगा अलंकृत

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्पेशल कन्वोकेशन-2024 में दुनिया के जाने-माने आध्यात्मिक गुरू एवम आर्ट ऑफ लिविंग के फाउंडर श्रीश्री रविशंकर 16 सितंबर को आर्ट ऑफ लिविंग के वॉलंटियर्स के संग- संग यूनिवर्सिटी के 15 हजार स्टुडेंट्स से करेंगे संवाद, श्रीश्री युवान को देंगे सक्सेस, पॉजिटिव थिंकिंग, एनर्जेटिक और इनर साइट को इग्नाट करने के टिप्स

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**पदम विभूषण,** योग शिरोमणि, दुनिया के जाने-माने आध्यात्मिक गुरू, आर्ट ऑफ लिविंग एवम श्रीश्री यूनिवर्सिटी के फाउंडर, वसुधैव कुटुंबकम के प्रबल पैरोकार, श्रीमदभगवतगीता के मर्मज्ञ, शांतिदूत श्रीश्री रविशंकर का तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 16 सितंबर को मंगल आगमन होगा। यूनिवर्सिटी की ओर से पदम विभूषण श्रीश्री रविशंकर को डी.लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन करेंगे। गुरूदेव यूथ मीट कार्यक्रम के तहत आर्ट ऑफ लिविंग के वॉलंटियर्स के संग- संग यूनिवर्सिटी के 15 हजार स्टुडेंट्स से संवाद करेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग के फाउंडर श्रीश्री रविशंकर युवान को सक्सेस, पॉजिटिव थिंकिंग, एनर्जेटिक और इनर साइट को इग्नाट करने के तमाम टिप्स देंगे। पदम विभूषण श्रीश्री रविशंकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की धरा पर पहली बार आ रहे हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में दुनिया के जाने-माने आध्यात्मिक गुरू का साढ़े ग्यारह बजे आगमन होगा। श्रीश्री का यह आतिथ्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि एवम् एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की सोच का प्रतिफल है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन और मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन ने उम्मीद जताई, श्रीश्री के मंगल प्रवेश से हमारे हजारों स्टुडेंट्स में नई ऊर्जा का संचार होगा। टीएमयू को वर्ल्ड क्लास बनाने की सोच रखने वाले ईडी श्री अक्षत जैन कहते हैं, हमारी संस्कृति ही सारी दुनिया में हमें अलग पहचान देती है। भारतीय कला हो या फिर दर्शन, इन्हीं के जरिए आज हमारे देश की पहचान समूची दुनिया में है। बाहरी देश हमारी कला और संस्कृति को अपना रहे हैं। ऐसे में अपनी परम्परा को अपने देश और युवाओं के बीच में लाकर हम केवल अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं। इसी कड़ी में ही सुदर्शन क्रिया के रिसर्चर



श्रीश्री रविशंकर जी के आतिथ्य का हमें परम सौभाग्य मिला है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बताते हैं, टिमिट सोसायटी की ओर से संचालित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की स्थापना 14 सितंबर को हुई थी। यह हमारा परम सौभाग्य है, सोसायटी अब 24वें वर्ष में मंगल प्रवेश कर जाएगी।

आर्ट ऑफ लिविंग एवम् श्रीश्री यूनिवर्सिटी के फाउंडर श्रीश्री रविशंकर के शुभआगमन की तैयारियां युद्ध स्तर पर प्रारम्भ हो गई हैं। आर्ट ऑफ लिविंग की टीम टीएमयू कैंपस पहुंच चुकी है। टीम की गाइडलाइंस के मुताबिक ही तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से गुरूदेव का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। 16 सितंबर को 11:30 बजे टीएमयू कैंपस पहुचेंगे, जहां गर्मजोशी से उनका स्वागत किया जाएगा। एकेडमिक प्रोसेशन की प्रोसीडिंग प्रारम्भ होगी। अतिथियों के मंचासीन होने के बाद मां सरस्वती के समक्ष माल्यापर्ण करके दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन विशेष दीक्षांत समारोह के शुभारम्भ की विधिवत घोषणा करेंगे। वीसी प्रो. वीके जैन स्वागत भाषण देंगे। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा पदमविभूषण श्रीश्री रविशंकर को दी जाने वाली डी.लिट की मानद उपाधि के प्रशस्ति पत्र को पढ़ेंगे।

उल्लेखनीय है, देश की जानी-मानी हस्तियों ने बतौर अतिथि हमेशा नैक से ए ग्रेड दर्जा प्राप्त तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के हजारों-हजार छात्रों को अपने प्रकाश पुंज से प्रकाशित किया है। मिसाइल मैन एवम् भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवम्मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन केजी बालकृष्णनन, यूपी के तत्कालीन राज्यपाल श्री रामनाईक, हरियाणा के तत्कालीन राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी, यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री आदित्य नाथ योगी, केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी भी टीएमयू के स्टुडेंट्स को अपना आशीर्वचन दे चुके हैं। 140 एकड़ में आच्छादित यूनिवर्सिटी के इस विराट कैंपस में परमपूज्य गणिनी प्रमुखश्री ज्ञानमति माताजी, संतश्री आचार्य सुधांशु जी महाराज, आचार्य श्रीमद् विजय धर्म धुरंधर सुरिश्वर जी महाराज साहेब कैंपस में ज्ञान की गंगा बहा चुके हैं।

बॉलीवुड के मशहूर संगीतकार एवम् गायक श्री रविन्द्र जैन, जाने-माने पार्श्व गायक सोनू निगम, शान गुरू रंधावा, अमाल मलिक, अरमान मलिक, श्री सुखविंदर सिंह, श्री तलत अजीज सरीखे नामचीन सिंगर्स न केवल अपने फनों से स्टुडेंट्स का दिल जीत चुके हैं, बल्कि कोविड-19 में कोरोना पीड़ितों की वर्चुअली हौसलाफजाई भी कर चुके हैं।

## युद्धवीर सिंह प्रदेश भाजपा द्वारा सम्मानित




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष सत शर्मा ने बुधवार को युद्धवीर सिंह चरक को सम्मानित किया, जिन्हें बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए चुना है।

आज शाम भाजपा मीडिया सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रवक्ता अरुण गुप्ता (मीडिया सेंटर प्रभारी), अभिजीत सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राकेश शर्मा, वाईवी शर्मा, डॉ. ताहिर चौधरी, बलबीर राम रत्तन और भाजपा जम्मू-कश्मीर मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप महोत्रा ने भी युद्धवीर चरक को सम्मानित किया। सत ने कहा कि युद्धवीर सिंह चरक के भारतीय टीम में चयन के बाद जम्मू-कश्मीर में खुशी का माहौल है और हमें उन पर गर्व भी है।

युद्धवीर जम्मू के रूप नगर के रहने वाले हैं और आईपीएल का भी हिस्सा रह चुके हैं। सत ने कहा, हमें यानि पूरे जम्मू के लोगों को युद्धवीर पर गर्व है और हम उन्हें क्रिकेट करियर में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## कोटा में स्टूडेंटो को मिल रहा परिवार जैसा माहौल

### गणेश महोत्सव की धूम, चंबल हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से डॉक्टर गणेश दे रहे विभिन्न संदेश

कश्यप कोट की खबर



**कोटा।** डॉक्टर गणेश महोत्सव के सेहत प्रतिदिन गणेश महोत्सव में महा आरती का आयोजन किया जा रहा है बुधवार को महा आरती के दौरान सुनीता डागा उपयुक्त वाणिज्यकर विभाग कोटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर सुनीता डागा ने प्रथम पूजनीय गणेश भगवान की पूजा अर्चना की और महा आरती की।

इस दौरान वहां उपस्थित हजारों की संख्या में कोचिंग स्टूडेंटों को संबोधित करते हुए सुनीता डागा ने कहा कि कोटा जैसा माहौल पूरे देश भर में नहीं है, यहां पर प्रत्येक बच्चे को परिवार जैसा माहौल देने का प्रयास किया जाता है।

उनकी शिक्षा से लेकर चिकित्सा और अन्य सुविधाओं पर प्रशासन से लेकर हर स्वयंसेवी संस्था मदद को तैयार रहती है। चंबल हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि गणपति के नियमित पूजा अर्चना की जा रही है स्टूडेंट को मोटिवेट किया जा रहा है, उन्हें परिवार सा माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव सतप्रीत सिंह ने कहां की चंबल हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा निरंतर हर पर्व को मना कर कोचिंग स्टूडेंट को खुशनुमा माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष चंबल हॉस्टल एसोसिएशन विश्वनाथ शर्मा, दिग्विजय शुक्ला , अर्जुन सिंह , राजेश कटारिया, जितेंद्र पारीक, विजय महेश्वरी , कमलकांत मित्तल ,, सोहन सिंह, श्रीलाल नागर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# क्या विश्वभाषा बनेगी हिंदी



डॉ. लक्ष्मी

**भाषा** मनुष्य के लिए ईश्वर का सर्वोतम वरदान व अप्रतिम उपलब्धि है । अपने आविर्भाव से लेकर आज तक हिंदी निरंतर जनभाषा के रूप में स्थापित रही है। वह सत्ता की नहीं अपितु जनता की भाषा है,वह भावों और विचारों की संवाहिका होने के साथ सांस्कृ-तिक-संपदा की संरक्षिका भी है। समाज का अनुभव एवं चिंतन भाषा की अजस्त्र धार में प्रवाहित व हस्तांतरित होता रहा है। जिस कारण भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं है अपितु अपने व्यवहार पक्ष में मानवीय चरित्र की प्रामाणिक प्रस्तुति भी होती है।

हिन्दी भाषा एवं साहित्य का इतिहास लगभग ग्यारह सौ वर्ष पुराना है। इन ग्यारह सौ वर्षों में हिन्दी भाषा ने निरंतर परिष्कृत एवं परिमार्जित होते हुए अनेकानेक आयामों को प्राप्त किया । वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी प्रयोक्ताओं के साथ- साथ अहिन्दी भाषी क्षेत्रों व वैश्वीक संदर्भों में जहाँ शनै- शनै हिन्दी भाषा-भाषियों की संख्या निरंतर बढ़ती चली गई। उसी क्रम में समेकित संस्कृति ने, राष्ट्रीय एकता ने ,व्यवसाय तथा बाजार ने हिन्दी भाषी क्षेत्रों ,राज्यों व भौगोलिक सीमाओं को पार कर वैश्विक क्षितिज पर हिन्दी भाषा का विस्तार किया ।

हिंदी का वर्तमान स्वरूप इतना व्यापक है कि यह विश्व के लगभग 100 से अधिक देशों के महाविद्यालयों ,विश्वविद्यालयों में किसी न किसी रूप में पढ़ाई जाती है ।केंद्रीय हिंदी संस्थान ,आगरा व भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की विभिन्न पीठों एवं देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के माध्यम से दुनिया भर के हजारों छात्र प्रतिवर्ष किसी न किसी स्तर पर हिंदी का अध्ययन कर रहे हैं ।किंतु वैश्वीकरण की प्रक्रिया में कुछ विद्वानों ने विश्व संचार की कृत्रिम भाषा को गढने का प्रयास किया है। ग्लोबल जैसी भाषा की चर्चा इसी प्रसंग में खड़ी हुई है। दुनिया की भाषाओं के शब्द और स्वरूप के समन्वय के आधार पर इंटरनेट के अनुरूप संचार भाषा की फलश्रुति है ग्लोबलिस्ट। किंतु विडंबना है कि भाषा कुछ व्यक्तियों के प्रश्नों के आधार पर गढ़ी नहीं जा सकती ।भाषा तो जनता की जुबान पर गढ़ी जाती है। भाषा के विकास की असली ताकत उसके स्वाभाविक प्रयोगकताओं पर निर्भर है ।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या हिंदी विश्व भाषा के पद पर प्रतिष्ठित हो सकती है ! इस तथ्य की परिकल्पना निम्न तथ्यों के आधार पर की जा सकती है कि कोई भी भाषा विश्व भाषा कहलाने की अधिकारणी अनेक कारणों से हो सकती है; प्रथम उसके बोलने वालों की संख्या में व्यापकता ।जो भाषा दुनिया के अधिकांश देशों में संवाद का माध्यम बनकर उनके द्वारा बिना संकोच के प्रयोग हो। दूसरे, जिस भाषा में वैश्विक संवेदन की अभिव्यक्ति हो एवं जो ज्ञान-विज्ञान के विविध आयामों को अभिव्यक्त करने में समर्थ हो ।इसके अतिरिक्त जो भाषा अपने समृद्ध साहित्य से अपनी भौगोलिक सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए अन्य भाषा -भाषियों के भाव संवेदन के साथ सेतु बन सके अर्थात व्यापकता के स्तर पर जिस भाषा का साहित्य अन्य भाषाओं में पर्याप्त रूप से अनुदित हो और दूसरी भाषा के साहित्य को स्वीकार करने की क्षमता जिसमें निहित हो । वर्तमान संदर्भ में हिंदी अपनी प्रासंगिकता और व्यापकता के कारण वैश्वीकरण और विश्व ग्राम की चर्चा में प्रथम पायदान पर अवस्थित है। वैश्वीकरण के युग में सांस्कृतिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया अति आवश्यक है। डिजिटल युग के अंतर्गत विभिन्न भाषाओं के मध्य यह भविष्यवाणी की जा रही है कि डिजिटल संसार में तीन भाषाओं का ही वर्चस्व होगा अंग्रेजी ,चीनी और हिंदी। डिजिटल युग के अंतर्गत भाषा का आधिपत्य निश्चित ही भाषा के महत्त्व को स्वतः स्थापित करता है ।

वैश्विक पटल पर हिंदी भाषा की अभिव्यक्ति और प्रसार का व्यावहारिक प्रयास विश्व हिंदी सम्मेलनों के रूप में प्रत्यक्षीकृत है। जिसका आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुंबकम में निहित है और यही हिंदी भाषा के विश्व भारती होने का कारण और उद्देश्य दोनों ही है। जिस भाषा का आदर्श समस्त विश्व को अपना परिवार मानता हो तो यह स्वाभाविक है कि वह भाषा भारत तक सीमित न रहकर संपूर्ण विश्व के कोने-कोने तक निरंतर प्रवाहमान होकर वैश्विक भाषा के रूप में गौरवान्वित होगी। हिंदी भाषा की इस आदर्श गरिमा में मानवीय संस्कृति के प्रति अगाध आस्था और विश्वास ही उसे विदेशियों की हृदय में अपना स्थान बनाने के लिए बाध्य करता है और विश्व में हिंदी भाषा के अध्ययन की पृष्ठभूमि का सशक्त आधार तैयार करता है। ऐसे में जब भाषा एक ही भाषा परिवार से संबंधित हो तो भाषा के प्रति रुचि और आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है।

वर्तमान शोध के अनुसार अमेरिका में अंग्रेजी मुख्य भाषा तत्पश्चात स्पेनिश और तृतीय भाषा के रूप में हिंदी स्थापित है।अमरीकी सरकार वहां अन्य विदेशी भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी को भी बढावा दे रही है। वहां के हावर्ड, स्टैनफर्ड व कोलंबिया जैसे विश्वविद्यालयों में सर्वप्रथम संस्कृत तत्पश्चात हिन्दी की व्यवस्था की गई ।अमेरिका में लगभग 2 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं ;जो हमारी नई पीढ़ी को हिंदी के रूप में वहाँ आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अर्मेनिया में मानवतावादी संस्थान द्वारा प्रकाशित त्रिभाषी हिंदी शब्दकोश अति महत्वपूर्ण है । जिसमें अर्मेनियन, रुसी और हिंदी भाषा में शब्दार्थ लिए गए हैं। जो हिंदी पढ़ने वाले अर्मेनियन विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी हैं।अर्मेनिया की राजधानी येरेवान में स्थित ह्ययूरेवान स्टेट सोशल साइंस एंड लिंग्विस्टिक विश्वविद्यालयह्न में स्नातक स्तर पर हिंदी भाषा के अध्ययन की व्यवस्था की गई है । येरेवान स्टेट विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल पॉलिटिक्स विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थी भारतीय राज दूतावास में हिंदी भाषा अध्ययन के लिए आते हैं ।जबकि ऑस्ट्रेलिया ,इंडोनेशिया ,मलेशिया और कंबोडिया आदि देशों में हिंदी ,संस्कृत सामाजिक प्रेरणा प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलिया में लगभग 80 हजार हिंदी भाषा -भाषी निवास कर रहे हैं। मेलबर्न के हिंदी निकेतन में प्रति वर्ष हिंदी करने वाले छात्रों को सम्मानित कर उन्हें हिंदी भाषा के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है ।सिडनी में हिंदी समाज की स्थापना 1981 में हुई। जिसका उद्देश्य हिंदी भाषा ,साहित्य व संस्कृति को बढ़ावा देना है।नब्बे के दशक में ऑस्ट्रेलिया के विविध शहरों में हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार- प्रसार के लिए कई संस्थाएं स्थापित हुई। यहां का आर्य समाज हिंदी शिक्षण को बढावा देने के लिए अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है।जो ह्यआर्य ऑस्ट्रेलियाह्न शीर्षक से हिंदी वार्षिक पत्रिका का संपादन कर रहा है । इटली के ओरिएंट विश्वविद्यालय में आज अनेक विद्यार्थी व्याकरण के अतिरिक्त इटैलियन में हिंदी साहित्य का इतिहास पढ़ रहे हैं । यहां के विश्वविद्यालयों में लगभग बीस वर्षों से अनवरत प्रेमचंद के गोदान एवं रेणू के उपन्यास मैला आंचल का अध्ययन -अध्यापन जारी है ।

कनाडा व मारीशस में हिंदी भाषा का सर्वाधिक प्रचार- प्रसार हुआ ।जिस कारण कनाडा के ओंटैरियो प्रांत की सरकार ने 1966 में हेरिटेज- लैंग्वेज -प्रोग्राम की स्थापना करके हिंदी को गैर -शासकीय भाषा के रूप में विविध विद्यालयों व केन्द्रों में पढ़ने पढ़ाने की अनुमति प्रदान की ।वर्तमान में कनाडा हिंदी के क्षेत्र में अग्रणी है ।जापान के साथ भारत के ऐतिहासिक/सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। भारत के प्रचलित बौद्ध धर्म ने चीन और कोरिया मार्ग के माध्यम से यहाँ विस्तार पाया।जापान फाऊंडेशन एशिया सेंटर जैसी सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़ी संस्थाएं समय-समय पर भारतीय कला ,साहित्य व संस्कृति संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती हैं।जिनमें हिंदी के लेखकों, समालोचकों ,पत्रकारों व नाट्य विशेषज्ञों को सहर्ष आमंत्रित किया जाता है। थाईलैंड में हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में कई विशिष्ट व्यक्ति एवं संस्थाएं अपना योगदान दे रही हैं। वर्तमान में थाई भारत संस्कृत आश्रम, मॉडर्न नेशनल इंटरनेशनल स्कूल, बैंकॉक इंटरनेशनल पायनियर स्कूल ,ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल आदि सभी मिलकर थाईलैंड में हिंदी के प्रचार-प्रसार और उसके भविष्य को सुधारने व संवारने का स्तुत्य प्रयास कर रहे हैं। जहाँ भारतीय सरकार की ओर से निरंतर वित्तीय सहायता का योगदान भी प्रदान किया जा रहा है। तो वहीं नॉर्वे में नॉर्वे साहित्य का प्रचुर मात्रा में हिंदी अनुवाद हो रहा है।

जब हम तकनीकि के क्षेत्र में हिंदी की परिचर्चा करते हैं, तब यह स्पष्ट होता है कि सिलिकन वैली में हिंदी का वर्चस्व है। यूनिकोड आते ही हिंदी प्रयोगकताओं की संख्या दुनिया के तीसरे स्थान पर आ गई है । जिस कारण वैश्विक संदर्भ में विश्व मंच पर हिंदी व भारत के प्रति लोगों की रुचि बढी है ।विश्व के अधिकांश देशों में

ज्ञान- विज्ञान की एक नयी शाखा ह्यभारत विद्याह्न ( क्ल्लङ्क्ष्ि'ड्ड्र८) प्रचलन में आई है ' विश्व के बहुत से गैर अहिंदी भाषी लोग भारतीय संस्कृति और भारतीय भाषाओं के अध्ययन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस क्रम में अन्य देशों में हिंदी का तेजी से विस्तार हो रहा है। आज दुनिया के 46 देशों में शिक्षा संस्थानों के अंतर्गत हिंदी की सुविधा है ।जिनमें मॉरीशस ,सूरीनाम, फिजी, गयाना ,त्रिनिडाड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल व भूटान आदि विभिन्न देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी के पाठ्यक्रम की सुविधा सुचारू रूप से चल रही है और लगभग इन सभी देशों में समाज के एक बडे वर्ग में कामकाज की भाषा हिंदी है ।इसके साथ ही सूचना व जनसंचार के पोर्टल व साइट के माध्यम से इंटरनेट पर हिंदी विस्तार पा रही है ।जिसमें यूनिकोड की व्यवस्था ने सूचनातंत्र पर हिंदी भाषा की भौगोलिक सीमाओं को ध्वस्त करते हुए विश्व पटल पर हिंदी की उपादेयता को और भी अधिक सिद्ध किया है ।जबकि तकनीकी विशेषज्ञों ने व्याकरण की वैज्ञानिकता की दृष्टि से संगणक के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त भाषा संस्कृत के लेखन के लिए देवनागरी लिपि को स्वीकार किया है।

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने युग में हिंदी की बढ़ती शक्ति को लक्ष्य कर उसके भावी विकास की स्वर्णिम संभावनाएँ व्यक्त की थीं। किन्तु भारत में शासन स्तर पर राष्ट्रभाषा घोषित न होने के बावजूद भी वह प्रबुद्ध भारतीयों की दृष्टि में भारत की राष्ट्रभाषा ही है।सन् 1962 में विश्वासघाती चीनी आक्रमण ने जब हमारे अखंड आत्मविश्वास की प्रचंड लौ को कंपकंपाने का प्रयास किया था उस समय कवि प्रदीप ने हिंदी में ही 'ऐ मेरे वतन के लोगों ' गीत की संरचना कर हमारी चेतना और अस्मिता को इस प्रकार झकझोरा कि वह आज भी हमारी नसों में निरंतर स्पंदित हो रहा है। जो इस बात का प्रतीक है कि हिंदी भाषा सद्भावना और समरसता की भाषा है। यह तो वह 'बहता नीर है', जहां किसी भी भाषा का कोई भी शब्द इसके साथ बहना चाहे तो यह उसे कंठ से लगा लेती है। अस्तु, वर्तमान में विश्व परिदृश्य पर हिंदी की उपादेयता स्वयमेव सिद्ध है। आज आवश्यकता इस बात है कि हम सब समवेद रूप में विधि- विज्ञान , वाणिज्य व नयी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी के स्वरूप को समझने का प्रयास करें और हिंदी की विकास यात्रा में सम्मिलित हो ताकि विभिन्न प्रतिमानों व निष्कर्षों से निकलकर हिंदी वैश्विक परिदृश्य पर पूर्णतः स्थापित हो सके।

# प्रधानमंत्री मोदी के सीजेआई के आवास पर गणेश पूजा में शामिल होने पर विवाद, भाजपा ने साधा विपक्ष पर निशाना



नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने को लेकर पैदा विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को 'लापरवाही भरा' बताया और कहा कि शीर्ष अदालत पर 'निराधार आक्षेप' लगाना एक खतरनाक मिसाल पेश करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को यहां सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा में भाग लिया था। इस समारोह से संबंधित एक वीडियो में चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास अपने घर पर मोदी का स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीजेआई के आवास पर मोदी के पूजा में शामिल होने पर विपक्ष के कई नेताओं और उच्चतम न्यायालय के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आश्चर्य जताया कि सीजेआई के आवास पर एक धार्मिक आयोजन में प्रधानमंत्री के भाग लेने पर भी कुछ लोग राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इफ्तार पार्टी का आयोजन करते थे तो क्या उसमें प्रधान न्यायाधीश नहीं आते थे? उन्होंने कहा, ''जब इफ्तार पार्टी में चीफ जस्टिस और प्रधानमंत्री बैठ सकते हैं, गुफ्तगू कर सकते हैं, एक टेबल पर बैठकर जब दोनों की बात हो सकती है... वह भी एक त्यौहार है, यह भी एक त्यौहार है। दोनों त्योहारों के बीच यह अंतर क्यों?''

पात्रा ने कहा कि यह आपत्ति दोनों के मिलने से नहीं है बल्कि गणपति पूजा से है। उन्होंने कहा, ''कुछ मूर्खतापूर्ण, बिके हुए, तथाकथित धर्मनिरपेक्ष हैं जो इस तरह की शिष्टाचार मुलाकातों पर आपत्ति करते हैं। लेकिन इस महान लोकतंत्र की परिपक्वता इतनी व्यापक है जो इस प्रकार की 'अपरिपक्व और बचकानी' बातों को अस्वीकार करता है। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि जब 'संविधान के रक्षक नेताओं से मिलते हैं' तो लोगों के मन में संदेह पैदा होता है। इसके साथ ही उन्होंने यह मांग उठायी कि सीजेआई को शिवसेना और राकांपा विधायकों से संबंधित अयोग्यता याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए।

राउत ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, ''भारत के प्रधान न्यायाधीश को खुद को मामलों की सुनवाई से अलग कर लेना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ उनके संबंध सामने आ चुके हैं। क्या व हमें न्याय दे सकते हैं?'' शिव सेना (यूबीटी) और एकनाथ शिंदे नीत शिव सेना कानूनी विवाद में उलझे हुए हैं और बाल ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी में विभाजन के बाद यह मामला उच्चतम न्यायालय में है।

वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से समझौता किया है। उन्होंने कहा, ''मुख्य न्यायाधीश की स्वतंत्रता पर से सारा भरोसा उठ गया।'' उन्होंने कहा, ''एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन) को कार्यपालिका से सीजेआई की स्वतंत्रता से सार्वजनिक रूप से किए गए समझौते की निंदा करनी चाहिए।'' पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया, ''आप क्या चाहते हैं? क्या लोकतंत्र के अलग-अलग खंभें मिल नहीं सकते? क्या वे दोस्त नहीं हो सकते? क्या उन्हें दुश्मन होना चाहिए? क्या उन्हें एक-दूसरे से बातचीत नहीं करनी चाहिए? क्या उन्हें एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाना चाहिए? क्या उन्हें एक दूसरे के प्रति सम्मान नहीं रखना चाहिए?'' उन्होंने कहा, ''सीजेआई और भारत के प्रधानमंत्री का एक दूसरे के प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिए? क्या एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराना नहीं चाहिए? क्या एक-दूसरे के प्रति सद्भाव नहीं होना चाहिए? यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। तभी तो हम दूसरे राष्ट्रों से अच्छे हैं। जिन राष्ट्रों में लोकतंत्र नहीं है, उनमें किस प्रकार का व्यवहार न्यायपालिका के साथ किया जाता है और हमारे हमारे देश में काम करते समय अलग व्यवहार और काम से अलहदा उससे अलग हटकर, अलग व्यवहार। यही लोकतंत्र की खूबसूरती होती है।'' पात्रा ने कहा कि उन्हें आश्चर्य होता है कि सीजेआई से देश के प्रधानमंत्री मिलते हैं तो उस पर आपत्ति जताई जाती है लेकिन अमेरिका में भारत विरोधी इल्हान उमर से मुलाकात से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर से जवाब मांगा




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें अदालत में कथित रूप से झूठा बयान और हलफनामा देने के लिए उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने यूपीएससी की अर्जी पर खेडकर को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर के लिए तय की। यूपीएससी ने दलील दी कि 31 जुलाई को जिस आदेश के जरिए खेडकर की उम्मीदवारी रद्द की गई थी, उसी दिन उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर इस बाबत सूचित किया गया था।

इसने कहा कि यह वही ईमेल आईडी थी, जो सिविल सेवा कार्यक्रम (सीएसपी) 2022 के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत थी। यूपीएससी ने दावा किया कि खेडकर ने अदालत में झूठा बयान दिया कि उन्हें आदेश उपलब्ध नहीं कराया गया और उन्हें यूपीएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ही इसके बारे में पता चला।

यूपीएससी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि पूर्व अधिकारी ने अपने वकीलों को भी गलत जानकारी दी थी और खेडकर अच्छी तरह जानती थीं कि वह शपथ लेकर झूठा बयान दे रही हैं, फिर भी उन्होंने जानबूझकर ऐसा किया।

याचिका में कहा गया, ''अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए झूठे बयान पेश करना एक बहुत ही गंभीर अपराध है, तथा यह विधि व्यवस्था की बुनियाद को कमजोर करता है।''

# दिल्ली के मयूर विहार से 26 बाल मजदूरों को बचाया गया

नयी दिल्ली, (भाषा) पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने बृहस्पतिवार को वर्कशॉप और कारखानों समेत आठ स्थानों पर छापेमारी कर 26 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक बच्चे अत्यधिक विष परिस्थितियों में काम करते मिले। बयान दर्ज करने के लिए उन्हें शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मयूर विहार के उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) संजय कुमार ने बताया कि मयूर विहार के कोंडली और घड़ोली इलाकों में छापे मारे गए, जहां नौ से 14 वर्ष की आयु के 26 बच्चे आठ अलग-अलग स्थानों पर "कठोर कामकाजी परिस्थितियों" में काम करते मिले तथा उन्हें रहने के लिए ठीक जगह भी नहीं दी हुई थी।

उन्होंने बताया, "प्रशासन को सूचना मिली थी कि कोंडली व घड़ोली में बच्चों से मजदूरी करवाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लिया गया। प्रशासन ने पुलिस, बचपन बचाओं आंदोलन, श्रम विभाग, बाल समिति के अधिकारियों के साथ बैठक की।"

# 'आप' को केजरीवाल की रिहाई की उम्मीद, आज उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार: राघव चड्ढा



नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा है कि उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को लेकर उम्मीद है और वे उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

चड्ढा ने पांच अक्टूबर को विधानसभा चुनावों में 'आप' को चुनने के लिए मतदाताओं से अपील भी की। वह बृहस्पतिवार को हरियाणा में थे।

उच्चतम न्यायालय आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा।

इनमें से एक याचिका में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है, जबकि दूसरी याचिका उन्होंने जमानत से इनकार किये जाने के फैसले के खिलाफ दायर की है।

शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर मौजूद 13 सितंबर की वाद सूची के मुताबिक, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ दोनों याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी।

चड्ढा ने संवाददाताओं को बताया, "हमें बहुत उम्मीद है। हम कल (शुक्रवार) का इंतजार कर रहे हैं।"

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने पांच सितंबर को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पीठ में न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां भी शामिल हैं। सीबीआई ने 'आप' प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था।

# विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली में स्मृति ईरानी की सक्रियता ने भाजपा में हलचल बढ़ाई

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गतिविधियों में अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी की बढ़ती भागीदारी से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय राजधानी की राजनीति में उनकी संभावित ''भूमिका'' को लेकर पार्टी की स्थानीय इकाई में हलचल बढ़ गई है।

दिल्ली में जन्मी और यहीं पर पली-बढ़ी पूर्व केंद्रीय मंत्री राजधानी में पार्टी के सदस्यता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होती नजर आ रही हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि उन्हें दिल्ली में 14 जिला इकाइयों में से सात में सदस्यता अभियान की ''देखरेख'' का जिम्मा सौंपा गया है। पार्टी के अंदरुनी सूत्रों ने यह भी दावा किया कि ईरानी ने दक्षिण दिल्ली में एक घर खरीदा है जो राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की गतिविधियों में उनकी आगे की बढ़ती भागीदारी का संकेत देता है।

# कोचिंग सेंटर में मौतों का मामला: दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई से जलभराव का कारण बताने को कहा



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से पूछा कि 27 जुलाई को 'ओल्ड राजेंद्र नगर' में भारी जलभराव का क्या कारण था, जहां सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई।

बेसमेंट के सह-मालिकों- परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह- ने पिछले महीने इस आधार पर जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था कि वे केवल उस बेसमेंट के मालिक हैं, जिसे कोचिंग सेंटर को किराये पर दिया गया था और इसलिए, दुर्भाग्यपूर्ण घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जेल में बंद बेसमेंट के सह-मालिकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा, ''उस दिन (भारी जलभराव का) क्या कारण था? दिल्ली में भारी बारिश हुई। उस दिन इतना जलभराव क्यों था? क्या यह बारिश की वजह से था या कुछ और वजह रही।'' पीठ ने जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सीबीआई से इलाके में जलभराव का कारण, घटना के दिन हुई बारिश की मात्रा के साथ-साथ सड़क के पानी को ''अवरुद्ध'' करने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर भारी गेट लगाने के पहलू पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

मध्य दिल्ली के 'ओल्ड राजेंद्र नगर' में 27 जुलाई की शाम को भारी बारिश के बाद 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई थी।

चारों आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने अपनी दलील में कहा, ''मैं (याचिकाकर्ता) हिरासत में हूं। मैंने बहुत कुछ सहा है। कृपया विचार करें... इस समय, मैं केवल रिहाई की मांग कर रहा हूं। मैं मुकदमे का सामना करूंगा।''जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और गवाहों के बयान दर्ज किए जाने तक कोई राहत नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि वे प्रभावित हो सकते हैं।

पीठ द्वारा पूछे जाने पर सीबीआई के वकील ने कहा कि मौजूदा आरोपियों के खिलाफ 10 दिनों में आरोप-पत्र दाखिल किए जाने की उम्मीद है।

# आबकारी घोटाला: दिल्ली की अदालत ने दी 'बिचौलिए' विनोद चौहान को जमानत



दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में 'बिचौलिये' विनोद चौहान को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने चौहान को राहत प्रदान की।

चौहान पर गोवा में आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए उसे 'साउथ ग्रुप' द्वारा दी गई कथित रिश्वत के नकद पैसे को हस्तांतरित करने का आरोप है। चौहान को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चौहान को मई में गिरफ्तार किया था। ईडी ने 28 जून को इस मामले में चौहान के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। चौहान इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले 18वें व्यक्ति थे। इस मामले में संघीय एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, 'आप' सांसद संजय सिंह, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता, कई शराब व्यवसायी और अन्य को भी हिरासत में लिया था। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में अदालत के समक्ष प्रस्तुत आधिकारिक दस्तावेज में मामले में चौहान की कथित भूमिका का उल्लेख किया था।

# दक्षिण दिल्ली में बिजली के खंभे के संपर्क में आने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में बिजली के एक खंभे पर लटके तार की चपेट में आने से 12 साल के एक बच्चे की मौत हो गई।

करंट लगने से मारे गए आशान के पिता प्रेमचंद पाकिस्तान से आए प्रवासी हैं और कबाड़ का व्यापार करते हैं। प्रेमचंद ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की मौत बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने मैदान गढ़ी में भाटी माइंस के पास दक्षिण दिल्ली में खुले तारों के संबंध में अगस्त में दर्ज कराई गई एक शिकायत का हवाला दिया।

पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना चार सितंबर को उस समय हुई जब आशान संजय कॉलोनी में अपने घर के पास अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अधिकारी ने कहा, ''वह पास के बिजली के खंभे से निकले तार के संपर्क में आ गया। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।''

# बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में अदालत 23 सितंबर को फिर सुनवाई करेगी



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न मामले में 23 सितंबर को फिर से सुनवाई शुरू कर सकती है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत में बृहस्पतिवार को शिकायतकर्ता महिला पहलवानों में से एक के बयान दर्ज किए जाने थे, लेकिन राजपूत को अवगत कराया गया कि संबंधित शिकायतकर्ता आज अदालत में पेश नहीं हो सकेंगी। इसके बाद अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी।

छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए मामले में अदालत ने 10 मई को भारतीय जनता पार्टी सांसद एवं डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और अन्य आरोप तय करने का आदेश दिया था और कहा था कि उनके खिलाफ ''पर्याप्त सबूत'' हैं।

अदालत ने छह बार के लोकसभा सदस्य सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया था। बाद में 21 मई को सिंह द्वारा खुद को निर्दोष बताने के बाद न्यायाधीश ने आरोप तय कर दिए।

# दिल्ली के द्वारका में बस की टक्कर से युवक की मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में एक बस ने खाद्य सामग्री का अपना ठेला लेकर जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार रात की है।

उन्होंने बताया कि विजय कुमार (20) और उसका चचेरा भाई धर्मेंद्र (34) साप्ताहिक बाजार में खाद्य सामग्री बेचकर घर लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹नौ सितंबर को रात 11 बजे बाबा हरिदास नगर इलाके के पास एक दुर्घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई।₹

अधिकारी ने बताया, ₹प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जब विजय कुमार और धर्मेंद्र नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर दिचाऊं गांव में शिव मूर्ति के पास पहुंचे तो नांगलोई की ओर से आ रही एक 'क्लस्टर बस' ने उन्हें टक्कर मार दी।₹

# दिल्ली दंगे: उच्च न्यायालय ने 23 सितंबर तक आरोपों पर अंतिम आदेश पारित न करने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में साल 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश के मामले में 23 सितंबर तक आरोप तय करने पर अंतिम आदेश पारित न करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय ने दंगों की आरोपी देवांगना कलिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है, जिसमें उन्होंने अनुरोध किया है कि अदालत पुलिस को कलिता से जुड़े दो मामलों में कुछ वीडियो और व्हाट्सएप चैट उपलब्ध कराने का निर्देश दें।

इन मामलों में से एक मामला आतंकवाद रोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत है, जो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ 2020 के प्रदर्शन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा से संबंधित है।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने आदेश देते हुए कहा, "प्रतिवादी (राज्य) के वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए और उन्होंने कहा कि उनके पास मामले की फाइल नहीं है और वे स्थगन चाहते हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर स्थगन के अनुरोध का विरोध किया कि आरोप तय करने पर बहस जारी है और यह याचिका दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 207 के तहत अविश्वसनीय/आश्रित दस्तावेजों की आपूर्ति से संबंधित है।"

उन्होंने कहा, "हमारे समक्ष पेश किए गए दस्तावेजों पर विचार करते हुए मामले को बहस के लिए 23 सितंबर को सूचीबद्ध किया जाता है। तब तक निचली अदालत आरोपों पर बहस जारी रख सकती है लेकिन कोई अंतिम आदेश नहीं दिया जाएगा।"


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia


# हिरासत में लिए गए लोगों के मामलों में हर दिन की देरी मायने रखती है: न्यायालय




नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अधिकारियों का यह संवैधानिक दायित्व है कि वे नागरिकों की "व्यक्तिगत स्वतंत्रता" से संबंधित मामलों में शीघ्रता से निर्णय लें और ऐसे मामले में एक दिन की देरी भी मायने रखती है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने अप्पिसेरिल कोचू मोहम्मद शाजी नामक व्यक्ति की हिरासत की पुष्टि करने वाले आदेश को रद्द कर दिया। न्यायालय ने 31 जुलाई को अपने आदेश में बंदी को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया था। बृहस्पतिवार को दिए गए विस्तृत फैसले में न्यायालय ने इसके पीछे कारण भी बताए।

शाजी को विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं तस्करी निवारण अधिनियम (सीओएफईपीओएसए), 1974 के प्रावधानों के तहत पिछले वर्ष 31 अगस्त को जारी आदेश के अनुसरण में हिरासत में लिया गया था।

पीठ में न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि बंदी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर निर्णय लेने में लगभग नौ महीने की देरी हुई।

पीठ ने अपने 60 पन्नों के आदेश में कहा, "नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में, अधिकारियों को अत्यंत शीघ्रता से अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है। ऐसे मामले में प्रत्येक दिन की देरी मायने रखती है।"

न्यायालय ने कहा, "वर्तमान मामले में, हम पाते हैं कि जेल अधिकारियों के लापरवाह, उदासीन और उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण के कारण, बंदी का प्रतिवेदन उचित समय के भीतर बंदी प्राधिकारी और केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच सका। प्रतिवेदन पर निर्णय लेने में लगभग नौ महीने की देरी हो चुकी है।"



### जिले के राजकीय कॉलेजों में शिक्षण कार्य होगा बेहतरीन

# डीएम ने प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस**



मुरादाबाद । जनपद में संचालित सभी राजकीय हाई स्कूल एवं राजकीय इंटरमीडिएट स्कूलों पर प्रत्येक सप्ताह विशेष साफ सफाई अभियान चलेगा, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में नगर निकायों को जिम्मेदार बनाया गया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजकीय हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कॉलेजों में उपलब्ध संसाधन एवं जरूरतों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की कक्षाओं में अध्यनरत बच्चों का पाठ्यक्रम समयबद्ध तरीके से पूर्ण होना जरूरी है तभी वह परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त करने में सक्षम बनते हैं। जिन हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर के राजकीय कॉलेज में अध्यापकों की कमी है वहां डाइट में अध्यनरत विद्यार्थियों या स्मार्ट क्लास जैसे वैकल्पिक तरीकों को अपना कर पाठ्यक्रम को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य भी अपने स्तर से कॉलेजों में शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के लिए गंभीरता दिखाएं। उन्होंने कहा कि जिन कॉलेजों में बाउंड्री वॉल नहीं है वहां मनरेगा निधि से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही कॉलेजों में शौचालय, संपर्क मार्ग, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिए भी आगामी दो से तीन माह के दौरान प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे इंटर कॉलेज जहां बच्चे अधिक हैं परंतु संसाधनों के अभाव में वहां शिक्षण कार्य बेहतर तरीके से नहीं हो पा रहा है उन कॉलेजों को प्राथमिक चरण में ही दुरुस्त बनाने पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी में राजकीय हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट विद्यालयों में लाइब्रेरी स्थापित होने के बारे में प्रधानाचार्यों से जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि लाइब्रेरी बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने में कारगर साबित होती है, इसलिए लाइब्रेरी का भी संचालन हो और बच्चों को लाइब्रेरी के महत्व के बारे में बताया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि उपयोगी और महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची तैयार कराई जाएं और उस सूची के अनुसार विद्यालयों में स्थापित लाइब्रेरी में पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएगी।

# डीएम ने बैंकर्स के साथ की समीक्षा बैठक

## जिले में संचालित एटीएम पर सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों का सत्यापन कराने के लिए दिए निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ**



मुरादाबाद । गुरुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंकों के माध्यम से संचालित एटीएम पर बैंकिंग नियमों के अनुरूप सुरक्षात्मक प्रबंध के बारे में बैंक प्रतिनिधियों से बातचीत की।उन्होंने पूरे जिले में 24 घंटे संचालित होने वाले एटीएम तथा निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत संचालित होने वाले एटीएम की बैंक वार संख्या तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था और मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकिंग संस्थाएं अपने एटीएम का निर्धारित मानकों के अनुरूप सत्यापन करा लें।सरकार की विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी जिलाधिकारी ने विस्तृत समीक्षा की और कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के ऋण तथा उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदान किए जाने वाले ऋण के वितरण की व्यवस्था को सख्ती से प्रभावी बनाया जाए।

एसपी सिटी रणविजय ने कहा कि साइबर क्राइम के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए निर्धारित 1930 नंबर के बारे में बैंक अपने ग्राहकों से जानकारी साझा करें ताकि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध के दौरान त्वरित रूप से सहायता प्रदान करने में मदद मिल सके।

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए पुलिस, आमजन और बैंक सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

# पंद्रह नेताओं के आवासों का आवंटन निरस्त

## नगर निगम के आवासों पर वर्षो से था नेताओं का कब्जा, 15 दिन में खाली करने का जारी नोटिस

**नेशनल एक्सप्रेस**




मुरादाबाद । गुरुवार को नगर निगम ने अपनी पंद्रह आवासीय संपत्तियों का आवंटन निरस्त करते हुए इन्हें खाली करने के लिए पंद्रह दिन का समय दिया गया है। जिन आवासीय संपत्तियों का आवंटन निरस्त किया गया है, उनमें सपा विधायक समरपाल सिंह को आवंटित आवास भी शामिल है। नगर निगम ने विधायक को नोटिस जारी करके 15 दिन में आवास खाली करने के निर्देश दिए हैं। समरपाल सिंह इस समय अमरोहा की नौगावां सादात सीट से सपा के विधायक हैं। वो पूर्व में मुरादाबाद से भी विधायक रह चुके हैं। जिन नेताओं के आवासों का आवंटन निरस्त किया गया है उनमें सपा विधायक समरपाल सिंह के अलावा पूर्व मंत्री रामेश्वर दयाल शर्मा, पूर्व मंत्री स्व. इंद्रामोहिनी को आवंटित किया गया आवास भी शामिल है। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त निशा मिश्रा की ओर से इन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों का किराए पर आवंटन किसी भी दशा में पंद्रह वर्ष से अधिक के लिए नहीं किया जा सकता। नगर निगम ने कहा है कि पूर्व मंत्री इ्द्रामोहिनी को 1979 में तत्कालीन डीएम ने भवन का आवंटन किया था।

इंद्रामोहिनी के निधन के बाद इस भवन में विजयलक्ष्मी सक्सेना अवैध रूप से रह रही हैं। इस भवन को भी पंद्रह दिन में खाली करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# मातीपुर मत्स्य जीवी सहकारी समिति के चुनाव की अधिसूचना रद्द करने की उठाई मांग

**नेशनल एक्सप्रेस / मौ अरशद**



मुरादाबाद ! जनपद के मातीपुर मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड मातीपुर उर्फ मैनी ने प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु जारी अधिसूचना को रद्द किए जाने की मांग उठाई गई है दरअसल समिति के वर्तमान सदस्य गंगा सिंह ने सदस्यों के संग मिलकर एक सौपा है जिसमें कहा गया है कि सहायक निबंधक सहकारिता मुरादाबाद के कार्यालय द्वारा निर्वाचन 2024 /25 हेतु 20 अगस्त को प्रबंध समिति के चुनाव हेतु अधिसूचना जारी की गई है कहा गया कि मातीपुर मत्स्य सहकारी समिति का प्रबंध कार्यकाल 26 फरवरी को समाप्त हुआ था इसके बाद 28 फरवरी को अंतरिम प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया था जिसका अध्यक्ष नीतू सिंह सहायक निदेशक मत्स्य अमरोहा को नामित किया गया वही आरोप लगाया गया कि समिति के निष्कासित सचिव रविदास द्वारा समिति में वित्तीय एनिमेटर अनियमितताएं की गई तथा समिति के पटटो का लगान भी जमा नहीं किया गया एवं उनके द्वारा कोई लेखा-जोखा भी प्रस्तुत नहीं किया गया है जिस कारण समिति के सदस्यों ने रविदास को सचिव पद से हटाने की मांग की थी यह भी बताया गया कि समिति की अंतरिम प्रबंध कमेटी द्वारा 21 जून को प्राथमिक विद्यालय मातीपुर मत्स्य जीवित सहकारी समिति लिमिटेड मातीपुर उर्फ मैनी की सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई जिसमें रविदास को सचिव पद से हटा दिया गया और वही सामान्य निकाय की दूसरी बैठक 8 अगस्त को मातीपुर मत्स्य जीवी मातीपुर उर्फ नैनी पंचायत घर में आयोजित की गई जिसमें गंगा सिंह को सचिव पद पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव पारित किया गया और अनुमोदन के लिए निदेशालय को भेज दिया गया गंगा सिंह द्वारा जिला सहकारी बैंक दलपतपुर मुंडा पांडे में ?10000 की जमानत राशि भी जमा कर दी गई कहा गया कि इस संबंध में सहायक निदेशक मत्स्य मुरादाबाद द्वारा भी जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी निबंधक सहकारी मुरादाबाद को पूर्व घोषित तिथि पर निर्वाचन न कराए जाने की संस्तुति की है जिलाधिकारी को पेश किए गए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि निष्कासित सचिव रविदास द्वारा 53 सदस्यों की जो सूची दाखिल की गई है उसमें पड़ी ढंग से अपने परिवार व रिश्तेदारों के नाम शामिल किए गए हैं और उसका अंतरिम प्रबंध कमेटी द्वारा सत्यापन कराए जाने के उपरांत ही समिति के चुनाव हेतु कोई अन्य तिथि घोषित की जाए एवं चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की जाए तथा पूर्व घोषित तिथि पर निर्वाचन न कराया जाए क्योंकि अब तक 40 सदस्यों पर आधारित मतदाता सूची पर ही चुनाव संपन्न होता आया है तो फिर 53 सदस्यों की सूची क्यों दी गई इसकी जांच कराने की भी मांग उठाई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### थाने से दो सौ मीटर की दूरी से दिनदहाड़े बाईक चोरी


नेशनल एक्सप्रेस/मैनाठेर । थाने से दो सो मिटर की दुरी से दिन दहारे बाईक चोरी। बैंक से पैसे निकालने गए एक व्यक्ति की प्रथमा बैंक के सामने से बाइक चोरी हो गई पीड़ित बाइक स्वामी ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के बागी गोवर्धनपुर निवासी ओमवीर बुधवार की दोपहर को स्थित प्रतिमा बैंक के किसी काम से गया था इस दौरान उसने अपनी स्प्लेंडर बाइक बैंक के बाहर खड़ी कर दी जब वह बैंक से निकलकर बाहर आया था उसकी बाइक किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई पीड़ित बाइक स्वामी ने घटना की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है।

### भादो में झूम कर बरस रहे बदरा, तापमान में आई कमी




नेशनल एक्सप्रेस /मुरादाबाद। बीते एक सप्ताह से लगातार वर्षा रानी पश्चिम उत्तर प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशो मे भी बुधवार / गुरुवार की रात्रि से लगातार भादो में एक सप्ताह से हर दिन झूम के बारिश हो रही है। पिछले कई दिनों से शाम चार बजे के करीब बारिश होती रही। लेकिन, बुधवार की शाम से शुरू हुई बारिश का क्रम गुरुवार दोपहर तक जारी है। सामान्य से अधिक बारिश होने से नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। बुधवार पूरी रात और गुरुवार दिन भर बारिश होने से महानगर के रामगंगा विहार, आशियाना, गुरहट्टी, गंज बाजार आदि क्षेत्रों में बारिश का पानी भरने से लोगों को असुविधा हुई। कांठ रोड पर सड़क के गड्ढों में पानी भरने से वाहन हिचकोले खाते हुए आगे बढ़े। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अभी दो तीन दिन बारिश का क्रम जारी रहेगा। इस बार सितंबर में मुरादाबाद क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। तेज हवा के साथ बारिश होगी। इससे तापमान में कमी आई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 87 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तेज बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है।

### एसपी सिटी ने सुनी जनसमस्याए, दिए निस्तारण के निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस/मुरादाबाद । गुरुवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बता दे की गुरुवार बारह सितम्बर को पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद कुमार रणविजय सिंह द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया । महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो । साथ ही सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें ।

# तेज हवा और बारिश से धान की फसल को नुकसान की आशंका

तेज हवा और बारिश से धान की फसल को नुकसान की आशंका

**नेशनल एक्सप्रेस**



मुरादाबाद । जनपद में मौसम के लगातार बदलते तेवर के चलते धान की फसल को भारी नुकसान की संभावना बढ़ गई है। मौसम परिवर्तन के चलते फसल में भी बीमारी लगने व झुकने (लेटने) से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले कई सालों बाद ऐसा पहली बार हो रहा कि बरसात सीजन की तरह गर्मी सीजन में फसल पर खतरा मंडरा रहा है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि जिले के किसान अधिक लाभ कमाने के लिए खरीफ फसल के बाद अब रबी फसल में भी धान लगाए हैं। लेकिन जैसे ही खरीफ फसल में बीमारी, लेटने व अन्य कारणों से किसानों को परेशानी हुई। ठीक वैसे ही अब रबी फसल में भी धान के फसल को विभिन्न कारणों से कटाई व मिंजाई के समय होने वाली परेशानी का डर किसानों को अभी से सताने लगी है। जिले के किसानों का कहना है कि मौसम इसी तरह अपना करवट बदलता रहा तो निश्चित रूप से किसानों को धान के उत्पादन प्रभावित होने से ज्यादा फायदा मिलने वाला नहीं है। एक ओर मौसम की मार तो दूसरी ओर एक के बाद एक बीमारी लगने से धान की फसल को नुकसान हुआ है।

**कुंदरकी:** अचानक बदले मौसम से बुधवार की रात और गुरुवार को क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस बिन मौसम बरसात से खेतों में खड़ी धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। धान की खड़ी फसलें तेज हवा के चलते खेत में लेट गई हैं। वहीं गन्ने की फसल भी गिर गई है। इससे किसान अपनी खड़ी फसल को गिरता देख परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि रात में बारिश के साथ तेज हवा में लगभग एक घंटे तक बारिश हुई। इस बीच खेत में तैयार धान की खड़ी फसल खेत में गिर गई। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खड़ी फसल के खेत मे गिरने से काफी नुकसान हुआ है। बुधवार रात में मौसम की करवट से बारिश के आसार बन रहे थे।

आसमान में बादल छाए होने से बारिश की आशंका से किसान सहमे ही थे कि बुधवार की शाम से बारिश शुरू हुई और रात में तेज हवा के साथ क्षेत्र में बादल झूमकर बरसे। इससे किसानों को फसलों को नुकसान हुआ है। तेज हवा हवा आंधी के चलते क्षेत्र के कई गांव में धान की तैयार फसलें खेतों में गिर गई हैं, जिससे किसान नुकसान उठाने पर मजबूर हैं ।

# जनपद में बारिश के दौरान बचाव और सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**नेशनल एक्सप्रेस**

मुरादाबाद । गुरुवार को मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 14 सितंबर 2024 तक वर्षा एवं बज्रपात होने की चेतावनी जारी की गई है। जिले में बारिश के दौरान आमजन की सुविधा और सतर्कता के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह द्वारा एडवाइजरी जारी की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आमजन बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाकों में जाने से बचें और पेड़ों के नीचे शरण न लें। कमजोर ढांचे वाली बिल्डिंगों में या उनके आसपास बिल्कुल न खड़े हों। फसल वाले खेतों में लगातार बारिश की वजह से होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए खेतों में जल निकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान बज्रपात से बचने और पूर्व में ही चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी या सचेत ऐप का प्रयोग करें।

**क्या है दामिनी ऐप:** दामिनी ऐप की शुरूआत भारत सरकार द्वारा बिजली गिरने से पहले अलर्ट देने के लिए लॉन्च किया गया है। यह ऐप आम लोगों के साथ-साथ किसानों के लिए भी फायदेमंद है। इस ऐप की मदद से बिजली गिरने की सही और सटीक पूर्व जानकारी मिलती है तथा लोगों को सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलती है।

### दामिनी ऐप की खासियतें

यह ऐप यूजर के मोबाइल फोन में जीपीएस लोकेशन के आधार पर 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना का पता लगाता है। साथ ही बिजली गिरने की गड़गड़ाहट और वज्रपात की रफ़्तार भी बताता है। यह ऐप बिजली गिरने से करीब 7 से 8 मिनट पहले ही अलर्ट भेज देता है और किसी भी गंभीर लाइटनिंग या थंडर स्टॉर्म से करीब 30 से 45 मिनट पहले से अलर्ट भेजना शुरू कर देता है।

# एडीएम ने भीकनपुर स्थित सेतु का किया निरीक्षण

## अस्थाई रास्ते को बंद कराते हुए राजस्व कर्मी की ड्यूटी लगाने के निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस**

मुरादाबाद । गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र द्वारा तहसीलदार सदर के साथ ग्राम भीकनपुर में स्थित सेतु का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि इस सेतु का एप्रोच व सम्पर्क मार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है तथा स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अपने आवागमन के लिए एक अस्थायी मार्ग/पुल भी बना लिया गया है जो कि पूर्णतः असुरक्षित है तथा इसपर आवागमन में कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम भीकनपुर में रामगंगा नदी की सहायक नदी पर स्थित सेतु की एप्रोच मार्ग के अस्थायी रास्ते को तत्काल बन्द कराते हुए 247 सेतु के दोनों ओर राजस्व कर्मचारी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें साथ ही वहां पर एक बाढ़ चौकी भी स्थापित करायी जाये। स्थानीय स्तर से ग्राम प्रधान व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ एक बैठक कर वहां वैकल्पिक मार्ग के रूप में भीकनपुर, वीरपुर वरियार, नाजरपुर पट्टी, अक्का डीलारी होते हुए मूढा पांडे मार्ग के प्रयोग हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैराकों तथा गोताखोर आदि की भी व्यवस्था कर ली जाये ताकि किसी अपरिहार्य स्थिति में राहत संबंधी त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# स्वच्छ समाज के लिए इमामे हुसैन का ज़िक्र बहुत जरूरी: प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



संभल। मोहल्ला नूरियो सराय संभल में इमाम हुसैन और उनके साथियों के गम मनाने की परंपरा के अंतर्गत गुरुवार को चुप ताज़िए का जुलूस अपने परंपरागत एवं रिवायती अंदाज से निकाला गया। शिया समाज में रबी उल अव्वल की 8 तारीख को इमाम हुसैन के शोक के आखिरी दिन के रूप में मनाया जाता है और भारतीय उपमहाद्वीप में आज के दिन अधिकतर शहरों और बस्तियों में चुप ताज़िए का जुलूस निकाला जाता है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए नूरियों सराय में सर्वप्रथम इमामबाड़ा नंबर दारान में मजलिस की गई। मजलिस में सोजख्वानी प्रसिद्ध शायर अमीर इमाम ने की एवं डॉक्टर कैफी संभली ने इमाम हुसैन के प्रति सलाम के माध्यम से खिराजे अकीदत पेश किया। मजलिस को खिताब करते हुए एमजीएम पीजी कॉलेज संभल के उर्दू विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने कहा कि इमाम हुसैन और उनके साथियों का ज़िक्र एक अच्छे समाज को बनाने में हर दौर में सहयोगी रहा है, इसीलिए इन महान लोगों का ज़िक्र 1400 साल से बिना किसी भेदभाव के मनाया जाता है। आज के दिन शिया समाज के 11 वें इमाम की शहादत की तारीख है साथ ही आज ही के दिन कर्बला का लुटा हुआ काफि ला मदीने पहुंचा था। शिया समाज इस लुटे हुए काफि ले की याद मना कर रंजो गम का इजहार करता है। इमाम हुसैन के गम की यह याद हमें मानवता एवं इंसानियत का पाठ पढ़ाती है इसीलिए इस गम की याद मनाना बेहद जरूरी है। मजलिस के बाद आलम और जुल्जनाह निकाला गया और जुलूस अपने परंपरागत रास्तों और इमामबाड़ों से होता हुआ चौक के इमामबाड़े पर समाप्त हो गया। जुलूस के साथ श्री रहबर हुसैन और उनके साथी मर्सिया पढ़ रहे थे जिसे सुनकर लोग रो रहे थे। चौक में जुलूस की समाप्ति से पहले शाह आलम, अली अब्बास, डॉ मोहम्मद आबदी, अमीर इमाम ,सैयद मोहम्मद अरशद ने अपने मखसूस अंदाज में नौहा ख्वानी की। जुलूस में शाने अब्बास, शमाइम रजा, काइम रजा, सोहेल अब्बास, सलीम अब्बास, उरुज मेहंदी, नय्यर अब्बास एवं शाहिद रजा का विशेष योगदान रहा।

# डीएम ने मुख्यमंत्री के विकास कार्यक्रम सीएम डैशबोर्ड पर की बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना**





बहजोई सम्भल। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री के विकास कार्यक्रम सीएम डैशबोर्ड पर को लेकर समीक्षा बैठक की गयी।

जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा रैंकिंग से संबंधित प्रमुख बिंदुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया।

अतिरिक्त ऊर्जा विभाग की प्रमुख योजनाओं के विषय में चर्चा की, विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अधीनस्थों के स्तर पर इसमें सुधार कराना सुनिश्चित करें। समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में जो जनपद टॉप 5 में आए हैं उनसे वार्ता करते हुए अपनी प्रगति में सुधार करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्या की अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की प्रगति खराब रही है उनका पत्र भेजना सुनिश्चित करें।

कृषि विभाग की कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की भवन निर्माण को लेकर एक्सईएन आर. ई.डी को निर्देशित करते हुए कहा की मॉनिटरिंग करें। 108 एंबुलेंस को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एंबुलेंस की संख्या बढाने को लेकर शासन को पत्र भेजा जाए। सीटी स्कैन सेवाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस माह की 20 तारीख तक अपने लक्ष्य को पूर्ण करें। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की मॉनिटरिंग करें और जो ग्राम सचिव कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर कार्यवाही की जाए । व्यक्तिगत शौचालय निर्माण को लेकर अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भुगतान एवं निर्माण की स्थिति को देखें।

ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में टॉप 5 स्थान प्राप्त करने का प्रयास करें। अपर जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर में से इस माह 16 से अधिक पैरामीटर शत प्रतिशत संतृप्त हों यह सुनिश्चित किया जाए। मत्स्य उत्पादन को लेकर भी चर्चा की गई जिलाधिकारी ने नदियों में मत्स्य पट्टे करने को लेकर भी निर्देशित किया और जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में प्रतिबंधित मछली का उत्पादन न हो यह सुनिश्चित किया जाए। पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 20 तारीख तक शत प्रतिशत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। एस.एम .सी की बैठक को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सह अध्यक्षता के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को भी नामित किया जाए। एसएमसी की बैठक में ग्राम कुल के सदस्य, राशन डीलर एवं ग्राम प्रधान द्वारा बच्चों के अभिभावकों को भी शत प्रतिशत बैठक में बुलाया जाए तथा एसएमसी की बैठक का कार्यवृत्त जारी कराना सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं एमएसएमई के सहायक आयुक्त तथा 108 एम्बुलेंस से संबंधित उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

**सितम्बर माह की 20 तारीख तक अपने लक्ष्य को करे पूर्ण : डीएम**

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं पुलकित श्रीवास्तव एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेज हवा व बारिश के चलते धान की फसल हुई चौपट, किसान बेबस

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



चंदौसी /संभल । बुधवार रात्रि तेज हवा के साथ हुई बारिश और गुरुवार सुबह की बारिश में किसानों को झकझोर कर रख दिया है। खेत में खड़ी धान की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई। जहां कुछ किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेत में खड़ी पकी धान की फसल गिरने से किसानों को भारी क्षति हुई है। खेत में खड़ी धान की लहलहाती फसल को देखकर जहां किसान खुश था तो बारिश ने उस खुशी को तोड़ दिया है। बुधवार को बूंदाबांदी के साथ हुई बारिश और फिर रात्रि में तेज हवा के साथ बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बुधवार रात्रि व गुरुवार सुबह हवा के साथ बारिश के चलते किसानों की फसल धराशाई हो गई। इस समय खेतों में अधिकांशतः धान की फसल खड़ी हुई है। जो कि अंतिम चरण पर है और पकने की स्थिति में हैं ' बारिश के चलते धान की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। गुरूवार को पड़ी बारिश ने जहां एक ओर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की तो दूसरी तरफ चंदौसी में सड़कें तालाब बनी हुई नजर आई जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ' लोगों के वाहन सड़क पर अधिक पानी होने के कारण बंद हो गए ' जिसे वाहन चालक धक्का लगाकर खींचते हुए नजर आए ' मुंसिफ रोड पर जिला न्यायलय के बाहर तीन फीट तक पानी भर गया था जिससे अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ' फुब्बारा चौक , बड़ा बाजार , महाजन मोहल्ला , आरएस इंटर कॉलेज रोड, सीकरी गेट, संभल गेट आदि जगहों पर भी दो से तीन फीट पानी नजर आया।

## चन्दौसी पुलिस ने थाने पर पीस कमेटी के साथ की बैठक

**आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क, लोगों से की आपसी सौहार्द कायम रखने की अपील**

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**



चन्दौसी ( सम्भल ) के विभिन्न थानों पर आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें बारावफात सौहार्द के साथ मनाने की लोगों से अपील किया गया। साथ ही शासन की ओर से जारी हुई गाइड लाइन से भी लोगों को अवगत कराया गया।पुलिस के अफसरों ने चेताया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखा जा रहा हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर लोगों पुलिस को अवगत कराकर सहयोग करें। ताकि सामाजिक सौहार्द को कायम रखा जा सकें।आपको बता दें कि चंदौसी कोतवाली परिसर में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ डॉ प्रदीप कुमार सिंह और थानाध्यक्ष अतर सिंह ने लोगों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान लोगों को बताया गया कि त्यौहार के दौरान कोई भी जुलूस बिना अनुमति के न निकाला जाएगा। वहीं अनुमति मिलने के बाद जुलूस एवं उनके रूट आदि की सूचना पुलिस टीम को देना अनिवार्य हैं। ताकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समुचित पुलिस प्रबन्ध किया जा सकें।त्यौहारों को शांतिपूर्ण भाई-चारे के साथ मनाएं पुलिस के अफसरों ने बताया कि परंपरागत तरीके से ही जुलूस निकाले जाए। पूर्व की भांति जुलूस जिन मार्गों से निकाले जाते है। वहीं से निकाले जाए। उनके मार्ग में किसी भी प्रकार का नया फेर बदल ना किया जाए। कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाई-चारे के साथ मनाए। क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना समय से पुलिस को दें। जिससे कोई बड़ा विवाद उत्पन्न न हो सके। साथ ही लोगों को सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा किसी भी धर्म सम्प्रदाय के सम्बन्ध में कोई अवांछित पोस्ट ना करने हेतु बताया गया। चेताया कि पुलिस के द्वारा अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों पर लगातार सोशल मीडिया टीम द्वारा निगरानी की जा रही है। इसलिए सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत सोच समझकर करें। इस दौरान सीकिरी गेट चौकी प्रभारी अर्जुन त्यागी, घंटाघर चौकी प्रभारी संदीप शर्मा शहर इमाम मौलाना नाजिम , नायाब इमाम काजी मरगूब , शाह अलम मंसूरी , बदर आलम मूतवल्ली मुंशिफ मुकीम आदि उपस्थित रहे ।

## डीएम के कुशल निर्देशन में सीएम डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल पर जनपद की रैंकिंग में हुआ सुधार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




**ओडीओपी वित्त पोषण में जनपद ने प्रदेश में पाया प्रथम स्थान**

**कानून व्यवस्था एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में प्रदेश में पाया द्वितीय स्थान**

सम्भल बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के कुशल निर्देशन में जनपद के विभागों की प्रगति में माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल पर अगस्त माह की रैंकिंग में हुआ सुधार। उद्योग विभाग के ओडीओपी वित्त पोषण में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि जुलाई माह में 33 वां स्थान था। पुलिस विभाग के अन्तर्गत कानून व्यवस्था में जनपद का प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि जुलाई में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।महिला एवं बाल विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जनपद ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है जबकि गत माह 18 वां स्थान था । समाज कल्याण विभाग के वृद्धावस्था पेंशन में प्रदेश में तृतीय तथा समाज कल्याण के ही राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में प्रदेश में पांचवा स्थान रहा जबकि जुलाई में 55 वां स्थान था तथा पशुपालन विभाग के अन्तर्गत निराश्रित गोवंश संरक्षण में जनपद का प्रदेश में अगस्त माह में पांचवा स्थान रहा पिछले माह भी पांचवा ही स्थान प्राप्त किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति में प्रदेश में अगस्त माह में पांचवा स्थान प्राप्त किया है जबकि विगत माह भी पांचवा स्थान प्राप्त किया था।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागों के अन्तर्गत जो भी शासन की योजनाएं संचालित हैं उनके द्वारा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए तथा सीएम डैशबोर्ड पर जनपद प्रथम स्थान पर रहे उसके लिए कठिन मेहनत के साथ प्रयास करें।

## गैंगस्टर एक्ट का एक वारंटी आरोपी किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ बहजोई/पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में गुरुवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे गुरुवार को थाना बहजोई में गैंगस्टर एक्ट में वारन्टी अभियुक्त सूखा उर्फ सुखपाल उर्फ सुखराम पुत्र नरेश यादव उर्फ बूढ़े नरेश निवासी ग्राम ततारपुर थाना कैलादेवी जनपद सम्भल को उ0नि0 अजय कुमार त्यागी मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## गणेश पंडाल में भजन संध्या का आयोजन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**नेशनल एक्सप्रेस अरविंद गुप्ता**



चंदौसी/नगर के कचहरी वाले बाग शिव मंदिर पर भक्तों द्वारा गणेश आगमन पर बाबा की भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मोहल्ले वासियों ने मिलजुल कर सहयोग देकर बाबा गणेश की मूर्ति को लाकर मोहल्ले में विराजमान किया व प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना कर- के बाबा की भक्ति में लीन होने का अवसर प्रात हुआ हैं। बुधवार की शाम राधा अष्टमी के पावन पर्व पर लाडली जू के भजनों का गुणगान किया जिसमें मुख्य रूप से सेवादार राजू कश्यप और राजा दिवारकर द्वारा बताया गया कि हर वर्ष हम अपने शिव मंदिर पर गणेश उत्सव के दौरान विराजमान किया है इस आयोजन में मोहल्ले वासियों का पूरा योगदान मिला है। उन्हें सभी का धन्यवाद देना चाहता हूं की उन सब की वजह से गली में बाबा का भव्य स्वागत करने का अवसर प्राप्त प्राप्त हुआ है इसी क्रम में प्रतिदिन माता बहनों के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होगा ये आयोजन पूरे 11 दिन तक चलता रहेगा जिसमें गली की और आसपास की महिलाओं पुरुषों द्वारा सुंदर-सुंदर भजन कीर्तन का आयोजन हो रहा है मन में एक खुशी भी है और जोश भी है बड़े सौभाग्य की बात है की बाबा की कृपा से हम सब मिलकर बाबा को अपने यहां पर विराजमान कर पाए है इस कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डीएम अंकल ने नर्सरी से 12 तक की समस्त शिक्षण संस्थाओं में किया अवकाश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




सम्भल/जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसियां द्वारा बताया गया है कि अत्यधिक वर्षा होने के दृष्टिगत जनपद सम्मल में संचालित समस्त बोर्डो माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र०,सी०बी०एस०ई०, आई०सी०एस०ई० बोर्ड, संस्कृत,मदरसा बोर्ड एवं बेसिक शिक्षा के नर्सरी से कक्षा 12 तक की समस्त शिक्षण संस्थाओं में आज दिनांक 13.09.2024 का शिक्षण कार्य स्थगित किया जाता है।उक्त तिथि में समस्त प्रधानाचार्य/ शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और शासन/विमाग की संचालित योजनाओं का यथावत कियान्वयन करेंगे। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# सीडीओ और एएसपी ने अभियान में सम्मिलित होकर ली प्रतिज्ञा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**







सम्भल- गुरुवार को चन्द्रभूषण जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद सम्भल द्वारा बताया गया कि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अनुकृति शर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत हस्ताक्षर/प्रतिज्ञा अभियान में सम्मिलित होकर प्रतिज्ञा ली कि मैं यह प्रतिज्ञा लेता हूँ /लेती हूँ कि मैं लिंग भेद और लिंग चयन जो कि बालिकाओं के जन्म एवं उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है, उस मानसिकता का त्याग करूंगा/करूंगी, जिससे ये सुनिश्चित हो कि लडकियां जन्म लें, उन्हें प्यार व शिक्षा मिले और देश का सशक्त नागरिक बनने का समान अवसर मिले। मैं यह भी संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि मैं आमजनमानस के बीच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश का प्रचार-प्रसार करूंगा/करूंगी। साथ ही यह भी कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से समाज में बेटी और बेटे के मध्य अन्तर करने की मानसिकता का अन्त किया जा रहा है। आज के समय में बेटी भी बेटों के समान ही प्रगति एवं विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति कर रही हैं।

इस दौरान हस्ताक्षर अभियान में ज्ञान सिंह, परियोजना निदेशक, राम आशीष, जिला विकास अधिकारी, चन्द्रभूषण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वर्षा गर्ग, अधिशासी अभियंता, अरुण त्रिपाठी, उप निदेशक कृषि, महेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, चेतेंद्रपाल सिंह, अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, रत्नेश कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, चर्चित चौधरी, सहायक अभियंता, जल निगम, मनु तेवतिया, डीईआईसी प्रबन्धक, अमित विश्नोई, एलडीएम एकांशु वशिष्ठ, संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लूट के एक आरोपी जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी/पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 12.09.2024 को विशेष सत्र परीक्षण सं0 876/21 व मु0अ0सं0 466/2000 धारा 392 भादवि थाना चन्दौसी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त मुरारी पुत्र गंगू वाल्मिकी निवासी ग्राम मौज्जमपुर थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को न्यायालय सिविल जज सी०डी०/ ए.सी.जे.एम सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी हुयी अवधि 20 दिन के कारावास व 2,000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में प्रदीप कुमार पी.ओ तथा पैरोकार है०का० भुवनेश्वर कुमार थाना चन्दौसी का सराहनीय योगदान रहा।

### अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/बहजोई/पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 12.09.2024 को वाद सं0 286/18 मु0अ0सं0 422/1995 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना बहजोई जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त अख्तर पुत्र मौ० अत्तन निवासी जाफरपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को न्यायालय ए०सी० जे०एम० सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा अभियुक्त अख्तर उपरोक्त को धारा 25 आयुध अधिनियम में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई गयी अवधि 02 दिवस के कारावास व 500/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । सजा कराये जाने में राकेश कुमार शुक्ला एपीओ तथा पैरोकार हे0का0 मनेन्द्र सिंह थाना बहजोई का सराहनीय योगदान रहा।

### 02 वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/जुनावई /पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर गणेश गुप्ता के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में गुरुवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे गुरुवार को थाना जनावई में वारन्टी अभियुक्तगण सत्यपाल पुत्र चन्द्रपाल, राकेश पुत्र चन्द्रपाल निवासीगण ग्राम रामनगर टप्पा वैश्य थाना जुनावई जनपद सम्भल को उ0नि0 प्रमोद कुमार मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगणों के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### आज बनियाखेड़ा ब्लॉक में होगा रोजगार मेले का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी संभल। जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवम राजकीय आई०टी०आई० चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से जनपद के ब्लॉक बनियाखेड़ा के अन्तर्गत राजकीय आई०टी०आई० बदायूं रोड चंदौसी के परिसर में आज 13-09-2024 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में सेवायोजन विभाग संभल द्वारा चेकमेट इंडस्ट्रियल गार्ड लिमिटेड कंपनी, नोएडा, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स राजस्थान की कंपनिया उपस्थित हो रही है। समस्त अभ्यर्थी उक्त मेले में प्रातः 10:30 से 3:00 तक प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थी जिनकी आयु 20 से 30 वर्ष एवम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक व आई०टी०आई० योग्यता रखते हों, प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेला भर्ती पर कोई शुल्क नहीं है। रोजगार चाहने वाले अभ्यर्थी अपना पंजीकरण सेवायोजन विभाग की वेबसाइट १ड्ढ१२ल्लौं.४स्र.ड्ढ५.ल्ल पर मेले में प्रतिभाग करने से पूर्व अवश्य करा ले।

### सीएचसी जुनावई में 50 शैय्या फील्ड हास्पिटल को लेकर की गई चर्चा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/बहजोई सम्भल। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें सीएचसी जुनावई में 50 शैय्या फील्ड हास्पिटल को लेकर चर्चा की गयी । एन.पी.सी.सी संस्था के प्रतिनिधि के बैठक में उपस्थित ना होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। देवापुर डिग्री कॉलेज को लेकर चर्चा की गयी जीएसटी धनराशि प्राप्त ना होने पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण ना होने पर कार्य दायी संस्था



उ. प्र. राजकीय निर्माण निगम एवं राजकीय डिग्री कॉलेज हयात नगर के प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन को धनराशि प्राप्ति के लिए एक पत्र प्रेषित किया जाए। नवीन राजकीय हाईस्कूल असालतनगर जारई को लेकर संबंधित ने अवगत कराया कि आवंटित भूमि पर से हाईटेंशन लाईन गुजरती है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी सूचना उपलब्ध करायें कि हाईटेंशन लाईन आवंटित भूमि पर से पहले से गुजरती है या बाद में यहाँ से निकली है। वृहद गौशालाओं की फैंसिंग को लेकर निर्देशित किया कि फैंसिंग में सघन तार का प्रयोग किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरन्नुम रजा, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं पुलकित श्रीवास्तव, संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में शासन अनुशासनम विमर्श का किया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल बहजोई। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में शासन अनुशासनम विमर्श का आयोजन किया गया। जिसमें शासन स्तर से इस माह विभाग वार आये शासनादेश एवं निर्देशों पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों को अन्य विभागों से आए हुए शासनादेश एवं निर्देशों के विषय में भी जानकारी हो इसके लिए यह बैठक की जा रही है ताकि आपसी समन्वय से शासन के दिशा निर्देशों का आसानी से पालन किया जा सके। बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्राम्य विकास विभाग ,आईसीडीएस, एवं अन्य विभागों के शासनादेश एवं निर्देशों पर विचार विमर्श किया गया। तिथि भोजन को लेकर भी चर्चा की गयी जिसके अंतर्गत विशेष अवसरों पर लोग स्कूली बच्चों को भोजन प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों से कहा कि आओ खुशियाँ बांटें के अन्तर्गत लोगों को भी जागरूक करें तथा स्वयं भी तिथि भोजन के अवसर पर जन्म दिन, शादी की सालगिरह, या परिवार के किसी सदस्य के जन्म दिन पर विद्यालय में जाकर बच्चों के साथ कार्यक्रम करें । जिससे आपको एवं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खुशियां प्राप्त होंगी।

## संपादकीय

# ‘नैतिक नाकामी’ के कारण

दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल कई महीनों से जेल में बंद हैं, पांच महीने से कैबिनेट की बैठक तक नहीं हुई है और न ही विधानसभा सत्र बुलाया जा सका है। मुख्यमंत्री किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, लिहाजा दिल्ली के छठे वित्त आयोग का गठन नहीं किया जा सका है। यह संविधान का सरासर उल्लंघन है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ( कैग ) की कई रपटें सदन में पेश नहीं की जा सकी हैं। दिल्ली अद्र्धराज्य में संवैधानिक, प्रशासनिक, सरकार और अंततः जनता के स्तर पर बहुत कुछ ठप पड़ा है, लिहाजा इस सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। भाजपा विधायकों ने यह पत्र तब लिखा है, जब विधानसभा चुनाव मात्र 4-5 माह दूर हैं और बर्खास्तगी के बाद वैकल्पिक सरकार बनाना व्यावहारिक नहीं है। चूंकि पत्र विधायकों ने लिखा है, लिहाजा यह राजनीतिक कवायद है। राष्ट्रपति ऐसे पत्रों के आधार पर सरकारें बर्खास्त नहीं किया करते। अलबत्ता औपचारिकता निभाते हुए राष्ट्रपति ने वह पत्र गृह मंत्रालय को भिजवा दिया। यदि दिल्ली के उपराज्यपाल सरकार और राजधानी शहर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी रपट भेजते और राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करते, तो उस पर गंभीर विचार किया जा सकता था। प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर विमर्श किया जा सकता था। तब भी यह जरूरी नहीं था कि फाइल ‘राष्ट्रपति भवन’ भेजी ही जाती। दरअसल यह अध्याय केजरीवाल ने खुद लिखा है। बीते दोनों चुनावों में उनकी आम आदमी पार्टी ( आप ) को एकतरफा, प्रचंड बहुमत मिला था। दिल्लीवालों ने उसे एक अवसर देना तय किया था। शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप में जब मुख्यमंत्री को ही जेल जाना पड़ा, तो उससे पहले ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था।

यह केजरीवाल की ‘नैतिक नाकामी’ थी कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। बेशक संविधान इस संदर्भ में खामोश है कि यदि एक मुख्यमंत्री को जेल होती है, तो उसकी संवैधानिक बाध्यता और व्यवस्था क्या होगी? शायद संविधान रचने वाले हमारे पुरखों ने इस स्थिति की कल्पना तक नहीं की थी कि भ्रष्टाचार के आरोप में किसी मुख्यमंत्री को, बिना सजा सुनाए, जेल में बंद करने की नौबत आ सकती है। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने भी केजरीवाल की नैतिकता का फैसला उन्हीं पर छोड़ दिया था। केजरीवाल को अदालत से जमानत भी नहीं मिल पा रही है। इन परिस्थितियों में केजरीवाल एक राष्ट्रवादी आंदोलनकारी की तरह हुंकार भरते रहे हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। शायद उन्हें जानकारी नहीं थी कि जेल में हदबंदियां और पाबंदियां कितनी होती हैं! वह बैठक तक नहीं कर सकते थे। कैबिनेट की बैठक बुलाना निषेध था। मौखिक रूप से, अपनी पत्नी के जरिए, सरकार के मंत्रियों और ‘आप’ के ओहदेदारों को कितने निर्देश दे सकते थे? राष्ट्रीय राजधानी में इसके नतीजे सामने और स्पष्ट दिख रहे हैं। केजरीवाल ने अभी तक किसी भी नेता या विधायक पर भरोसा नहीं किया है कि वह उसे नया मुख्यमंत्री बनवा सकते। बेशक पूरी दिल्ली में अराजकता का माहौल है। गर्मियों में आम आदमी को पानी नसीब नहीं हुआ और उसे टैंकर के पानी के लिए हाथापाई तक उतरना पड़ा। मॉनसून का मौसम आया और बारिश होने लगी, तो दिल्ली पानी-पानी हो गई। सांसदों के अतिविशिष्ट क्षेत्र के घरों तक में पानी घुस गया। इतना जलजमाव और जलभराव हुआ कि 50 से अधिक मासूम लोगों की मौत तक हो गई। पानी में करंट तैरने लगा, जिसके संपर्क में आने से भी कुछ मौतें हुईं। चुनाव फरवरी, 2025 से पहले होने हैं। हमें नहीं लगता कि केंद्र सरकार ‘राष्ट्रपति शासन’ लगाने की पराकाष्ठा तक जाएगी। उससे केजरीवाल और ‘आप’ के पक्ष में सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है। वैसे भी दिल्ली सरकार पर पूरी हुकूमत केंद्र सरकार की है, क्योंकि उपराज्यपाल उसका प्रतिनिधि है और वही ‘मुखिया’ है। हालात यहां तक हैं कि मंत्री अपने बयानों में उपराज्यपाल के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, मानो कोई छुटभैया दूसरे छुटभैया को कोस रहा हो!

# मोबाइल, इंटरनेट बच्चों बुजुर्गों के लिए जितना उपयोगी उतना ही विनाशक



संजीव ठाकुर

> भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी।

बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए मोबाइल, इंटरनेट वर्तमान युग में जितना उपयोगी है उतना ही उनकी आंखों, शरीर एवं मानसिक विकारों के लिए विनाशक भी है। आज इसके बिना शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी में कार्य नहीं किया जा सकता है पर दूसरी तरफ मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव भी मोबाइल इंटरनेट और कंप्यूटर से पड़ने लगा है।

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है।

आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 60% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में



उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं धोनी माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।

इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।

भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा, जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।

अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरुआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है।

इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए। अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है।

इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है।भया दोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अतः भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें ,कूड़ेदान की तरह नहीं। यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती। बस इसके आर्थिक पक्ष पर भी समुचित नजर रखी जानी चाहिए।

## 13 सितंबर :इतिहास की अहम घटनाएं

1987 एक रेडियोधर्मी वस्तु को ब्राजील के एक अस्पताल में छोड़ दिया गया था, जो कि गोयाअनिया में एक अस्पताल से निकली थी, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मृत्यु हो गई थी और 249 अन्य लोगों में गंभीर प्रदूषण हो गया था।

1988 तूफान गिल्बर्ट 185 मील प्रति घंटे (295 किमी / घंटा) की निरंतर उड़ान-स्तर की हवाओं के साथ 888 एमबी (26.22 इंच) के न्यूनतम दबाव तक पहुंच गया, जो उस समय रिकॉर्ड पर सबसे तीव्र अटलांटिक तूफान बना।

1994 अंतरिक्ष जांच Ulyssus सूर्य के दक्षिण ध्रुव से गुजरती है।

2001 ओसामा बिन लादेन को दो दिन पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवादी हमलों के पीछे प्रधान मंत्री के रूप में नामित किया गया है, जो कि राज्य सचिव कर्नल पॉवेल द्वारा किया गया था।

2006 मॉन्ट्रियल के डॉसन कॉलेज में किमवीर गिल ने अज्ञात कारणों से 19 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

2007 बुर्ज दुबई दुनिया की सबसे बड़ी संरचना बन जाती है।

2007 संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी दुबई स्थित बुर्ज खलीफा दुनिया की सबसे बड़ा इमारत बनी।

2008 दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर पांच विस्फोट हुए, जिनमें कम से कम 30 लोग मारे गए।

2009 इंग्लैंड के डेवोन में एक गुफा के अंदर पुरातत्वविदों द्वारा हाइना, हिरण और गैंडों सहित कई जानवरों की दांत और हड्डियां खोजी गई हैं।

2010 संयुक्त राज्य अमेरिका में एक कुरान को जलाने की सूचना के बाद जम्मू और कश्मीर में विरोध प्रदर्शनों के बाद कम से कम 18 लोग मारे गए।

2011 स्वीडन में, 2011 के असफल गोथेनबर्ग आतंकवादी हमले के लिए गिरफ्तार चार लोगों को अल-कायदा आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा माना जाता है।

2013 द्वितीय विश्व युद्ध का एक गोला लैपलैंड के केमी शहर में स्थित है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सैकड़ों निवासियों को निकाला गया।

राधा को ज्योतिष में शुक्र ग्रह की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। शुक्र ग्रह को ज्योतिष में प्रेम, सौंदर्य,



और सुख का कारक माना जाता है, और राधा को प्रेम और सौंदर्य की देवी माना जाता है। राधा वो शक्ति है जो प्रेम से प्रकट होती है। किसी के दाम्पत्य जीवन में यदि तनाव व कलह हो तो उनको नित्य राधा जी का पूजन व स्मरण करना चाहिए। घर के पूर्व या पश्चिमी दीवार पर राधा जी या कृष्ण राधा की तस्वीर लगानी चाहिए।

**राधा के ज्योतिषीय महत्व:-**

* राधा को शुक्र ग्रह की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है।
* राधा की पूजा से शुक्र ग्रह के अशुभ प्रभावों को दूर किया जा सकता है।
* राधा की पूजा से प्रेम और सौंदर्य में सफलता मिलती है।
* राधा की पूजा से सुख और समृद्धि में वृद्धि होती है।


राधा महारानी के मंत्र:-

*ॐ राधिकायै नमः    राधा कृष्णाय नमः*

**राधाष्टमी की शुभकामनाए**

**राधे राधे astro पं ललित शर्मा हनुमान ज्योतिष जोधपुर (राज)**

## समसामयिक



# शिक्षक दिवस मात्र एक औपचारिकता

**5 सितम्बर** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। परन्तु पूंजीवादी उपाधि प्रधान एवं नौकरी( कैरियर ) परस्त ‘मैकालेयी’ शिक्षा पद्धति व्यवस्था में यह मात्र औपचारिता रह गयी है! भारतीय संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान एवं ख्याति दिलाने वाले भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के योगदान को न आमजन के बीच पहुँचाने के लिए कोई सार्थक पहल की जाती है और न ही शिक्षा और शिक्षकों की दुर्दशा सुधारने के लिए कोई प्रयास किये जा रहे दिख रहे हैं! जबकि आज के परिवेश में उनका जीवन चरित्र एवं दर्शन शिक्षा एवं शिक्षकों की दशा सुधारने में बहुत कारगर हो सकता है! एक समय वह था जब एक सामान्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का बालक मद्रास के एक शासकीय स्कूल और बाद में ईसाई स्कूलों मे समाज की मदद और स्कॉलरशिपों के भरोसे पढ़ते हुए दुनिया का नामी दर्शनशास्त्री बन जाता है। वे एक शिक्षाविद एवं दार्शनिक अध्येता के रूप में भारत के पहले उपराष्ट्रपति और फिर राष्ट्रपति पद तक पहुँचकर ‘भारतरत्न’ से सम्मानित होते हैं। उनके द्वारा दो खंडों में ‘फिलॉसफी ऑफ़ हिंदू दर्शन’ नाम से लिखी कृति विश्व विख्यात है। यह इस बात का द्योतक है कि तब शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान के साथ कौशल एवं चरित्र निर्माण भी हुआ करता था, न कि आज की तरह केवल उपाधि पाकर पैसा कमाने की मशीन बनना-बनाना होता जा रहा है! मशीन चल गयी तो ठीक वरना कबाड़े से बदतर स्थिति... !


इसका अर्थ है कि तब तक उस गुरु-शिष्य परंपरा का अंश चला आ रहा था,जिसकी वजह से भारत दुनिया में सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। परन्तु आज गुरु की जगह पेशेवर अधीनस्थों की तरह शिक्षक पदस्थ किये जाते हैं। निजी क्षेत्र में तो ये बनिया के कारोबार की टीम की तरह ये बंधुआओं की तरह काम करते नज़र आते हैं! आज शिष्य नहीं, ‘स्टूडेंट्स’ होते हैं! विद्यार्थी का मतलब अर्थी-विद्या अर्जन करने वाला-सा होता दिख रहा है।ऐसा लगता है कि कहीं हम ‘द्रोणाचार्यी’ शिक्षा पद्धति की ओर तो नहीं बढ़ रहे? क्योंकि कमोबेश वह भी आज की तरह भेदभाव पूर्ण राजकुमारों के लिए विशेष राज्याश्रित पेशेवर शिक्षा व्यवस्था थी... ! आज यहाँ भी साधन संपन्न एवं प्रभावशाली लोगों के बच्चों के लिए अलग सुविधा है और आमजन के लिए भगवान भरोसेवाली... ! शासकीय सोच की हद तो तब हो जाती है जब कोई नेता या अधिकारी वहाँ निरिक्षण के लिए पहुँता है तो वह ‘मिड डे मील’ के बारे में पूछते, देखते है, बाक़ी अव्यवस्था को देखा- अनदेखा करते हुए चला जाता हैं.. !

यदि यह द्रोणाचार्यी शिक्षा प्रणाली आदर्श होती तो भगवान कृष्ण संदीपनी गुरुकुल में जाकर शिक्षा नहीं पाते! शिक्षा जब तक सबके लिए बराबरी से उपलब्ध नहीं होती तब तक सर्वोदय एवं सामाजिक न्याय की बात करना बेमानी है! विडंबना है कि बात संस्कार-संस्कृति की, की जाती है,परन्तु शिक्षा ईसाई पद्धति की पसंद की जाती है! नतीजतन पारिवारिक एवं सामाजिक भाषा-संस्कारों वाले परिवेश में पला अबोध बालक उससे विपरीत परिवेश वाले अंग्रेज़ी स्कूल में पढ़ेगा तो उसका चरित्र निर्माण कैसा होगा, यह समझा जा सकता है! ऊपर से धर्म परिवर्तन भले ही न हो, परन्तु धीरे-धीरे अनजाने में उसका दिलो-दिमाग़ी परिवर्तन ज़रूर हो सकता है! वह न घर का रहता न घाट का! जब उसका दिमाग़ वह दुविधापूर्ण मनोस्थिति के द्वन्द्व को नहीं सह पाता, तब वह मनोरोगी की तरह नशीली दवाओं एवं अनैतिक कृत्यों की तरफ़ भागता है! गांधीजी ने बाईस बरसों के साउथ अफ्रिका प्रवास के दौरान इस क्षेत्र में लेकर कई प्रयोग किये, उनके आधार पर ‘हिंद स्वराज्य’ में ‘नई तालीम’ नाम से भारत के लिए शिक्षा प्रणाली की वकालत की। जिसे उन्होंने यहाँ अपने 18 सेवा कार्यों में जोड़ा और स्कूल खोले। उनकी इस सोच के पीछे भारत की सांस्कृतिक विरासत में चली आ रही गुरु-शिष्य शिक्षा प्रणाली होना चाहिए! नई तालीमी शिक्षा यानी बुनियादी शिक्षा! जिसके अंतर्गत ज्ञान और कार्य ( कौशल क्षमता ) अलग-अलग नहीं हैं। स्थानीय भाषा, परिवेश और परिस्थितिवश उपलब्ध हस्तकलाओं के माध्यम से शरीर ,मन और आत्मा की शिक्षा के साथ पुस्तकीय ज्ञान दिया जाना ही ग्रामीण प्रधान देश के लिए सर्वोत्तम है। बिना अपनी भाषा एवं परिवेश के राष्ट्रीय जरुरतों के अनुरूप ज्ञान एवं कौशल नहीं पाया जा सकता! गांधीजी के अनुसार- शिक्षा- आजीवन सामाजिक चरित्र के रूप में एक समग्र प्रक्रिया के माध्यम से दी जाये, जो व्यक्ति की आजीविका के साथ आजीवन नैतिक विकास के रूप में उसका व्यक्तित्व निर्माण करे!

**-डॉ. सुरेश गर्ग**

# गणेश जी के बहाने चंद्रचूड़ पर डोरे

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूड़ के घर गणेश जी की आरती करने यदि प्रधानमंत्री शिर नरेंद्र दामोदर दास जा पहुंचें तो आपको चौंकना नहीं चाहिए। ये मोदी जी की दरियादिली है या कोई गणित ये गणेश जी को पता है या मोदी जी को ,लेकिन हम जैसे बहुत से कूढ़ मगज मोदी जी की इस पेशकदमी के भी निहितार्थ तलाशने लग जाते हैं। आखिर हमारा काम ही है ये।



राकेश अचल

मुंबई हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या फिर देश का दूसरा इलाका। हर जगह गणेश उत्सव की धूम नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार गणपति पूजन में शामिल हो रहे हैं। मोदी जी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के घर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री ने गणपति बप्पा की आरती की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। मोदी ने इस खास मौके के लिए मराठी पोशाक को चुना। वे टोपी और गोल्डन धोती-कुर्ता पहनकर पहुंचे।भगवान गणेश के पूजन से जुड़ी कुछ तस्वीरें पीएम ने X पर भी शेयर की हैं। जिसके साथ उन्होंने लिखा- भगवान श्री गणेश हम सभी को सुख, समृद्धि और



स्वास्थ्य प्रदान करें।

मोदी जी के ऊपर अक्सर ये आरोप लगता है कि वे कहीं आते-जाते नहीं है। लेकिन मोदी जी ने मुख्य न्यायाधीश महोदय के घर गणेश आरती कर इन आरोपों को झुठला दिया ,अब जितने मुंह हैं उतनी बातें तो होंगी ही। सवाल ये है कि क्या मोदी जी को चंद्रचूड़ जी ने आमंत्रित किया था या फिर मोदी जी अपनी तरफ से चंद्रचूड़ जी के घर पहुँच गए? यदि वे आमंत्रण पर गए तो सवाल उठेगा कि सीजेआई को अचानक मोदी जी के प्रति ये प्रेम कैसे उमड़ पड़ा और यदि मोदी जी ने खुद ये पहल की तो सवाल किया जाएगा की मोदी जी को गणेश जी की अभ्यर्थना के लिए अचानक देश के मुख्यन्यायाधीश का घर ही क्यों नजर आया।

मोदी जी का मुख्य न्यायाधीश के घर जाना संकेतों से भरा हुआ है। ये संकेत देश की राजनीतिक लिए,देश की न्यायपालिका के लिए शुभ भी हो सकते हैं और नहीं भी। आपको याद होगा कि प्रधानमंत्री जी और उनकी पार्टी को न्यायिक सेवा के लोग बहुत प्रिय है। भाजपा पूर्व में पूर्व के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई को पार्टी में शामिल कर राज्य सभा में भेज चुकी है। गनीमत ये है कि उन्हें अभी तक केंद्र सरकार में मंत्री नहीं बनाया गया। एक पूर्व न्यायाधीश एक प्रदेश के राज्य पाल बने हुए हैं। सवाल ये है की ऐसा हुआ क्यों?

आपको बता दें कि डीवाय चंद्रचूड़ साहब को 18 अक्टूबर 2022 को देश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया थ। वे 10 नबंवर 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में क्या मोदी जी ने गणेश पूजन के बहाने उनके घर जाकर उनसे १० नबंवर के बाद नई पारी भाजपा के साथ शुरू करने का आमंत्रण दिया गया है ,या फिर वे केवल सौजन्यवश मुख्य न्यायाधीश जी के घर गए। वैसे ये मोदी जी का निजी मामला होता लेकिन मोदी जी देश के प्रधानमंत्री भी हैं और तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं इसलिए उनका हर कदम देश - दुनिया को चौंकाता है।चंद्रचूड़ साहब महाराष्ट्र से आते है। महाराष्ट्र में सम्भवत नबम्वर में ही विधानसभा के चुनाव भी हैं और महाराष्ट्र में ही भाजपा गहरे संकट में भी है। तो क्या मोदी जी मुख्य न्यायाधीश जी के गणेश जी को या खुद मुख्य न्यायाधीश जी को मानाने की जुगत में हैं। कालनेम की माया को जिस तरह कोई नहीं जान सकता उसी तरह माननीय मोदी जी की माया को भी राजनीति के पंडित शायद जान नहीं पाते।

मोदी जी लोगों के यहां न सिर्फ गणेश पूजा पार बल्कि आम दिनों में भी आएं-जाएँ तो अच्छा लगा। वे माकपा नेता सीताराम येचुरी का स्वास्थ्य देखने यदि एम्स जाते तो देश को और भी अच्छा लगता ,लेकिन सीताराम एचडी कोई गणेश नहीं है। महाराष्ट्र से भी उनका कोई लेना देना नहीं है। इसलिए माननीय मोदी जी का उन्हें देखने जाना कोई अहमियत नहीं रखता। मोदी जी जहां जाते हैं अहमियत देखकर जाते हैं। मुझे मोदी जी गणपति जी की आरती करते समय गांधी टोपी लगाए हुए बहुत सुदर्शन लगे। मई कामना करता हूँ की उनकी ऐसी ही समाजिक तस्वीरें भविष्य में बड़ी संख्या में नजर आएंगीं।

मोदी जी दुनिया के शबे ज्यादा लोकप्रिय और व्यस्त नेता हैं। वे राहुल गाँधी की तरह फालतून्हीं है। उनके पास भले हिमनपुर जाने का समय न हो लेकिन वे मुख्य न्यायाधीश के घर गए ये कबीले तारीफ ह। इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा,क्योंकि मुझे याद नहीं आता की देश का कोई भी प्रधानमंत्री किसी मुख्य न्यायाधीश के घर गणेश पूजने गया हो। आपको याद हो तोमुझे दुरुस्त कर सकते हैं। वैसे भी आप मुझे समय-समय पर दुरुस्त करते ही रहते हैं और मै समय-समय पर अपने पाठकों से क्षमा मांगकर पर्यूषण पर्व मानता ही रहता हूँ।

# बारिश बनीं किसानों की चिंता का कारण, अधिकांश फसलें बर्बाद



नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार



फिरोजाबाद। जनपद में लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखनें लगी है। लगातार हो रही बारिश से किसान की अधिकतर फसलें खराब होती दिख रही है। किसानों ने बताया कि इस तरह की बारिश कई वर्षों के बाद हुई है।

जनपद में लगातार हो रही बारिश अधिकतर किसानों के लिए परेशानी बन गई है। बारिश इतनी है कि सारी फसले डूब गई है। किसानों ने बताया कि हमने

ब्याज और लोन लेकर फसलें तैयार की है। लेकिन इस बार बारिश ने कहर ढा दिया है। किसानों ने बताया कि लगातार हमें दो वर्षों से घाटा ही पड़ रहा है। जनपद के नारखी क्षेत्र में 90 प्रतिशत एरिया में मिर्च, टमाटर, बैंगन, बंद गोभी, फूल गोभी आदि सब्जियों की फसल लगायी जाती है जो की खेतों में पानी भरने से पूर्ण रूप से खत्म हो गई है। किसानों ने अपनी फसलें बचाने का हर संभव प्रयास किया है। लेकिन बारिश से फसल पूरी तरह बर्बाद होती दिख रही है। बारिश किसानों के लिए कहर बनकर आई है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसान खेत में लगातार ट्रॉलिया चलाकर पानी निकालने की कोशिश कर रहे है। बारिश में किसानों की मेहनत पूरी विफल होती जा रही है।

किसानों के साथ साथ किसान नेताओं ने सरकार से नुकसान के लिए गुहार लगायी है। किसानों का कहना है कि सरकार फसल और भूमि चिन्हित करके 50,000 रुपये प्रति बीघा मुआवजा दें तभी किसान इस बारिश से हुई आर्थिक तंगी से निकल पायेंगा ।



भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन जनपद फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल यादव ने बताया कि तेज बारिश के चलते किसानों की काफी बीघा फसल बर्बाद हो गई है । जानकारी मिलने पर हमने मौके पर जाकर देखा तो मिर्च , बाजरा , टमाटर, बैंगन, बंद गोभी, फूल गोभी आदि की फसलों पर तेज बारिश का असर रहा है और फसलें बर्बाद हो गई हैं । किसान परेशान हैं किसानों की चिंता तेज बारिश ने बड़ा दी हैं तथा किसान हित में संगठन की ओर से हम ये मांग प्रशासन व सरकार से करते हैं की जल्द ही बारिश के कारण किन किन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं उसका सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए ।

**प्रेम अतुल यादव (जिलाध्यक्ष)**

## भंयकर बारिश से सड़कों से घरों तक भरा पानी, खाने से सोने तक परेशान लोग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । लगातार तेज बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है । तेज बारिश ने लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। जनपद के नई आबादी रामगढ़ ,कश्मीरी गेट, अब्बास नगर, 12 बीघा,दीदामई सेलई,हुमायूंपुर ,नगला बरी , सरजीवन नगर आदि के साथ साथ अन्य जगहों पर तेज बारिश के चलते सड़कों पर भारी मात्रा में जलभराव हो गया है तथा लोग घरों से निकलने में विफल नजर आ रहे हैं । कहीं-कहीं तेज बारिश के चलते पानी घरों में अंदर भर गया है तथा लोगों को खाना बनाने से लेकर सोने तक के लिए दिक्कत पैदा कर दी है । घरों में बारिश के साथ साथ नाले के गंदे पानी भर जाने से लोगों को महामारी एवं बीमारी होने की आशंका भी सताने





लगी है । लोगों ने प्रशासन से डॉक्टर टीम मुस्तैद करने की अपील की है । करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमतुल्लाह खान ने कहा कि तेज बारिश के चलते लोगों के घरों में पानी भर गया है जिसे निकालने की नगर निगम को व्यवस्था करनी चाहिए तथा डाक्टरों की टीम मुस्तैद की जानी चाहिए जिससे बीमारी से बचा जा सके ।

सेलई निवासी शिक्षक नेता व सहायक अध्यापक भुवनेश चंद्रा ने कहा की तेज बारिश के चलते किसान गरीब मजदूर से लेकर हर व्यक्ति के जीवन को दिनचर्या पर प्रभाव पड़ा है । बारिश का पानी घरों में भर जाने से लोगों को खाना बनाने से सोने तक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है नगर निगम को इस पर ध्यान देना चाहिए तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा जल भराव वाले क्षेत्रों में कैंप लगाकर जांच करनी चाहिए जिससे कोई व्यक्ति महामारी का शिकार ना हो तथा बीमारी से लोगों को बचाया जा सके ।

## पोल पर चढ़ा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। विगत दो दिन से लगातार बारिश होने के चलते जंगली जानवर सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहे हैं। ऐसे में गुरुवार को शहर के थाना लाइनपार क्षेत्र में एक छह फीट का अजगर जमीन पर बारिश होने के चलते बिजली के पोल पर चढ़ गया। राहगीरों ने जब उसे देखा तो वन विभाग की टीम को सूचना दी। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद अजगर सांप को पकड़ा जा सका। पूरा मामला शहर के प्रदीप नगर कान्हा होटल के सामने बिजली के खंभे का है। जहां गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे राहगीरों को बिजली के पोल पर एक अजगर नजर आया। अजगर बिजली के तारों से लिपटा हुआ था। बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति बंद थी। तभी राहगीरों ने वन विभाग के



अधिकारियों को अजगर निकलने की सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने डंडे के सहारे अजगर को बिजली के पोल से नीचे गिराया। छह फीट लंबे अजगर को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। अजगर लोगों के लिए कौतूहल बन गया। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद अजगर को पकड़ा जा सका। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह अजगर जब किसी व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लेता है। उसके पूरे शरीर को तोड़कर रख देता है। प्राण निकलने तक उसे चपेटे रखता है। मर जाने के बाद उसे निगल जाता है। इस अजगर को जंगल में छोड़ा जाएगा।

## बूथों पर पहुंच जिला प्रभारी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

जसराना । पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जसराना विधानसभा के एक दर्जन से अधिक बूथों पर पहुंचे। जहां लोगों को पार्टी की रीतियों एवं नीतियों से अवगत कराते हुए लोगों को सदस्यता दिलवाई। इस दौरान कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज जसराना विधानसभा क्षेत्र में आने वाले खैरगढ़, फरिहा, एका, पाढम, रानी अवन्तीबाई, जसराना मण्डलों में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने सैकडों की संख्या में नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी से जोडने का कार्य किया। इस दौरान जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भाजपा पार्टी के प्रति ग्रामवासियों में जो विश्वास और उत्साह है , यही भाजपा की असली ताकत है। गरीब कल्याण तथा विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति समर्पित एवं अग्रसित भाजपा परिवार को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह सदस्यता अभियान सार्थक सिद्ध हो रहा है। राष्ट्र से लेकर गांव तक अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना हेतु सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए घर घर सम्पर्क भाजपा कार्यकताओं द्वारा किया जा रहा है ताकि भाजपा परिवार से हर वर्ग के व्यक्ति को पार्टी की विचारधारा से जोड़ सकें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह अभियान भाजपा परिवार को और विस्तारित करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की ओर एक सशक्त कदम है। ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर हर वर्ग के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है , जो देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए एकजुट हैं। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को प्रगति के नए पथ पर आगे बढ़ाएं। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ शर्मा, सुरेंद्र सावन झा, एका चेयरमैन माया देवी सागर, राजेश चौहान, अतुल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## बारिश बनी हादसे का कारण, मकान गिरने से मकान मालिक गंभीर घायल

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। गुरुवार को लगातार बारिश के चलते तहसील टूण्डला के गांव मोहम्मदाबाद में अचानक एक मकान गिर गया। मकान गिरने से मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गयें है। साथ ही मकान मालिक के बेटे को भी छोटी मोटी चोटें आयी है। मकान मालिक को ज़िला अस्पताल रेफर किया गया है।

जनपद में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते ग्राम मोहम्दाबाद में एक मकान गिर गया। मकान मलिक कैलाश शर्मा और उनकी दो लड़कियाँ और एक लड़का मकान गिरतें समय मकान में ही मौजूद थे। मकान में मौजूद मालिक कैलाश शर्मा और उनका लड़का





गंभीर रूप से घायल हो गयें। परिजनों के द्वारा मकान मालिक को सीएचसी टूण्डला ले जाया गया लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें ज़िला अस्पताल रेफर किया गया है। मकान मालिक के सिर में गंभीर चोट आयी है। मकान गिरने से उसमें घरेलू सामान मलबे में दब गया। जानकारी मिलने पर लेखपाल प्रबल प्रताप सिंह और ग्राम प्रधान मौके पर पहुँचें।

## कूलर में करंट आने से युवक की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/शिकोहाबाद । जनपद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव उरमुरा किरार में एक युवक को कूलर से करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेजा है। उरमुरा किरार निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार अपने घर पर चारपाई पर लेटा हुआ था। कूलर चलाते समय वह उठा और कूलर को पकड़कर अपनी ओर घुमाने का प्रयास करने लगा। तभी कूलर में अचानक करंट दौड़ गया, जिसके चलते उसे करंट लगने से उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन मौके पर आ गए। वह जब मौके पर पहुंचे तब जितेंद्र जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं। वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। कूलर से करंट आने की वजह से उसकी मौत हो गई इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार का कहना है कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है।

## बरसात के कारण गांव में नहीं पहुंच सकी चिकित्सा टीम



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। वायरल बुखार से पीडित दो व्यक्तिओं की मौत के बाद जहां गांव में लोग आशंकित हैं। वहीं दो दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण सामुदायकि स्वास्थय केंद्र से गई टीम गांव में नहीं पहुंच सकी। गांव में जाने के लिए रास्ता खराब हो गया है। तहसील के गांव कुशियारी के गांव नगला मानसिंह में बुखार से दो डिप्टी सिंह एवं रामवीर सिंह की बुखार से मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने तीस से अधिक लोगों के बुखार एवं अन्य बीमारियों से पीडित होने की जानकारी दी थी। मंगलवार की देर सायं से हो रही बरसात बृहस्पतिवार को भी जारी रही। बृहस्पतिवार को भी बरसात होने के चलते गांव में चिकित्सा टीम नहीं पहुंच सकी। अधीक्षक की माने तो गांव तक जाने वाला रास्ता काफी जर्जर हो चुका है और पानी भरा हुआ है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विमल उपाध्याय ने बताया आशा द्वारा सर्वे कराया गया है कोई भी बीमार नहीं मिला है। फिर भी एहतियात के तौर पर टीम भेजी गई थी लेकिन रास्ता खराब होने के कारण टीम नहीं पहुंच सकी।

## आगरा से वाराणसी जाने वाली नई वंदे भारत के शुभारंभ की तिथि में बदलाव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूण्डला। आगरा से वाराणसी के मध्य वाया टूंडला बन्दे भारत के संचालन पर खुशी जाहिर करते एवं रेल मंत्रालय का आभार प्रकट करते हुए क्षेत्रीय रेल उपायोगकर्ता



परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की सदस्य संध्या गौतम ने कहा कि रेलवे की पहल से टूरिज्म को और बढ़ावा मिलेगा। आध्यात्मिक नगरी में दर्शन-पूजन और भ्रमण के बाद पर्यटक आसानी से ताज नगरी पहुंच जाएंगे। संध्या गौतम ने बताया कि आगरा से वाराणसी जाने वाली नई वंदे भारत के शुभारंभ की तिथि में बदलाव हुआ है। अब रविवार 15 सितंबर के स्थान पर सोमवार 16 सितंबर को केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा से टूण्डला जंक्शन तक नई बंदे भारत में यात्रा करेंगे और टूण्डला से हरी झंडी दिखाकर वाराणसी के लिए रवाना करेंगे।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, लोगों में हड़कंप

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद । जनपद के थाना फरिहा क्षेत्र के गांव सुनाव मे बबुल के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला । ग्रामीण खेतों की तरफ गए उन्होंने दुर्गंध को महसूस किया और आगे बढ़ते गए जब नजदीक जाकर देखा तो बाबुल के पेड़ पर रस्सी पर एक युवक का शव लटक रहा था जो काफी देर तक युवक की पहचान ग्रामीण करते रहे मगर जब कुछ समझ नहीं आया वहीं उन्होंने थाना फरिहा



पुलिस को सूचना दी और मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गई । पुलिस ने काफी छानबीन की तो पता चला कि युवक का नाम सत्यवान उम्र करीब 26 वर्ष बताई गई है जो के थाना फरिहा क्षेत्र के गांव सुनाव का निवासी था । मृतक की मां कमला देवी ग्राम चौकीदार है तथा मृतक युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था उसी के चलते सत्यवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इधर तेज बारिश भी हो रही थी उसी में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे काफी जल भराव के बीच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## अखिल भारतीय प्रधान संगठन का दो दिवसीय चिन्तन शिविर 16 से होगा आरंभ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा है कि संगठन का अधिवेशन/चिंतन शिविर आगामी 16 - 17 सितंबर 2024 को (पीतलनगरी) मुरादाबाद में आयोजित किया गया है जिसमें प्रधानों एवं पंचायतों की दशा एवं दिशा पर विस्तार से चर्चा होगी तथा आगे की रणनीति तैयार




की जाएगी शिविर को दूसरे दिन आध्यात्मिक गुरु रविशंकर द्वारा भी संबोधित किया जाएगा। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों सहित ब्लाक के समस्त पदाधिकारियों सहित सभी प्रधान साथियों से अनुरोध है कि 16 सितंबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे मुरादाबाद पहुंचकर अपनी और पंचायतों की ताकत का एहसास कराकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# तेज बारिश से गलियां बनी तालाब, नगर निगम बनने के बाद भी नहीं बदले शहर के हालात

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जनपद में मंगलवार से हो रही तेज बारिश के चलते जनपद में हर जगह गली मोहल्ले ताल तलैया बन गए हैं। वहीं, मकान और प्रतिष्ठानों की छत भी टपकने लगी हैं। जरूरी काम काज से लोग घरों से छाता लेकर निकल रहे हैं।

वहीं नगर निगम बनने के बाद भी शहर के हालात नहीं बदले। मंगलवार रात 3 बजे से जिले में बारिश शुरू हुई जो गुरुवार सुबह तक जारी है। सर्विस रोड ताल तलैया हो गए। जिसके चलते नगरवासियों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। बुधवार पूरी रात बारिश होती रही है जिसके चलते प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी कर दी है तो वही विद्युत व्यवस्था जगह-जगह ध्वस्त







हो गई है। कई जगह विद्युत तार टूटने की वजह से कर्मचारी बारिश में ही विद्युत आपूर्ति सुचारू करने में लगे हुए हैं। बिजली न आने के कारण घरों में पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। फिरोजाबाद शहर में बुधवार सुबह से गायब हुई बिजली रात को शुरू हुई। तो वहीं टूंडला के बिजली घर में पानी भर जाने के चलते मोटर लगाकर पानी निकाला गया।

सुहागनगरी की सड़कें ताल तलैया बन गईं। दो पहिया वाहन सर्विस रोड पर बंद हो गए, जिनमें धक्के लगाते हुए लोग नजर आए। वहीं, अंडरपास में भी पानी भर गया। जहां से लोगों को निकलने में परेशानी हुई। अधिक बारिश होने के कारण जिला अस्पताल परिसर में भी पानी भर गया। दोपहिया वाहनों पर राहगीर बारिश का आंनद लेते हुए भी नजर आए। वहीं, घरों की छतों पर बच्चे नहाते नजर आए। मूसलाधार बारिश को लेकर शहरवासियों का कहना है कि सावन के महीने में इतनी तेज बारिश नहीं हुई जितनी तेज बारिश अब हो रही है। लगातार बारिश होने से घर और दुकान की छतों से पानी टपकने लगा है।

## ब्रीफ समाचार

## मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची तैयार

■ 17 सितम्बर तक नि :शुल्क निरीक्षण कर आपत्ति एवं सुझाव कर सकते हैं प्रस्तुत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला सहारनपुर के अन्तर्गत 01-बेहट, 02-नकुड, 03-सहारनपुर नगर, 04-सहारनपुर, 05-देवबन्द, 06-रामपुर मनिहारान (अ०जा०) एवं 07-गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची तैयार हो गई है, जो समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, तहसीलदारों के कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, सहारनपुर में जनसाधारण के निःशुल्क निरीक्षणार्थ 11 सितम्बर 2024 से 17 सितम्बर 2024 तक प्रत्येक कार्यदिवस को कार्यालय समय में उपलब्ध रहेगी। डीएम मनीष बंसल ने कहा कि इस अवधि में कार्यालय समय के अन्तर्गत आलेख्य सूचियों का निरीक्षण किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को उस पर कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह सम्बन्धित तहसील कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में अपनी आपत्ति या सुझाव लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक



■ वेस्ट प्लास्टिक एकत्रित करने के लिए चलाया जायेगा अभियान

■ श्रमदान कराते हुए कराया जाए वेस्ट प्लास्टिक एकत्रित

■ निकाली जाए प्लास्टिक की शवयात्रा, गम की जगह हो खुशी का माहौल

■ स्कूलों और कॉलेजों के स्टूडेंट्स की टीम करेंगी प्लास्टिक एकत्रित

■ पौधरोपण की एक सप्ताह में करें शत प्रतिशत जियो टैगिंग

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण और गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने जनपद में हुए पौधरोपण की समीक्षा करते हुए जियो टैगिंग एक सप्ताह में करने के निर्देश उन सभी विभागों को दिए जिन्होंने अभी तक शत-प्रतिशत टैगिंग नहीं की। मेला गुघाल में गठित कमेटी को निर्देशित किया कि पर्यावरण सुरक्षा को सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खुले मैदानों में पड़े वेस्ट प्लास्टिक को एकत्रित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के स्टूडेंट्स की टीम बनाकर श्रमदान कराते हुए प्लास्टिक को एकत्रित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने एकत्रित प्लास्टिक की शवयात्रा निकालने के भी निर्देश दिए। इकट्ठा प्लास्टिक का निस्तारण करने के लिए नगर निगम को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कैलाशपुर वेटलैण्ड में गिर रहें गंदे पानी के निस्तारण के संबंध में नाले की सफाई के साथ उस क्षेत्र को विकसित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। श्री मनीष बंसल ने बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के संबंध में जानकारी लेते हुए चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि जनपद के सभी रजिस्टर्ड अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में में होने वाले बायो मेडिकल वेस्ट की जानकारी उपलब्ध कराएं। गणेश महोत्सव के दौरान होने वाले विर्सजन का समुचित तरीके से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। डीएफओ श्वेता सेन ने कहा कि जिला पर्यावरण समिति के सदस्यों के साथ एक गूगल शीट का लिंक शेयर किया गया जिसमें सभी सदस्य अपने एजेण्डा प्रस्तुत कर सकते है, जिससे आगामी बैठक में उन एजेण्डा पर विचार-विमर्श किया जा सके। बैठक में पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार, रविन्द्र मिगलानी, अनुपम गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गंगोह विधायक चौधरी कीरत सिंह ने किया सीसी गलियों का शिलान्यास



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गंगोह।** गंगोह विधायक चौधरी कीरत सिंह ने नगर की बाबा हरिदास कॉलोनी और अम्बा विहार कॉलोनी में अपनी विधायक निधि से बनने वाली सीसी गलियों का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख चौ. शिवराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. वीरसिंह भावुक, नगर मंडल अध्यक्ष राजेश गांधी, डॉ. राधेश्याम सैनी, अर्जुन सैनी, विनोद शर्मा, नवाब चौधरी, विकास चौधरी, संजय कम्हेडा, मदन चौधरी, सुधीर पंवार, नरेंद्र तायल, प्रदीप तायल, राजेश काका, शशांक गोयल, गगन गर्ग, अमरीश चैधरी, चै. राज सिंह, सभासद नीरज अग्रवाल और सभासद शालू पंवार भी उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि यह सीसी गली निर्माण कार्य नगर के विकास को और गति देगा और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं और ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते रहेंगे। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक की इस पहल का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आखिर प्रमोशन होने के बावजूद पुराने पद को क्यों नहीं त्यागना चाहते हैं महेन्द्र

### गतमाह पांच जुलाई को प्रमोशन के हुए थे आदेश, अभी भी छोड़ने को तैयार नहीं पुराना पद

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** जहां एक ओर व्यक्ति अपने प्रमोशन को लेकर तरह-तरह की सिफारिशें लगाकर अपनी प्रोन्नति को आतुर रहता है और कोई भी मौका नहीं छोड़ता। परन्तु जनपद सहारनपुर में एक ऐसे भी कर्मचारी हैं जो प्रोन्नति होने के बावजूद पुरानी जगह को छोड़ने को तैयार नहीं है। जी हां मामला सामाजिक वन प्रभाग की नकुड़ रेंज में तैनात एक वन रक्षक का है जिनका गत पांच जुलाई 2024 को प्रमोशन ऐसे हुआ था कि उन्हें रेंज छोड़कर दूसरी डिविजन में तैनाती लेनी होगी के आदेश मिले। साथ ही आदेश में लिखा कि उनकी तैनाती शिवालिक वन प्रभाग डिविजन में कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रभावी मानी जायेगी। परन्तु सामाजिक वन प्रभाग की नकुड़ रेंज में कार्यरत वन रक्षक महेन्द्र सिंह प्रमोशन मिलने के दो माह से अधिक समय गुजरने के बाद भी अपनी पुरानी जगह छोड़ने को तैयार नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर वन्य कर्मचारी वन रक्षक से वन दरोगा बनने के बाद भी वन रक्षक के पद पर ही आखिर क्यों बने रहना चाहते हैं,इसमें कई रहस्य छुपे हैं। जिसमें मुख्य रूप से वर्षो से एक ही जगह पर जमा होने से अवैध कार्य करने वालों से मजबूत सांठ-गांठ होना,दूसरे तैनाती घर के नजदीक होने से कर्मचारी विभागीय कम अपने घरेलू कार्यो को अधिक अंजाम दे सकता है आदि-आदि। अब सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिर प्रोन्नति मिलने के बाद भी कोई कर्मचारी पुराने व छोटे पद पर क्यों बने रहना चाहता है। आपको बता दें कि वन रक्षक महेन्द्र सिंह डेली बेसिस पर विभाग में इसी क्षेत्र में लगे थे और यहीं रहते वह नियमित हुए और लम्बे अरसे से इसी स्थान पर ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। चर्चा यह भी है कि वन रक्षक महेन्द्र सिंह अधिक अवैध कमाई के चलते पुराना



पद त्यागना नहीं चाहते। शायद यही वजह है कि वन रक्षक महेन्द्र सिंह के सामने उनकी प्रोन्नति कोई महत्व नहीं रखती। महेन्द्र सिंह का प्रोन्नति के बावजूद पुराना पद न छोड़ना वन विभाग में बानगी भर मामला है। जबकि सामाजिक वन प्रभाग अथवा शिवालिक वन प्रभाग में कई अन्य मामलों में ट्रांसफर नियमावली को लेकर शासनादेशों की धज्जियां उड़ती रही हैं और ऐसा लगता है जैसे पटल चेंज के मामले केवल खानापूर्ति को किये जाते हैं। जबकि एक पटल पर अधिक से अधिक तीन वर्ष तक कोई कर्मचारी रह सकता है और एक डिविजन में अधिक से अधिक सात वर्ष तक सेवा दे सकता है। साथ ही गृह जनपद में सर्विस करने की भी अनुमति किसी सरकारी कर्मचारी को नहीं है,परन्तु नियमों से हटकर विभाग में न जाने क्या-क्या हो रहा है। जहां डेली बेसिस पर प्रारम्भ में लगे थे जो नियमित होने के बावजूद भी उन्हीं स्थानों पर डटे हैं। जो कि सरासर नियम विरूद्ध है और शासनादेश का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसा लगता है कि विभाग में शासन के नियम कानून कोई मायने नहीं रखते। आपको बता दें विभाग से जारी प्रोन्नति आदेश में साफ-साफ लिखा है कि प्रमोशन तभी प्रभावी माना जायेगा जब कर्मचारी द्वारा दूसरी डिजिवन में चार्ज ले लिया जायेगा। परन्तु वन्य कर्मचारी द्वारा बिना चार्ज लिये हैं वर्दी ग्रहण कर ली गयी जिसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। प्रमोशन आदेश के अनुसार वन्य कर्मचारी द्वारा वन दरोगा की वर्दी धारण करना तब तक वैध नहीं जब तक वह दूसरी डिविजन में चार्ज न ले लें। मगर यहां बिना चार्ज लिये ही वन रक्षक दरोगा जी की वर्दी पहने दिखाई दे रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब आज दिनांक तक पुरानी सीट पर ही जमे हैं तो उनका वर्दी धारण करना पूरी तरह अवैध ही होगा। वहीं डीएफओ श्वेता सैन का कहना है कि डिविजन चेंज करन के बाद ही प्रभावी माना जायेगा, उसके बाद ही वह वन दरोगा की वर्दी धारण कर सकते हैं। उनके संज्ञान में नहीं है कि अभी तक कर्मचारी महेन्द्र सिंह द्वारा चार्ज ग्रहण नहीं लिया है। यदि मामला ऐसा है तो कर्मचारी को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। अब देखना है कि डीएफओ महोदया इस प्रकरण में निष्पक्षता से क्या कार्यवाही अमल में लायेंगी।

## सपा पिछड़ों, दलितों, गरीबों की हितैषी पार्टी: चौधरी भूपेंद्र

■ सपा नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर पर लगाए आरोप, धनौरा विधानसभा क्षेत्र में एससी-एसटी के झूठे हो रहे मुकदमे दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के पति व सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने गुरूवार को पार्टी कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार पर संविधान को खत्म करने व लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनपद अमरोहा के धनौरा क्षेत्र में सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट के झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। कहा कि हाल ही में गजरौला की प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका द्वारा शिक्षामित्र के विरूद्ध एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है जो कि गलत है। कहा कि पुलिस द्वारा एससी-एसटी एक्ट के मुकदमों की निष्पक्ष जांच की जाये, वरना समाजवादी पार्टी जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के



लिये बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गरीब, दलितों, पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। एससी-एसटी एक्ट की धारा गरीब, दलित, वंचित समाज के लोगों की रक्षा के लिये बनाई गई है। इस धारा से हमें कोई आपत्ति नहीं है, मगर इस धारा का दुरूपयोग किया जा रहा है। जो कि सहन नहीं किया जायेगा। कहा कि जो व्यक्ति गलत करे, उसके विरुद्ध कानून के नियमानुसार कार्यवाही होनी चाहिये।

## जिलाधिकारी ने लेबर कॉलोनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

### आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा लेबर कॉलोनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नारागजी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में मानक के अनुसार जीवन रक्षक औषधियों की उपलब्धता कम पाए जाने पर अवगत कराया गया कि औषधियों की डिमाण्ड सीएमओ कार्यालय से की गयी है। इसके लिए जिलाधिकारी ने सीएमओ से आख्या उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। श्री मनीष बंसल ने लैब टैक्नीशियन के अप्रशिक्षित पाए जाने पर मुख्य



चिकित्साधिकारी को इनकी ट्रेनिंग कराने को कहा। स्टाक रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को लगाए जाने वाले टीकों की सूची एवं लैब स्थल पर यह प्रदर्शित किया जाए कि कौन सी जांचे निःशुल्क की जाती है जिससे आमजन को पारदर्शिता के साथ सही जानकारी एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर एसीएमओ सहित चिकित्सालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया मेला गुघाल का स्थलीय निरीक्षण

### विद्युत सुरक्षा के लिए झूला स्वामियों को लेनी होगी एनओसी, जमा करना होगा शपथ पत्र

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने 13 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेला गुघाल का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री की दुकानों को स्थान चिन्हित कर एक ही जगह लगाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दुकान पर प्लास्टिक के तिरपाल का प्रयोग न हो। खाद्य सामग्री बनाने वाली दुकानों में टीन शेड का प्रयोग किया जाए। प्रसाद के विक्रेताओं को स्वास्थ्य के दृष्टिगत प्रसाद को ढककर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकान का स्थान चिन्हित करते हुए यह भी ध्यान दिया जाए कि आपातकाल स्थिति में अग्निशमन सहित अन्य वाहनों की पहुंच आसानी से हो सके। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि मेले में झूला लगाने के लिए स्वामी के द्वारा विद्युत विभाग से विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत शपथ पत्र उपलब्ध कराते हुए एनओसी लेना



अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों पर जलभराव की स्थिति पाई गयी जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और पीडब्ल्यूडी एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए इस समस्या का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानों के बीच उचित गैप रखा जाए। श्री मनीष बसंल ने मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल, मजबूत बैरिकेटिंग, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सौंपी गयी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। नाले एवं नालियों की साफ-सफाई के साथ ही फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, अपर नगर आयुक्त राजेश यादव, उप जिलाधिकारी सदर युवराज सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार ने प्रेस परिषद अध्यक्ष से लगाई फर्जी मुकदमों को समाप्त कराने की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**सहारनपुर।** पत्रकार मोनू कुमार के साथ विगत दिनों सहारनपुर विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट के सम्बंध में एक लिखित पत्र भारतीय प्रेस परिषद दिल्ली अध्यक्ष को भेजा गया है। जिसमें पत्रकार मोनू कुमार ने बताया कि उनके द्वारा सहारनपुर विकास प्राधिकरण के भ्रष्टाचार को लेकर तथा अवैध निर्माण सम्बंधी गतिविधियों को लेकर लम्बे समय से समाचार प्रकाशित करता आ रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत कर आरटीआई के माध्यम से भी जानकारियां लेकर खबरे प्रकाशित की थी। आगे बताया कि जनहित में अवैध निर्माण व भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु पत्राचार कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराता रहता है। पत्र में मोनू कुमार ने बताया कि वह एक खबर के सिलसिले में गत 25 जुलाई 2024 को सहारनपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में पहुंचा तो वहां के कर्मचारियों व अधिकारियों ने उन्हें पत्रकारिता करने से रोका और उनके साथ मार पिटाई, गाली-गलौज की गई तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित व प्रताड़ित किया गया।

वहीं जिला चिकित्सालय में मेडिकल भी करवाया गया। एसडीए के जेई प्रदीप गोयल द्वारा उन पर फर्जी मेडिकल करवाकर थाने में साजिशन व रंजीशन में दो फर्जी मुकदमें दर्ज करवाए जिन्हें प्रेस परिषद अध्यक्ष के द्वारा संज्ञान लिया जाने व पत्रकार पर किए गए फर्जी मुकदमों को समाप्त करने की गुहार लगाई है।

# स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट पाकर खिले युवाओ के चेहरे, सरकार का जताया आभार

### तकनीकी रूप से सक्षम युवा शक्ति ही विकसित राष्ट्र के साथ भारत को फिर से बनायेगी विश्वगुरु : डा. हरि सिंह ढिल्लो

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अमरोहा।** श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार की युवाओ को स्वाबलम्बी एवं डिजीटली सशक्त बनाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 349 से अधिक छात्र-छात्राओ के लिए टैबलेट वितरण समारोह का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को टैबलेट देते हुए इस योजना को भारत के युवाओ के लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी बताते हुए इसे डिजीटल क्रान्ति के क्षेत्र में मील का पत्थर करार दिया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के




डॉ. सी.वी. रमन सभागार में डिजी शक्ति योजना के तहत टैबलेट वितरण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. हरि सिंह ढिल्लो, कार्यक्रम अध्यक्ष आई.ए.एस. श्री राजेश कुमार त्यागी, संस्थान अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि सरकार की डिजीटल इण्डिया- स्किल इण्डिया, क्लीन इण्डिया जैसी योजनाओ से देश आज दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है, उन्होने आगे कहा कि संचार क्रान्ति के दौर में युवाओ को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की यह शानदार पहल है । प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा पिछले एक दशक में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार ने डिजीटल क्रान्ति लाकर भारत को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया । आज भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा रहे है। इस अवसर पर समूह के प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोडा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, आर.एस. शर्मा, डा. संजीव भट्ट, डा. एना ब्राउन, डा. मंजरी राणा, डा. एस. वाल्टर, डा. दिव्या गिरधर, रीना जोशी, अनुषा कर्णवाल, नीमा बिष्ट, पूजा एरी, डॉ. अश्विन सक्सेना, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, एस.एस. बघेल, सी.एफ.ओ. विकास भाटिया, फैजान, अनिल, मुकेश, ध्रुव चौधरी एवं मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## ब्रीफ समाचार

### जदयू के पूर्व उपाध्यक्ष केशो सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**पटना/बिहार।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के पूर्व उपाध्यक्ष केशो सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व०केशो सिंह गहरे रूप से पार्टी जुड़े हुये थे।केशो सिंह के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है।उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### लोहरदगाः मां समेत 3 बच्चों का कुएं में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**रांची(झारखंड)।** लोहरदगा जिला से दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है।जानकारी के अनुसार कुडू थाना क्षेत्र के तान मकरा स्थित मकरा घाट के पास कुंआ में महिला समेत 3 बच्चों का शव मिला है।वहीं शव मिलने के बाद से पूरे इलाकें में हड़कंप मच गया है।

वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।साथ ही मामले की जांच में जुट गई है।

#### मायके जाने के नाम पर घर से निकली थी महिला

मिली जानकारी के अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के हुदू निवासी फूलदेव मुंडा की पत्नी अपने बच्चो के साथ मंगलवार को मायके जाने के नाम पर घर से निकली थी।जिसके बाद वापस नहीं लौटी. जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजने का प्रयास किया।लेकिन पत्नी और बच्चों का कोई पता नहीं चल सका।इसी बीच आज कुंए में शव मिलने की जानकारी मिली।धिरे-धिरे यह बात आग की तरह फैल गई।जिसके बाद कैरो थाना प्रशासन घटना स्थल पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाला।शव बाहर निकाले जाने के बाद मृतक की पहचान हुदू निवासी फूलदेव उरांव की पत्नी उषा मुंडा के रूप में हुई है। उसके साथ-साथ 3 बच्चों की पहचान की गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।वहीं स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है।

#### जांच में जुटी पुलिस

बता दें कि पुलिस के द्वारा जब शव को कुए से निकाला जा रहा था तब मां समेत तीनों बच्चे एक साथ बंधे हुए थे।जिसे देखने के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि मां समेत बच्चे कि हत्या की गई है। पुलिस जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजे।

### इरफान अंसारी को हाईकोर्ट से झटका, दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में आरोप बरकरार



**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

**रांची(झारखंड)।** राज्य सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है।अदालत ने इरफान अंसारी की याचिका को खारिज कर दिया है,जिसमें उन्होने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा लगाये गए आरोपों को चुनौती दी थी।अब इस मामले की सुनवाई ट्रायल कोर्ट में होगी।हाईकोर्ट के जस्टिस अरूण कुमार राय की अदालत में सुनवाई हुई।वहीं मंत्री इरफान अंसारी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की थी।आपकों बता दें कि 26 अक्टूबर 2018 को करमाटांड में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था।दूसरे दिन विधायक ने अस्पताल में भर्ती पीड़िता का हाल पूछा।बाद में विधायक ने पीड़िता के साथ अपनी तस्वीर खींचवाई।तस्वीर इंटरनेट मीडिया में अपलोड कर दी गई।इससे पीड़िता की पूरी तरह से पहचान उजागर हो गई।28 अक्टूबर को करमाटांड के सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम ने विधायक पर मामला दर्ज कराया।इसमें विधायक पर पीड़िता की पहचान उजागर करने का आरोप लगा था।

### मुजफ्फरपुर में वज्रपातः पिता पुत्र की मौत, परिवार में मातम

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना/बिहार।** मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड के कटाई गांव में वज्रपात ने पिता पुत्र की ली जान।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के सुरेंद्र साहनी और उनके पुत्र पप्पू कुमार खेत में किसी काम से जा रहे थे तभी आज करीब आधा घंटा हुई जमकर गरज के साथ बारिश के दौरान वज्रपात से दोनों की मौत हो गई घटना के बाद परिवार ही नहीं पूरे गांव में मातम का माहौल है।

### भारी मात्रा में कोडिनयुक्त कफ सिरप बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना/बिहार।** सहरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप बरामद किया है।दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीकांत नगर वार्ड नंबर 40 में नशे का कारोबार चल रहा है।वहीं सूचना पाते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और वहां से तकरीबन साढ़े 12 लाख रुपए का प्रतिबंधित 42 सौ बोतल कोरेक्स बरामद किया।साथ ही मौके से दो कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया।

## एक झटके में 16 बड़े अधिकारियों के तबादले की क्या है वजह, पढ़िए इस रिपोर्ट में

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**रांची(झारखंड)।** मोदी 3.0 की सरकार में कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई बीसीसीएल पर कोयला मंत्रालय की कड़ी नजर है।केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी जुलाई में धनबाद आए थे,तो केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश दुबे सितंबर महीने में धनबाद आये।दोनों मंत्रियों ने बीसीसीएल के कार्यों की समीक्षा की।हालात को देखा,परिस्थितियों को जाना, विस्थापन के मुद्दे को भी नजदीक से देखा।

यह अलग बात है कि संशोधित झरिया मास्टर प्लान अभी केंद्र के पास है और इसे अनुमति मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है।लेकिन उसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने एक झटके में 16 बड़े अधिकारियों का तबादला कर दिया है।यह सभी अधिकारी कोयला खनन के कार्यों से जुड़े है।जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है,उनमें महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंधक से लेकर वरीय प्रबंधक तक के अधिकारी शामिल है।इतने बड़े पैमाने पर तबादले के पीछे कई कारण गिनाये-बताए जा रहे है।जानकारी निकलकर आ रही है कि विजिलेंस विभाग ने भी स्पष्ट कर दिया था कि जिन अधिकारियों का कार्यकाल 3 साल पूरा हो गया है अथवा जिनकी उपलब्धि सही नहीं है।उन्हें बदल दिया जाए।कोयला मंत्रियो का दौरा भी एक कारण बताया जा रहा है।फिलहाल अवैध उत्खनन और आउटसोर्सिंग कंपनियों के साथ रिश्ते को लेकर कई बीसीसीएल के अधिकारी चर्चे में है।

कहा तो यह भी जाता है कि कई आउटसोर्सिंग कंपनियां शर्तों का अनुपालन नहीं करती है,बावजूद उन्हें तरह-तरह से लाभ दिया जाता है।इन कार्यों में ऐसे अधिकारियों की बड़ी भूमिका होती है।यह अलग बात है कि कोयला चोरी रोकने के लिए बीसीसीएल कई अत्याधुनिक उपाय किए है।लेकिन इसका असर जमीन पर कहीं दिखता नहीं है।बीसीसीएल सीआईएसएफ पर प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड रुपए से अधिक खर्च करती है।बावजूद एक पुराने आंकड़े के अनुसार 10 मिलियन टन कोयले की चोरी हो जाती है।चोरी में रिमोट से गैंग चलाने वाले लोग शामिल होते है।

यहां तक की आउटसोर्सिंग कंपनियां भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल रहती है।कोयले की ट्रांसपोर्टेशन में भी गड़बड़ी की शिकायत लगातार मिलती रहती है। यही वजह है कि खनन टास्क फोर्स के अधिकारी जिस दिन भी सड़क पर निकलते हैं,अवैध कोयला लोड वाहन पकड़ में आ जाते है।चर्चा तो यह भी है कि कोयला मंत्रियों के दौरे के बाद बीसीसीएल मैनेजमेंट सजग और चौकस हुआ है।विजिलेंस की रिपोर्ट को भी ध्यान में रखा गया है और एक झटके में 16 अधिकारियो का तबादला कर दिया गया है।

## उत्तराखंड : कांग्रेस ने 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' का दूसरा चरण शुरू किया

**देहरादून (भाषा)** केदारनाथ मार्ग पर बादल फटने के कारण बीच में ही रोक दी गयी कांग्रेस की 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' का दूसरा चरण बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि यह पद यात्रा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में रुद्रप्रयाग जिले के सीतापुर नामक उसी स्थान से शुरू हुई जहां दो अगस्त को उसे रोकना पड़ा था।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रदेश में पार्टी मामलों के सहप्रभारी सुरेंद्र शर्मा भी मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान बाबा केदार के जयकारे लगाए।

केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के निर्माण की योजना के विरोध में कांग्रेस ने 24 जुलाई को हरिद्वार में हर की पैड़ी से यह यात्रा आरंभ की थी। हालांकि, केदारनाथ में 31 जुलाई को आई आपदा के कारण इसे बीच में ही रोकना पड़ा था। इस आयोजना का समापन केदारनाथ धाम में होना था।

इसी बीच, 26 अगस्त को केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में मंदिर की प्रतिकृत बनाने की योजना रद्द करने की घोषणा की। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि योजना रद्द होने के बाद भी वह अपनी 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' पूरा करेगी।

इस मौके पर भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए माहरा ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाये, अब यह यात्रा नही रूकेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के निर्माण की योजना के प्रति प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रूख से सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों को ठेस पहुंची है और केदारबाबा का अनादर करना उन्हें बहुत मंहगा पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है।

चित्तौड़गढ़ जिले में निंबाहेड़ा सदर थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 5 करोड़ रुपए कीमत का 33 क्विंटल से अधिक अवैध डोडा चूरा सहित ट्रक जब्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले की निंबाहेड़ा सदर थाना पुलिस की टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 33 क्विंटल 13 किलो 850 ग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त कर पंजाब के जालंधर जिले में थाना फिलोर अंतर्गत बेगमपुर गांव निवासी तस्कर अमरजीत कश्यप पुत्र मोहनलाल को गिरफ्तार किया है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त एवं तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह व सीओ बद्रीलाल के सुपरविजन में एसएचओ संजय शर्मा मय टीम द्वारा चित्तौड़गढ़-नीमच हाइवे पर नाकाबंदी की जा रही थी।इसी दौरान नीमच की तरफ से एक सन्दिग्ध ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। रोकने का इशारा करने पर ट्रक चालक कंटेनर को तेज गति से भगाने लगा, जिसे टीम ने बड़ी मुश्किल से रोका।ट्रक की तलाशी में 164 कट्टों में भरा हुआ 33 क्विंटल 13 किलो 850 ग्राम अवैध डोडा चूरा मिला।पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित ट्रक जब्त कर चालक अमरजीत कश्यप राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर निंबाहेड़ा पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।इस कार्रवाई में एसएचओ सदर निंबाहेड़ा संजय शर्मा,एएसआई सुंदर पाल, कांस्टेबल सुरेंद्र पाल, सूर्यभान, दयाराम, श्यामलाल, धर्मचंद, जीवन व सुरेश चन्द शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने राजद को सिखाया सबक : शीला मंडल, मंत्री

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**पटना/बिहार।** गुरुवार को जनता दल(यू)प्रदेश कार्यालय,पटना में बिहार सरकार के माननीय ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं माननीय परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। इस मौके पर पार्टी के वरिय नेता प्रो.नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद मौजूद रहे।इस दौरान माननीय ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश और बंगाल की तुलना में बिहार के लोगों को सस्ती बिजली मिल रही है।उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष लगभग 15 हजार करोड़ की सब्सिडी दी जाती है लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को इन विषयों का ज्ञान नहीं है।जानकारी के अभाव में राजद के नेतागण नीतीश सरकार पर निराधार आरोप लगाते है।

मंत्री ने कहा कि बिहार पहला राज्य है,जहां राजकोष के खजाने से पैसे की लूट हो गई थी इसलिए राजद नेताओं को भ्रष्टाचार पर उपदेश देने से बचना चाहिए।वर्ष 2005 से पहले बिहार में सड़क,बिजली,शिक्षा और स्वास्थ्य की क्या स्थिति थी यह जगजाहिर है लेकिन आज बिहार विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।विपक्ष को बिहार का विकास दिखाई नहीं देता है।साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से तेजस्वी यादव को 2 बार उप-मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला।

परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने राजद को सबक सिखाने का काम किया।विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।श्रीमती शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 19 वर्षों के शासनकाल में महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया।श्रीमती शीला मंडल ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण लिए नीतीश सरकार सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को बढ़ावा दे रही है।

## विकास के सभी मानकों को ध्यान में रख जिले में होगा काम : डीएम,अभिलाषा शर्मा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**जमुई कार्यालय।** नव पदस्थापित डीएम अभिलाषा शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद तेवर में नजर आईं।उन्होंने गुरुवार को समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का बारी-बारी से औचक निरीक्षण किया और कार्यों के मामले में विस्तार से जानकारी ली। श्रीमती शर्मा ने इस दरम्यान सामान्य शाखा , जिला स्थापना,जिला भूअर्जन कार्यालय,जिला आपूर्ति कार्यालय,जिला पंचायती राज कार्यालय,विधि शाखा,कोषागार,अभिलेखागार आदि का गहन निरीक्षण किया और पदस्थापित कर्मियों से संवाद स्थापित कर उनके काम-काज को देखा।सामान्य शाखा कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी से वातालर्प किया और उन्हें वांछित निर्देश दिए।वहीं जिला राजस्व प्रशाखा कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने कार्यालय कर्मियों को निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन किए जाने का संदेश दिया।नवागत डीएम ने मौके पर कहा कि संचिकाओं के रख-रखाव की स्थिति को और बेहतर करें।साफ-सफाई को प्राथमिकता दें।सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें और आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करें।

सरकार की प्राथमिकताओं में जो भी विकास कार्य हैं उन्हें तेजी से आगे बढ़ाएं।पूर्व में भी यहां विकास का काम बेहतर ढंग से हुआ है।अब विकास के सभी मानकों पर और अधिक कारगर ढंग से काम किया जाएगा।

डीएम ने सरकारी योजनाओं के संचालन की भी जानकारी ली और इसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा के भीतर पूरा किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने नामित जनों से परिचय प्राप्त किया और सरकार के मानकों के अनुरूप कार्य करने का पाठ पढ़ाया।अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल,नजारत उप समाहर्त्ता अमु आमला समेत कई अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण पर हाई कोर्ट में सुनवाई,केंद्र सरकार ने दायर किया शपथ पत्र

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**




**रांची(झारखंड)।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।जिसमें केंद्र सरकार ने शपथ पत्र दायर किया है।इस मामले में अब अगली सुनवाई 17 सितंबर को निर्धारित की गई है।बता दें कि पिछली सुनवाई 5 सितंबर को हुई थी जिसमें केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने शपथ पत्र दायर करने को लेकर समय की मांग की थी।जिसमें कोर्ट ने 12 तारीख की तिथि निर्धारित की थी जिसके अनुसार केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है।

तकनीकी खराबी के कारण कोर्ट में सुनवाई आज लंबी नहीं चली,जिसे देखते हुए अगली सुनवाई 17 तारीख को फिर होगी।इस मामले में अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण के मामले पर जनहित याचिका दाखिल की गई है जिस पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

बता दें 30 तारीख को जब सुनवाई हुई थी तो झारखंड सरकार की ओर से एफिडेविट दाखिल किया गया था। जिसमें संथाल परगना प्रमंडल के सभी 6 जिलों के उपायुक्त ने कोर्ट में शपथ पत्र के माध्यम से बताया था कि संथाल परगना के किसी जिले में कोई बांग्लादेशी घुसपैठियों नहीं है।

## मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राहुल गांधी को कोलकाता की घटना के बारे में बोलने की चुनौती दी



**भोपाल (भाषा)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राहुल गांधी पर अमेरिका में भारत को शर्मसार करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को कोलकाता और कांग्रेस शासित राज्यों की आपराधिक वारदातें दिखाई नहीं देतीं। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में अपनी दो महिला मित्रों के साथ पिकनिक मना रहे दो युवा सैन्य अधिकारियों पर हमले और इस समूह में शामिल एक युवती के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री यादव ने गांधी पर पलटवार करते हुए कटनी में संवाददाताओं से कहा, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि राहुल गांधी अमेरिका में देश (भारत) को लज्जित करने का काम कर रहे हैं। उन्हें कोलकाता और कांग्रेस शासित राज्यों में क्या हो रहा है, यह दिखता नहीं है और वह इस पर कभी बात नहीं करते।

यादव ने कहा कि अगर राहुल गांधी में हिम्मत है, तो वह कोलकाता और कांग्रेस शासित राज्यों की आपराधिक वारदातों के बारे में बात करके बताएं।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार के बाद उसकी हत्या की वारदात की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए यह बात कही।

यादव ने राहुल गांधी के अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए तंज कसा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के पास काफी फुर्सत है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले में हुई वारदात को लेकर कहा कि उनकी सरकार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई के जरिये गिरफ्तारियां की हैं।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ऐसे मामलों में बहुत सख्त है। आरोपी कोई भी हो, वह कार्रवाई से नहीं बचेगा और कानून अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री अलग-अलग विकास परियोजनाओं की शुरूआत के लिए कटनी के दौरे पर थे।

# कालिंदी एक्सप्रेस : फॉरेंसिक ने जांच के लिए भेजे 10 सैंपल

नेशनल एक्सप्रेस / गुंजन सिंह

कानपुर _ बिल्हौर कस्बा में हुई कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रचने वालों की तलाश के खिलाफ़ विभागीय अफसर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाने में लगे हुए हैं। वहीं इस मामले में खुफिया एसेंजियों समेत कई विभाग की टीमें जांच कर रही हैं। साथ ही अब मामले में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे के निवादा टोल प्लाजा के कैमरे में बाइक सवार दो संदिग्ध युवक कैद हुए। जो कि मुड़ेरी के हिस्ट्रीशीटर शाहरुख को एटीएस ने पूछताछ के लिए लखनऊ ले गई वहीं पुलिस ने दो दर्जन खुराफातियों को भीं चिह्नित किया। घटनास्थल से मिले सामान के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए।



## शाहरुख़ खान ने रची थी कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश



लखनऊ से फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर करीब दो घंटे तक जांच पड़ताल करते रहें.वहीं घटना में इस्तेमाल हुए घरेलू एलपीजी सिलिंडर को ट्रैक पर रखकर पूरे घटनाक्रम का सीन रीक्रिएट किया. साक्ष्य एकत्रित किए इस दौरान विशेषज्ञों ने पहले रेलवे ट्रैक के बीच बोल्डरों को हटाकर सिलिंडर रखा और फिर कालिंदी एक्सप्रेस की स्पीड के अनुसार टक्कर लगने के बाद घिसटते व टकराते हुए दूर जा गिरने वाले स्थानों की बारीकी जांच कर चिह्नित करते हुए नापजोख की.

## आखिर सिलिंडर फटा क्यों नहीं और दूर झाड़ियों में जा गिरा

(ATS) टीम ने कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश के मामले में शाहरुख खान नाम के एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। वहीं जाँच में सामने आया है कि ट्रेन को पलटाने की इस साजिश में आतंकवादियों के साथ शामिल होने के कई प्रमाण मिले हैं, और शाहरुख खान का खतरनाक आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (ISIS) के खुरासान मॉड्यूल से संदिग्ध कनेक्शन भीं पाया गया है।जबकि यह घटना बीते 9 सितंबर 2024 की है, जब अनवरगंज-कासगंज रूट पर सफर कर रही कालिंदी एक्सप्रेस अचानक दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गई .ट्रेन के लोको पायलट ने पटरी पर गैस सिलेंडर देखा और तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सिलेंडर के टकराने पर जोरदार धमाका हुआ, लेकिन ट्रेन बच गई। जाँच में पाया गया कि सिलेंडर के पास पेट्रोल की बोतल, माचिस, और एक बैग में बारूद भी था। जिससे ट्रेन को आग लगाने की पूरी तैयारी भीं कि गई थी।



## खबरें फटाफट

### श्री राधा अष्टमी पर्व जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया



**नेशनल एक्सप्रेस कानपुर।** श्री संतोषी माता शिव मंदिर बाबूपुरवा कॉलोनी किदवई नगर में बड़े धूमधाम के साथ श्री राधा अष्टमी पर्व जन्म महा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे संकीर्तन 56 भोग प्रसादी कढ़ी चावल का दिव्य प्रसाद समस्त भक्तगणों को और कॉलोनी वासियों को प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें राधा रानी और बांके बिहारी जी के सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए।जिसमें सभी भक्तगण सुंदर भजन पर ये कहते झूम उठे हम हो गए राधा रानी के भक्तों का ऐसा मानना है की जो बोले राधा राधा रानी उसके मिट जाते है सारे संकट वही सभी ने कार्यक्रम में सब ने बढ़ चढ़कर अपना अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी गण समस्त कार्यकारिणी सदस्य गण एवं समस्त भक्तगण और आचार्य अतुल कृष्ण शास्त्री के द्वारा कार्यक्रम संचालित हुआ।

### प्रस्तावित मतदेय स्थल सूचियों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/ सुझाव हो, तो करायें उपलब्ध

**नेशनल एक्सप्रेस कानपुर** देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र०, लखनऊ के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के उपरान्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थल सूचियों का दिनॉक 11.09.2024 को विधिवत आलेख्य प्रकाशन करा दिया गया है। आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थल सूचियाँ सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जन सामान्य के अवलोकनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेगीं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थल सूचियों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो विलम्बतम दिनाँक 17.09.2024 तक सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय (माती मुख्यालय), कानपुर देहात को उपलब्ध कराएं।

### पुलिस 2.5 कुंटल चोरी की सरिया के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। उन्नाव** थाना हसनगंज पुलिस द्वारा जनता के सहयोग से लोडर में लदी 2.5 कुटंल सरिया बरामद कर एक अभियकुत को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा वादी विनोद कुमार सिंह पुत्र रामआधार नि0 महागुन माइउड ग्रेटर नोएडा वेस्ट थाना विसरत जनपद गौतम बुद्ध नगर (उ0प्र0) के द्वारा आज दिनांक 12.09.2024 की तहरीर दिया गया कि मेरी कम्पनी सिक्रोन टेक्नो इंडिया प्राइवेट मिलिटेड ग्राम निन्देमऊ द्वारा जल जीवन मिशन हेतु सरिया,सीमेंट,मौरंग गिट्टी आदि समान इकट्ठा रखा गया था जहाँ अभि0 अजीत सिंह पुत्र रामेश्वर नि0 निन्देमऊ हसनगंज उन्नाव व उनके साथियों के द्वारा मेरी कम्पनी में निर्माण कार्य हेतु रखा 24 पीस सरिया गाड़ी संख्या- डाला नं0 UP33AT 1213 से चुरा कर भागने लगे वादी मुकदमा व उनके साथियों के द्वारा सूचना दिये जाने पर वादी मुकदमा के सहयोग से अभि0 अजीत सिंह को चोरी के सरिया(माल) सहित निन्देमऊ के पास पकड़ लिया गया ।

# कानपुर में रंगदारी के मामले में फरार चल रहे अभिषेक शर्मा उर्फ युवा ने कोर्ट में किया सरेंडर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर में रंगदारी के मामले में फरार चल रहे अभिषेक शर्मा उर्फ युवा ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बर्रा पुलिस अभिषेक की तलाश में कानपुर स्थित उसके घर, नजदीकियों समेत अन्य ठिकानों पर अरेस्टिंग के लिए छापेमारी कर रही थी। इसके बाद अभिषेक ने कोर्ट में सरेंडर किया और जेल भेज दिया गया। बर्रा दो में रहने वाला कथित पत्रकार अभिषेक शर्मा के खिलाफ बर्रा थाने में दो रंगदारी और एक हनुमंत विहार थाने में एससी/एसटी एक्ट की एफआईआर दर्ज थी। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में एक जमीन पर बोर्ड लगाकर कब्जा करने का भी आरोप लगा था। तीन मुकदमें दर्ज होने के बाद से अभिषेक अंडर ग्राउंड हो गया था। बर्रा पुलिस अभिषेक की तलाश में उसके घर और नजदीकियों के यहां लगातार छापेमारी कर रही थी। अभिषेक भी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, कभी दिल्ली तो कभी झांसी, वाराणसी समेत कई ठिकाने बदले।

पुलिस की सक्रियता को देखते हुए अभिषेक ने बर्रा के रंगदारी केस में गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद अभिषेक को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने अभिषेक के सरेंडर करने की पुष्टि भी की है।



## कम समय में शोहरत बटोरी और अब जेल

साउथ सिटी में रहने वाला अभिषेक शर्मा ने कम समय में कानपुर से लेकर लखनऊ तक अपना नेटवर्क खड़ा किया। कम समय में ही पत्रकारों से लेकर नेताओं के बीच चर्चा में रहता था। लेकिन रुपए कमाने के शॉर्टकट के चक्कर में और रंजिश के चलते अभिषेक पर एक के बाद एक तीन मुकदमें दर्ज हो गए। पुलिस जल्द ही तीनों केस में चार्जशीट दाखिल करेगी।

# ओडीओपी योजना के प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारम्भ

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह।



उन्नाव। एक जिला एक उत्पाद (ओ डी ओ पी) योजना के प्रशिक्षण केंद्र का चर्म निर्यात परिषद के रीजनल चेयरमैन असद कमाल ईराकी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस मौके पर जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र से अधिकारी सी के वर्मा तथा के एल सी इंस्टीट्यूट से इमरान सिद्दीकी मौजूद रहे जिले को ओ डी ओ पी योजना के अंतर्गत जरी तथा लेदर प्रोडक्ट दिए गए हैं यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चर्म उत्पाद के क्षेत्र में दिया जा रहा है कानपुर उन्नाव लेदर क्लस्टर के एल सी अकरमपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 50 प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया इसमें दो बच के 25-25 प्रशिक्षार्थी 10 दिवसीय लेदर प्रोडक्ट का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करेंगे प्रशिक्षण के दौरान उन्हें नाश्ता भोजन के साथ-साथ तकनीकी एवं सॉफ्ट स्किल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत जिला उद्योग केंद्र की तरफ से एक टूल किट प्रदान की जाएगी जिससे वह अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त उद्योग सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में इस प्रशिक्षण केंद्र को जिले में संचालित किया जा रहा है ।

# शहर की सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का कब्जा

नेशनल एक्सप्रेस / गुंजन सिंह



कानपुर _शहर की व्यस्त सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का कब्जा हो गया है, जिससे सड़कों पर 24 घंटे मंडराते मवेशियों के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों का गुजरना मुश्किल हो गया है। कब किस दिशा से मवेशी आकर हमला बोल दें या टक्कर मार दें, इसका कोई भरोसा नहीं है। इतना ही नहीं, बीच सड़क रेलबाजार , छावनी परिषद पर बैठे मवेशी यातायात को प्रभावित कर रहे हैं।शहरवासियों के लिए जी का जंजाल बन चुकी इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन के पास कोई योजना तक नहीं है, सिर्फ समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। इससे समस्या दिन ब दिन गंभीर होती जा रही है। हैरानी इस बात कि है की बीते पांच सालों में शहर की सड़कों पर मंडराते बेसहारा मवेशियों के कारण कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, उसके बाद भी समस्या के समाधान के लिए कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।कई बार स्थानीय लोग इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन व नगर परिषद से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन फिर भी प्रशासन इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत नहीं दिख रहा है।

वहीं अब त्योहारी सीजन में भी बाजार में भीड़ के दौरान भी मवेशी सड़कों पर डेरा डाले हुए हैं। रामादेवी चौराहा व लाल बंगला बाजार में लोगों के गुजरने की जगह तक नहीं बची है, बीच में मवेशी घुसने से फिर कोई हादसा हो सकता है। जिला प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। जबकि वाहन चालक के सामने से मवेशी नहीं, बल्कि चालक को खुद बचना पड़ता है। कई बार तो बीच सड़क में बैठे मवेशी वाहनों को रोक भी लेते हैं, जिससे जाम की समस्या बन जाती है, तब चालक को खुद वाहन से निकल कर उन्हें सड़क से हटाना पड़ता है। रात के समय काले रंग के मवेशी और खतरनाक साबित होते हैं, जो वाहन चालक को दूर से नहीं दिखते हैं, पास आने पर ही उनका पता चलता है, कई बार ऐसी स्थति में हादसे भी हो जाते हैं। नगर परिषद के दायरे में व्याप्त समस्या के समाधान के लिए नप प्रयासरत नहीं है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा, दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस / डी के सिंह




कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार कर, परिवहन, विद्युत, जीएसटी, खनन, राजस्व विभाग के साथ, स्टाम्प सिंचाई, मण्डी, बाट माप आदि को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को ओटीएस कैंप लगाकर राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैकलाग पूरा करने की कार्ययोजना बनाकर राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व वादों के निस्तारण, स्टांप वाद आदि की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वादों के निस्तारण के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने आडिट आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में कराया जाए। जिलाधिकारी ने विभिन्न तहसील अन्तर्गत करायें गये वृक्षारोपण की शत प्रतिशत जीओ टैगिंग करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तहसीलों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से जोड़ने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# जंगली जानवरों के हमले का भयंकर ख़ौफ़, गांवों में कई घायल: दहशत बरक़रार

नेशनल एक्सप्रेस / गुंजन सिंह





कानपुर नर्वल थाना क्षेत्र के सेमरुआ और बेहटा सकत गांव के आसपास गांवों में जंगली जानवर के हमले से तीन ग्रामीण बुरी तरह जख्मी हो गए। हमले के बाद चीख-पुकार शुरू हुई और जंगली जानवर के हमले के डर से लोग सहम गए। पूरी रात लोग जागते रहे और महिलाओं व बच्चों को कमरे में भेज दिए।

साथ ही घरों में पाले गए जानवर भी इनका निवाला बन सकते हैं.लेकिन वन विभाग की उदासीनता इस कदर है कि कार्यवाही तो दूर वो इस मामले में बोलने को तैयार नहीं.घायलों को नजदीक के अस्पताल में इलाज हुआ जो स्वस्थ बताए जा रहे हैं। वहीं, वनकर्मी पागल सियार होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।जंगली जानवर के आतंक से ग्रामीणों के अलावा राहगीरों में भी दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम सेमरुआ गांव निवासी जगरूप के दस वर्षीय बेटे शानू व खेतों में काम कर रहे अमर सिंह के बेटे राम बहादुर पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया।वहीं शानू की हालत गंभीर बताई जाती है। जहां ग्रामीण जंगली जानवर के दिखने व हमले की चर्चा कर ही रहे थे की तब तक बेहटा सकत निवासी रामकिशोर (50) वर्षीय पर जंगली जानवर द्वारा हमला करने की जानकारी मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।जंगली जानवर के हमले की दहशत से रोशनपुर, खवाजगीपुर, मंधना, बांबी, गढ़ी गांवों के किसान खेतों पर नहीं जा रहे हैं। घायलों का उपचार कराया गया है। वहीं, क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जंगली जानवर के हमले से गांव के तीन लोग घायल हुए हैं। वहीं एसडीएम नर्वल ऋषभ वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई राजस्व विभाग व वन विभाग की टीम भेजकर जंगली जानवर की तलाश की जाएगी।तब आलाधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग सक्रिय हुआ. लेकिन इधर कई घटनाएं हुईं तो कार्यवाही के नाम पर वन विभाग ने चुप्पी साध ली है और तरह-तरह के बहाने बनाने लगा।

# हाइवे में पड़ी मिली सिर कटी लाश: हत्या या हादसा

नेशनल एक्सप्रेस / गुंजन सिंह



कानपुर _ हाइवे पर बीते कल महिला की सिरकटी बॉडी मिलने के मामले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने पुलिस की उस थ्योरी पर भी सवाल उठाए जिसमें कहा गया कि हो सकता है कि एक्सीडेंट में युवती की मौत हुई हो. हालांकि, प्रथमदृष्ट्या रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल, पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है. दरसल मामला गुजैनी हाईवे पर बुधवार तड़के एक महिला का सिर कटा शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला. वहीं स्थानीय लोगों ने महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव यहां फेंके जाने की आशंका जताई है. वहीं स्थानीय युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही शिनाख्त के प्रयास में जुट गई.सूचना पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी घटना स्थल में पहुंचे और घटना की जानकारी ली.इसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल के आसपास लगें सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुट गई जहां एक निजी अस्पताल के सामने से मृतका से मिलते जुलते हुलिये वाली महिला के टहलने का वीडियो पुलिस के हाथ लगा है. पुलिस ने उसी महिला को मृतक मानते हुए शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं. हालांकि, देर रात तक किसी के पुलिस से संपर्क न करने पर जांच अधिकारी शिनाख्त नहीं कर पा रहे हैं. महिला के दाएं हाथ में कलावा बंधा हुआ है. घटनास्थल पर पुलिस को मृतका के शरीर के निचले भाग से स्लेटी रंग के सलवार के चीथड़े मिले हैं. साथ ही एक लाल रंग की चप्पल भी मिली है, जो मृतका की मानी जा रही है. वहीं, घटनास्थल से कुछ दूरी पर हाईवे के दूसरे छोर पर स्थित न्यू साउथ सिटी अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में भी पुलिस को स्लेटी रंग का सलवार और लाल रंग की चप्पल पहने हुए महिला जाते हुई दिखी. साथ ही दो मकानों के सीसीटीवी फुटेज में महिला को पैदल जाते हुए देखा गया है.घटनास्थल पर मिले शव की स्थिति को देखकर अधिकारी हादसा है या हत्या में फंसे नजर आ रहे हैं। गर्दन काटने के निशान नहीं हैं, जबकि सिर को काटना आसान नहीं है. इसके अलावा शव जिस अवस्था में पड़ा मिला है, उससे ऐसा भी लग रहा है कि या तो उसे चलते वाहन से फेंका गया या फिर वह वाहन से टकराकर कई पलटे खाकर मुड़ गया. वहीं, नग्न अवस्था में होने की वजह से पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बिना दुष्कर्म की बात पर भी बोलने से भीं कतरा रही है.

डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं. फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना करने के बाद शव के पास पड़े मिले दांत और हड्डियों के टुकड़ों को डीएनए के लिए भेजा है.

## ट्वीट कर अखिलेश यादव ने कही ये बात

लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा, "महिलाओं के खिलाफ अपराध के एक और चौंकाने वाल मामले में, कानपुर में एक महिला का सिर कटा, नग्न शव हाईवे पर मिला है. मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और ऐसी सजा मिलनी चाहिए जिससे अपराधियों में डर पैदा हो और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों," उम्मीद है कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार "राजनीति से ऊपर उठकर" इस घटना की जांच करेगी

# विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



उन्नाव विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा विकास कार्यो का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड, एवं शासन के विकास कार्यो की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में सीडीओ द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यो की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाईट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रॉन्सफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एम्बुलेंस, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुषमान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे-मील, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य सम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी।

समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि विकास कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो।

# दलीप ट्रॉफी: इशान किशन ने शतक के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यादगार वापसी की

**अनंतपुर (भाषा)** इशान किशन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक साल से भी अधिक समय बाद जोरदार वापसी करते हुए शतक जड़ा जिससे भारत सी ने बृहस्पतिवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के खिलाफ पांच विकेट पर 357 रन बनाए।



किशन ने 126 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 111 रन की पारी खेली। भारत सी ने इससे पहले अच्छी शुरूआत के बाद सलामी बल्लेबाजों रजत पाटीदार (40) और बी साई सुदर्शन (43) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवाए जिससे उसका स्कोर दो विकेट पर 97 रन हो गया।

किशन ने इस मुकाबले के साथ अपनी फिटनेस भी साबित की। वह शुरूआत में भारत डी टीम में थे लेकिन ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में नहीं खेल पाए। किशन के विकल्प के तौर पर संजू सैमसन को भारत डी टीम में शामिल किया गया था जिसके बाद किशन को सी टीम में जगह मिली।

मैच की शुरूआत में ही भारत सी को झटका लगा जब कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सिर्फ दो गेंद का सामना करने के बाद टखने की चोट के कारण वापस लौट गए। गायकवाड़ की फिटनेस को लेकर चिंताएं हालांकि उस समय दूर हो गईं जब वह किशन के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे। दिन का खेल खत्म होने पर गायकवाड़ 50 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों से 46 रन बनाकर खेल रहे थे। मानव सुतार आठ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दिन हालांकि किशन के नाम रहा जिन्होंने खेल के लंबे प्रारूप में यादगार वापसी की।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तमिलनाडु में हाल में संपन्न बुची बाबू आमंत्रण टूनार्मेंट में मध्य प्रदेश के खिलाफ पहले दौर में झारखंड की जीत के दौरान भी शतक जड़ा था। कोयंबटूर में हुआ यह मैच जुलाई 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के बाद किशन का लाल गेंद से पहला मुकाबला था।

किशन ने बाबा इंद्रजीत (78 रन, 136 गेंद, नौ चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी करके भारत सी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इंद्रजीत भाग्यशाली भी रहे जब लंच से पहले नवदीप सैनी की गेंद पर स्लिप में सरफराज खान ने उनका कैच लपक लिया लेकिन यह नोबॉल हो गई।

किशन ने हालांकि भारत बी के गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरना जारी रखा। उन्होंने शरीर के करीब शॉट खेले और स्क्वायर तथा फाइन लेग क्षेत्र में 10 चौके मारे। आर साई किशोर और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी ने हालांकि पहले दिन कुल मिलाकर सिर्फ 17 ओवर फेंके।

### मुलानी शतक के करीब, भारत ए के स्टंप तक आठ विकेट पर 288 रन

अनंतपुर (भाषा) गेंदबाजी आल राउंडर शम्स मुलानी (नाबाद 88 रन) अपने पहले प्रथम श्रेणी शतक के करीब पहुंच गये और उनकी पारी की बदौलत भारत ए ने बृहस्पतिवार को भारत डी के खिलाफ दलीप ट्राफी मैच के पहले दिन मुश्किल स्थिति से उबरते हुए स्टंप तक आठ विकेट पर 288 रन बना लिये। मुलानी ने मुंबई के साथी तनुष



कोटियान (53 रन, 80 गेंद) के साथ मिलकर 91 रन की भागीदारी निभाई जिससे पहले सत्र में 93 रन तक पांच विकेट गंवाने वाली भारत ए उबरने में सफल रही।

कुमार कुशाग्र (28 रन) ने भी मुलानी का अच्छा साथ निभाया जिन्होंने अभी तक अपनी नाबाद पारी में आठ चौके और तीन छक्के जड़ दिये हैं। वह शुक्रवार को अपने 97 रन के सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर को पीछे छोड़कर शतक जड़ना चाहेंगे।

## आईओए प्रमुख पीटी उषा ने खेल संहिता के उल्लंघन की शिकायत के बाद कोषाध्यक्ष को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने देश में खेल की इस शीर्ष खेल संस्था के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के चुनाव से राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन की शिकायत के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उषा ने 10 तारीख को लिखे पत्र में यादव को 24 सितंबर तक जवाब देने को कहा है।



यादव को पत्र में उषा ने लिखा, मैं आपका ध्यान उस औपचारिक शिकायत की ओर आकर्षित करने के लिए आपको पत्र लिख रही हूं जो पिछले चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता से जुड़ी है और हाल में भारतीय ओलंपिक संघ को मिली है।

पत्र में कहा गया, शिकायतकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया है, जो शिकायतकर्ता के अनुसार चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता के बारे में चिंता पैदा करता है।

पत्र की एक प्रति खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) संबंध विभाग के सहायक निदेशक जेरोमी पोइवी को भी भेजी गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि यादव और कुछ अन्य अधिकारी अपने पदों पर बने हुए हैं जो खेल संहिता के तहत आयु और कार्यकाल की सीमा संबंधी नियमों का उल्लंघन है। खेल संहिता के तहत विभिन्न पद पर लगातार 12 साल रहने के बाद पद छोड़ना पड़ता है। यादव इससे पहले भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के सचिव थे और 15 साल तक उसके साथ जुड़े रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### खेल मंत्री ने लिएंडर पेस से मुलाकात कर भारतीय खेलों के भविष्य पर चर्चा की



**नयी दिल्ली (भाषा)** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय खेलों के भविष्य तथा ओलंपिक और पैरालंपिक में देश के प्रदर्शन में सुधार के लिए रणनीति पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल लिएंडर पेस से मुलाकात की।

मांडविया ने ट्वीट किया, आज महान ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर से मुलाकात शानदार रही। उन्हें टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने के लिए बधाई भी दी। वह अब भी युवा खिलाड़ियों को उनके सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

बैठक में भारत में एक मजबूत खेल तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसमें जमीनी स्तर की प्रतिभाओं की पहचान के साथ उनके पोषण पर विशेष जोर दिया गया।

मांडविया ने खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं, शीर्ष स्तरीय कोचिंग और प्रतिस्पर्धी मौके मुहैया कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

सात बार के ओलंपियन पेस ने वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने दशकों के अनुभव से खेल के शीर्ष स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

18 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता 51 वर्षीय पेस को इस साल जुलाई में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## विराट कोहली ने क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई: रिकी पोंटिंग

**साउथम्पटन (भाषा)** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने भारत में टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने में पूर्व कप्तान विराट कोहली की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश के बल्लेबाज अब बड़े मंच से नहीं डरते और इसका सबूत विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी सफलता है।



पोंटिंग ने पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के योगदान की भी सराहना की जिन्होंने जून में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद यह पद छोड़ दिया था।

पोंटिंग ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ह्यह्यकोहली की कप्तानी की शुरूआत की बात करें तो उन्होंने क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई और राहुल द्रविड़ ने पिछले चार साल में इसे जारी रखा। कोहली जैसे खिलाड़ी का टीम पर प्रभाव बहुत शानदार होगा और उनके पास स्टार खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम कोहली की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी। इसके अलावा टीम ने अन्य स्थानों पर भी कुछ यादगार जीत दर्ज की। कोहली ने कप्तानी में अपनी आक्रामकता से सभी को यह विश्वास दिलाया कि भारतीय टीम विदेशों में भी जीत सकती है और जब वह टीम में नहीं थे तब भी उनका आत्मविश्वास टीम पर हावी रहा।

## 68वीं जिला स्तरीय जूडो-कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**एम बी इंटरनेशनल** नयागांव स्कूल में चार दिवसीय जिला स्तरीय जूडो एवं कुश्ती प्रतियोगिता का समापन (11/09/24) बुधवार को हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शिवराज सिंह चौधरी (राजस्थान डिप्टी डी ई ओ शारीरिक शिक्षा विभाग कोटा), विशिष्ट अतिथि श्री अभिलाष दीक्षित संस्था निदेशक श्री शुभम विजय एवं अकैडमिक निदेशक महक विजय उपस्थित रहे।



कार्यक्रम आयोजक एवं संस्था प्राचार्या जसपिंदर साहनी ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में जिला स्तर 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्था प्रबंधक श्री भुवनेश विजय ने बताया कि चार दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

### भारत ने कोरिया को 3-1 से हराकर एसीटी हॉकी में जीत की लय जारी रखी

**हुलुनबुइर (चीन) (भाषा)** गत चैम्पियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हॉकी टूनार्मेंट में कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की।

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने इससे पहले चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और पिछले साल की उप विजेता मलेशिया को 8-1 से मात दी।

कोरिया के खिलाफ भारत के लिए अराईजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें और 43वें मिनट में दो गोल दागे।

कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### पीएम ई-ड्राइव योजना से इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी : एमएंडएम, टाटा मोटर्स

**नयी दिल्ली (भाषा)** घरेलू वाहन कंपनियों महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को पीएम ई-ड्राइव योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ेगी यानी ज्यादा लोग इनको खरीदना चाहेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 सितंबर को बस, एम्बुलेंस और ट्रक समेत ईवी को बढ़ावा देने वाली दो प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। इनका कुल परिव्यय 14,335 करोड़ रुपये है। ये दो योजनाएं – दो वर्षों की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना, और 3,435 करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना हैं। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने बयान में कहा, दोपहिया, तिपहिया, ई-बसों और ई-एम्बुलेंस को समर्थन के साथ यह योजना देश में ईवी पैठ बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि सभी खंडों के लिए तेज चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए किए गए निवेश से इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के लिए उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा, पीएम ई-ड्राइव के साथ हम भारत को इस खंड में 2030 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण प्राप्त करने वाला पहला देश बनता देख रहे हैं। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ट्रक, बस और एम्बुलेंस खंड में शून्य-उत्सर्जन परिवहन की ओर भारत की यात्रा को और अधिक गति और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, हम पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में राष्ट्र निर्माण के इस प्रयास में सरकार और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।

## डीजीसीए ने उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के विशेष ऑडिट का आदेश दिया

**नयी दिल्ली (भाषा)** विमानन नियामक डीजीसीए ने देश में उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विशेष ऑडिट का आदेश दिया है। प्रशिक्षण विमानों से जुड़ी हाल की दुर्घटनाओं के बीच यह आदेश दिया गया है। उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) का ऑडिट सितंबर से नवंबर, 2024 तक तीन चरणों में किया जाएगा। इसमें 33 एफटीओ शामिल होंगे।




नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, इस ऑडिट का उद्देश्य उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के भीतर सुरक्षा मानकों, परिचालन प्रक्रियाओं और प्रणालीगत कमियों का आकलन करना है ताकि उच्चस्तर की सुरक्षा और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

नियामक ने कहा कि यह कदम हाल ही में प्रशिक्षण विमान की घटनाओं को देखते हुए उठाया गया है। इससे स्थापित विमानन नियमों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में एफटीओ के अनुपालन के संबंध में चिंताएं उत्पन्न कर दी हैं। इससे पहले, ऐसा विशेष ऑडिट 2022 में किया गया था।

विज्ञप्ति में कहा गया है, ऑडिट के तहत विमान रखरखाव, उड़ान योग्यता और प्रशिक्षण संचालन सहित डीजीसीए के नियामकीय मानकों के अनुपालन की जांच की जाएगी।

### दिल्ली सरकार ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए बिजनेस ब्लास्टर की घोषणा की

**नयी दिल्ली (भाषा)** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम की घोषणा की है।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से लगभग 2,45,000 छात्रों के आकर्षित होने की उम्मीद है, जिन्हें अपने नवीन विचारों को स्टार्टअप में बदलने का अवसर मिलेगा। आतिशी ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम जल्द ही शुरू किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए 40 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत लगभग 40,000 विचारों और स्टार्टअप ने काम करना शुरू कर दिया है ।

# 70 साल के अधिक उम्र के लोगों को स्वास्थ्य बीमा से लाखों परिवारों को मिलेगी राहत : उद्योग

**नयी दिल्ली (भाषा)** आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के सरकार के कदम से लाखों परिवारों को बहुत जरूरी राहत मिलेगी और यह बुजुर्गों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उद्योग जगत के लोगों ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी थी। यह सुविधा सभी बुजुर्गों को मिलेगी, बेशक उनकी आमदनी कितनी भी हो। इससे लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित होंगे। पांच लाख रुपये के निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वास्थ्य सेवा उद्योग निकाय नेटहेल्थ के अध्यक्ष अभय सोई ने कहा, हमारा मानना है कि यह पहल लाखों परिवारों को आवश्यक राहत पहुंचाएगी और समावेशी स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि लाभ पैकेज को जनसंख्या वर्ग के अनुरूप बनाया जाना चाहिए ताकि यह देखभाल की संपूर्ण श्रृंखला को शामिल कर सके। सोई ने कहा कि नेटहेल्थ इसके क्रियान्वयन में सरकार को सहयोग देने के लिए तैयार है।

इसी प्रकार, भारतीय औषधि उत्पादकों के संगठन (ओपीपीआई) के महानिदेशक अनिल मताई ने इस पहल को ह्यबुजुर्गों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा, यह निस्संदेह एक अधिक समावेशी स्वास्थ्य देखभाल परिवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और हम इसका स्वागत करते हैं। सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी संघ (एमटीएआई) के चेयरमैन पवन चौधरी ने कहा कि एबी पीएम-जेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को- चाहे उनकी आय कुछ भी हो - स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय सराहनीय है।

उन्होंने कहा, एमटीएआई ने लगातार इस समावेशन की वकालत की है और इस कदम से भारत की वृद्ध होती आबादी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होगी, जो एक ऐतिहासिक कदम है।

पारस हेल्थ ग्रुप की मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सैंटी साजन ने सरकार के इस कदम को भारत की बुजुर्ग आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक बहुत जरूरी कदम बताया। इसी प्रकार, फिक्की (स्वास्थ्य सेवाएं) के अध्यक्ष हर्ष महाजन ने कहा, जैसे-जैसे हमारी बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है, वैसे-वैसे विशेष वृद्धावस्था देखभाल की आवश्यकता भी बढ़ रही है, और यह विस्तार अधिक परिवारों को अत्यधिक चिकित्सा खर्च के बोझ के बिना आवश्यक सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा।

# व्हाट्सएप बिजनेस खंड में अब एआई टूल, सत्यापित बैज की सुविधाएं मिलेंगी

**मुंबई (भाषा)** सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने अपने मैसेजिंग मंच व्हाट्सएप के बिजनेस खंड में कई नई खूबियां एवं सुविधाओं को पेश करते हुए कहा है कि अधिक संख्या में कारोबार अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए इस मैसेजिंग सेवा का सहारा ले रहे हैं।



व्हाट्सएप बिजनेस खंड में अब छोटे कारोबार के लिए सत्यापित बैज उपलब्ध होगा जो उपभोक्ताओं के साथ भरोसा और साख स्थापित करने का काम करेगा। फेसबुक, व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का परिचालन करने वाली कंपनी मेटा ने यहां आयोजित व्हाट्सएप बिजनेस समिट में त्वरित संदेश सेवा से जुड़े अनुभव को बेहतर करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) टूल पर भी प्रकाश डाला।

मेटा ने कहा कि व्हाट्सएप बिजनेस ऐप से सीधे एआई टूल को सक्रिय किया जा सकेगा। इस तरह कारोबार अपने ग्राहकों के साथ अधिक कुशलता से जुड़ सकेंगे। मेटा ने इस टूल का हाल ही में भारत में परीक्षण शुरू किया है, और इसके शुरूआती नतीजे रोमांचक हैं। इसके साथ ही मेटा ने व्हाट्सएप बिजनेस ऐप पर ग्राहक के हिसाब से तैयार संदेश भेजने की सुविधा देने का ऐलान किया। इसने भारत में छोटे व्यवसायों की वृद्धि को अपना समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी जताई।

कंपनी के बयान के मुताबिक, सत्यापित बैज वाले व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट रखने वाले छोटे कारोबार के लिए अपने ग्राहकों के बीच अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने में मदद मिलेगी। मेटा ने कहा कि नई सुविधाओं और अपडेट की श्रृंखला देश भर के व्यवसायों को अपनी उपस्थिति बढ़ाने और ग्राहकों के लिए बेहतरीन इन-चैट अनुभव बनाने में मदद करेगी। इससे कारोबारी क्षेत्रों को आगामी त्योहारी मौसम से पहले अपना प्रदर्शन बेहतर करने का मौका भी मिलेगा। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने कहा, जिस तरह से हम किसी कारोबार को व्हाट्सएप करते हैं, वह लगातार बढ़ रहा है। जिस तरह से भारतीय व्यवसायों को व्हाट्सएप कर रहे हैं, वह किसी से कम नहीं है।

### नीलामी में खरीदी खदानों से उत्पादन शुरू करने को कंपनियां कदम उठायें: सरकार

**नयी दिल्ली (भाषा)** केंद्र ने कोयला ब्लॉक आवंटियों से हाल में नीलामी में खरीदी गई खदानों से उत्पादन शुरू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है।

कोयला मंत्रालय ने बुधवार को उन कोयला खदानों की स्थिति की समीक्षा की जिनकी नीलामी की गई थी और जो प्रक्रिया पूरी होने के विभिन्न चरणों में हैं।

कोयला मंत्रालय ने बृहस्पतिवार बयान में कहा, 71 कोयला ब्लॉक नियामकीय मंजूरी प्राप्त करने के विभिन्न चरणों में हैं। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त कोयला सचिव रुपिंदर बरार ने की। बयान में कहा गया, यह रणनीतिक समीक्षा भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला ब्लॉक के संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मंत्रालय के सक्रिय दृष्टिकोण को बताती है।

## भारत, चीन ने नागर विमानन सहयोग, सीधी उड़ानें बहाल करने पर चर्चा की: नायडू

**नयी दिल्ली (भाषा)** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि भारत और चीन ने नागर विमानन क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही उन्होंने बिना कोई स्पष्टीकरण दिए इस पोस्ट को हटा दिया। उन्होंने इसपर कोई संशोधित पोस्ट भी नहीं डाला। नायडू, नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन पर एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अवसर पर चीन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।



नायडू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोंग झियोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार बैठक की। मंत्री ने कहा कि बैठक में दोनों देशों के बीच नागर विमानन सहयोग को और मजबूत करने, विशेष रूप से दोनों देशों के बीच अनुसूचित यात्री उड़ानों को शीघ्र बहाल करने के संबंध में विचारों के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया।

हालांकि, यह पोस्ट कुछ ही घंटों के बाद हटा दी गई। इससे पहले नायडू ने संवाददाताओं से कहा कि चीनी पक्ष ने सीधी उड़ानें बहाल करने का उल्लेख किया है, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में भारत और चीन के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है।

नई दिल्ली, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



"अभी हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे और चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित आवास पर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले से स्नेहिल भेंट की।




# भारत-अफ्रीका मैत्री बढ़ाने हेतु-38 अफ्रीकी राजदूत दिल्ली में सम्मानित: डॉ. जौली





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्ट्डी ग्रुप (प्रमुख गैर सरकारी संगठन) अध्यक्ष डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में भारत-अफ्रीका मैत्री बढ़ाने हेतु, 38 अफ्रीकी राजदूतों को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। अफ्रीका देशों के राजदूतों को भगवा दुपट्टे पहना, स्मृति चिह्नन व उपहार देकर सत्कार किया गया। भव्य कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित, कॅन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अतिथियों से खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अफ्रीका देशों के डीन व मोजाम्बिक उच्चायुक्त एर्मिडो ऑगस्टो फरेरा रहे।

- मोदी के कार्यकाल में 'भारत-अफ्रीका संबंध' सर्वोच्च शिखर पर
- प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर 'अफ्रीका संघ' को जी20 में स्थायी सदस्यता मिली
- अफ्रीका में रह रहे 30 लाख प्रवासी भारतीयों की भूमिका की सराहना की गई

विशिष्ट अतिथि दक्षिण दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधुड़ी के अस्वस्थता के चलते उनके सुपुत्र सुरेंद्र सिंह बिधुड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्ट्डी ग्रुप संरक्षक विजय मेहता (रोमानिया मानक वाणिज्यदूत) व सुभाष गोयल (इथोपिया इयरलाइंस सामान्य विक्री प्रतिनिधि, भारत) ने उपस्थित हो अपने विचार प्रकट किये। दिल्ली स्ट्डी ग्रुप अध्यक्ष व दिल्ली की तीसरी विधानसभा में विधायक रहे डॉ. विजय जौली ने इस अवसर पर दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में ''भारत-अफ्रीका संबंध'' सर्वोच्च शिखर पर पहुँचे हैं।डॉ. जौली ने बताया कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर, जी-20 शिखर सम्मेलन में ''अफ्रीका संघ'' को स्थायी सदस्यता प्रदान की गई। डॉ. जौली ने भारत-अफ्रीका के बीच सांस्कृतिक, कृषि, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, उर्जा, समुद्री सुरक्षा, सैन्यबल, व्यापार और तकनीकी क्षेत्रों आदि में पूॅजी निवेश पर विशेष बल दिया। आज भारत, अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार है। वर्ष 2023 में अफ्रीका के साथ भारत का व्यापार 103 बिलियन अमेरीकी डॉलर रहा। इस अवसर पर डॉ. जौली ने अफ्रीका में रह रहे 30 लाख प्रवासी भारतीयों द्वारा सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ाने की भूरी-भूरी प्रसंशा की। डॉ. जौली ने भारत व अफ्रीका की अतीत व वर्तमान की मैत्री तथा भविष्य के संबंधों व सांझेदारी को महत्वपूर्ण बताया।

## गणपति महोत्सव में ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या सीमित करने के एनजीटी के आदेश पर रोक

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पुणे में भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के समारोहों में शामिल होने वाले 'ढोल-ताशा' समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी।

इससे पहले, प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीटी के आदेश के खिलाफ पुणे के एक 'ढोल-ताशा' समूह की याचिका पर अपराह्न दो बजे सुनवाई करने का निर्णय लेते हुए राज्य के अधिकारियों को इस संबंध में नोटिस भी जारी किया।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान वकील अमित पई ने कहा कि 'ढोल-ताशा' का पुणे में सौ वर्षों से अधिक समय से ₹गहरा सांस्कृतिक महत्व₹ रहा है और इसकी शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी। उन्होंने कहा कि एनजीटी के 30 अगस्त के निर्देश से ऐसे समूह प्रभावित होंगे।

# संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती के शुभ अवसर पर, अमित परमार को विनोबा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उन्हें यह सम्मान ग्राम विकास सशक्तिकरण और विनोबा जी की विचारधारा को फैलाने के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए दिया गया है। अमित परमार ने विनोबा जी के निमित्त गांव में जय जगत सेवा आश्रम की स्थापना 29 मई,2022 में करके जय जगत का सही मायने में उद्देश्य लोगों तक पहुचाने का कार्य करते हैं साथ ही हस्तशिल्प के माध्यम से बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य और विनोबा जी के विचारों को समाज में फैलाने का कार्य किया है।

उनकी इस निःस्वार्थ सेवा के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवा और समाज में उनके योगदान की सराहना करता है, जो आज भी अनगिनत लोगों को प्रेरित करता है और विनोबा जी की विरासत को आगे बढ़ा रहा है।यह कार्यक्रम 11 सितंबर 2024 को विनोबा सेवा आश्रम में आयोजित किया गया था, जो विनोबा विचार प्रवाह परिवार के लिए गर्व का





क्षण था।

जयेश भाई पटेल, संजय कुमार राय, सुधीर भाई गोयल, अजय पांडेय, धनंजय राय जैसे प्रमुख व्यक्तित्वों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह आयोजन विनोबा जी के निस्वार्थ सेवा के संदेश को गहराई से व्यक्त कर सका।यह आयोजन सेवा की शक्ति और समाज के उत्थान के लिए समर्पित व्यक्तियों के योगदान की याद दिलाता है, जैसे अमित परमार ने संत विनोबा भावे के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज को सेवा, प्रेम, और करुणा का संदेश दिया है।

# लड़कियां को जुड़ो कराटे सिखाकर वहषी, बलात्कारियां और जिहादीं को सबक सिखाया जाएगा: यूनाइटेड हिंदू फ्रंट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**नई दिल्ली।** महिलाओं की सुरक्षा और व्यापक जागरूकता के लिए यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने अभियान शुरू किया है। छेड़खानी के समय लड़कियों को किस तरह बचाना है और घरेलू हिंसा से महिलाएं कैसे बच सकती हैं उसके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर नवीन शाहदरा में किया गया जिसमें जूडो एवं कराटे विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में भारी संख्या में लड़कियां व महिलाएं उपस्थित रहीं। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन दिल्ली भर में बड़े स्तर पर किया जाएगा।

फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी श्री जय भगवान गोयल ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी बसाओ आदि कार्यक्रम पहले से काफी अच्छे से चलाए जा रहे हैं लेकिन महिलाओं के प्रति निम्न स्तर की सोच रखने वाले नर पिशाच लगातार निरंकुश होते जा रहे हैं।

ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करने का हमारा विशुद्ध उद्देश्य दुराचारियों एवं बलात्कारियों के साथ-साथ घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का प्रशिक्षण प्रदान करना है। हम बहन बेटियों को सशक्त बनाकर वहशी दरिंदों, जिहादियों को सबक सिखा कर ही दम लेंगे और यह कार्य लड़कियों को दुर्गा और झांसी की रानी जैसा बनाकर करवाएंगे। श्री गोयल ने महिलाओं के प्रति जघन्य अपराध करने वाले बलात्कारी और जिहादियों को फास्ट्रेक कोर्ट बनाकर 100 दिन में फांसी दिए जाने की मांग की है।

# नमो इम्पेक्ट कॉफी टेबिल बुक का कवर लांच

## कॉफी टेबिल बुक के अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण आज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर आधारित नमो इम्पेक्ट कॉफी टेबिल बुक के अंग्रेजी संस्करण का कवर आज लांच किया गया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर विजय जॉली, जाने माने समाजसेवी और नमो इंपैक्ट के चेयरमैन विनीत लोहिया और जगदीश राय गोयल और कॉफी टेबिल बुक के लेखक अतुल सिंघल ने पत्रकारों के सामने कवर को लांच किया।

इस अवसर पर विजय जॉली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को दुनियाभर में प्रचारित करने का यह बहुत अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस पुस्तक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का कार्य करेंगे। जबकि विनीत लोहिया ने उम्मीद जताई कि नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी नीतियों पर आधारित यह कॉफी टेबिल बुक एक मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में नमो इम्पेक्ट टीवी के संस्थापक चेयरमैन जगदीश राय गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है।

इस अवसर पर लेखक अतुल सिंघल ने बताया कि पिछले साल नमो इंपैक्ट राष्ट्र प्रथम कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया गया था। जिसकी एक प्रति आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कॉफी टेबिल बुक की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की हैं। अतुल सिंघल ने बताया कि कॉफी टेबिल बुक के अंग्रेजी संस्करण का 13 सितंबर को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में लोकार्पण किया जाएगा।

# कर्नाटक के मांड्या में शोभायात्रा के दौरान दो समूहों के बीच हिंसा भड़की, 52 लोग गिरफ्तार

**नागमंगला,** (भाषा) कर्नाटक के माडंया जिले के नागमंगला कस्बे में गणेश मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई, जिसके बाद भीड़ के कई दुकानों और वाहनों को निशाने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई।



पुलिस ने बताया कि बुधवार रात की इस घटना के बाद 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ऐहतियात के तौर पर 14 सितंबर तक कस्बे में चार से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। पथराव में दो पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को जब बदरिकोप्पलु गांव से श्रद्धालु शोभायात्रा निकाल रहे थे तब दो समूहों के बीच बहस हो गई और कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया जिससे स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि दोनों समूहों के बीच झड़प के बाद कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। शोभायात्रा निकालने वाले युवाओं के समूह ने थाने के निकट विरोध प्रदर्शन किया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

# कांग्रेस ने हरियाणा में 89 उम्मीदवार घोषित किए, एक सीट माकपा को दी

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 89 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और गठबंधन के तहत एक सीट उसने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को दी है।



मुख्य विपक्षी दल द्वारा हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में 89 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी के साथ उसके गठबंधन की संभावना फिलहाल खत्म हो गई है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है।

कांग्रेस ने बुधवार देर रात 40 उम्मीदवार घोषित किए। फिर उसने बृहस्पतिवार तड़के पांच, सुबह दो और दोपहर के समय एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया। उसने 41 प्रत्याशियों की घोषणा पहले कर दी थी।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने भिवानी विधानसभा सीट माकपा को देने का फैसला किया है।

पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि सोहना विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के खाते में जा सकती है। हालांकि कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को यहां से रोहताश खटाना को उम्मीदवार घोषित कर दिया।

कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत की थी, जिसमें दोनों पक्षों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। हरियाणा के कुछ कांग्रेस नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन पर आपत्ति व्यक्त की थी।

केजरीवाल की पार्टी ने भी 89 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दोनों दलों के उम्मीदवार घोषित होने के बाद गठबंधन की संभावना फिलहाल खत्म है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पत्रकार सर्व मित्र कंबोज को सिरसा जिले की रानिया सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में ऊर्जा एवं जेल मंत्री की जिम्मेदारी निभाने वाले रणजीत चौटाला पिछली बार रानिया से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने से पहले उन्होंने हिसार से चुनाव लड़ने के लिए विधानसभा की सदस्यता छोड़ दी थी। लोकसभा चुनाव में वह हार गए।

अपनी पांचवीं सूची में, कांग्रेस ने उकलाना (सुरक्षित) से नरेश सेलवाल और नारनौद से जसबीर सिंह के नामों की घोषणा की।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला को कैथल से टिकट दिया गया है।

सुरजेवाला के पुत्र पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सुरजेवाला कैथल से चुनाव हार गए थे।

कांग्रेस ने पंचकूला से पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्र मोहन, हिसार से राम निवास रारा, बवानी खेड़ा से प्रदीप नरवाल, अंबाला शहर से निर्मल सिंह, ऐलनाबाद से भरत सिंह बेनीवाल और आदमपुर से चंद्र प्रकाश को उम्मीदवार बनाया है।

फरीदाबाद से लखन कुमार सिंघला, बल्लभगढ़ से पराग शर्मा, फतेहाबाद से बलवान सिंह दौलतपुरिया और हथीन से मोहमद इसराइल को चुनावी मैदान में उतारा है।

हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

# पूर्ववर्ती सरकारें संसाधन के बावजूद गरीबों को शिक्षा देने में असफल रहीं: आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास संसाधन थे, लेकिन वे राज्य में वंचितों को शिक्षा देने में विफल रहे। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालयों की मौजूदा संख्या 18 को चरणबद्ध तरीके से विस्तारित कर 2,000 तक करने की योजना की शुरुआत के मौके पर यह टिप्पणी की।



मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने कहा, '' अभी हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे और चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी।'' उन्होंने कहा कि यही नहीं पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका अभिप्राय है कि 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली कक्ष से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे और इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने छठी और नौवीं कक्षा में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छठीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने 'बंटवारे' की राजनीति करने वालों पर हमला करते हुए सवाल किया, ''ये जाति के नाम पर लड़ाने वाले, समाज में सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनश्यता पैदा कर देश के दुश्मनो को प्रोत्साहित करने वाले लोग गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे, क्या समझ पाएंगे।'' उन्होंने सवाल किया, '' जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे?''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने ऐजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा और ध्येय राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और सामाजिक वैमनस्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। इसलिए येन केन प्रकारेण ये लोग समाज को विभाजन की कगार पर पहुंचाना चाहते हैं। यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया।''

योगी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उनकी चूलों को हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगामी कार्ययोजना को लेकर कहा कि प्रदेश के हर गरीब बच्चे को, हर वंचित के बच्चे को बिना भेदभाव शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए अगले सत्र में हमने बेसिक शिक्षा परिषद को 57 जनपदों में विद्यालयों की स्थापना हेतु पैसा दे दिया है।57 जनपदों में ऐसे विद्यालय खुलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सीएम कंपोजिट विद्यालय' के रूप में हम उन्हें स्थापित करने जा रहे हैं और तीसरे चरण में इसे हम सभी तहसीलों में लेकर के जाएंगे। प्रदेश में 350 तहसील हैं, उनमें एक-एक विद्यालय बनेगा। चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालय बनेंगे। 825 विकास खंडों में इस तरह के विद्यालय बनेंगे तो किसी भी गरीब का बच्चा अच्छी और उत्तम शिक्षा से वंचित नहीं रहने पाएगा।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।